

प्रदर्शन की राजनीति का करें चयन : शाह - 12



24 व 48 घंटे में डिलीवरी की गारंटी के साथ नई सेवाएं पेश करेगा भारतीय डाक : सिंधिया - 12



गाजा में खून खराबा जारी रहा तो हमास का खात्मा करना पड़ेगा - 13



रोहित और कोहली की मौजूदगी में निखरेंगे कप्तान शुभमन गिल - 14


आज का मौसम | 33.0° अधिकतम तापमान | 22.0° न्यूनतम तापमान | सूर्योदय 06.09 | सूर्यास्त 05.38

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| कानपुर |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

कार्तिक कृष्ण पक्ष द्वादशी 12:19 उपरांत त्रयोदशी विक्रम संवत 2082

शनिवार, 18 अक्टूबर 2025, वर्ष 4, अंक 58, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 5 रुपये


## ब्रीफ न्यूज

### डीआईजी के घर से 7.5 करोड़ की नकदी और ढाई किलो सोना जब्त

**चंडीगढ़।** रिश्वतखोरी के आरोप में गिरफ्तार पंजाब के पुलिस उपमहानिरीक्षक (रोपड़ रेंज) हरचरण सिंह भुल्लर से सीबीआई द्वारा जब्त की गई नकदी 7.5 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है। इसके अलावा 2.5 किलोग्राम सोने के आभूषण भी बरामद किए गए हैं। केंद्रीय एजेंसी ने भुल्लर को गुरुवार को एक कबाड़ कारोबारी से कथित तौर पर आठ लाख रुपये की रिश्वत लेने और नियमित मासिक भुगतान की मांग करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। जांच में रोलेक्स और राडो जैसे ब्रांडों सहित 26 लक्जरी घड़ियां जब्त की हैं।

### परीक्षा से बचने के लिए बम की धमकी भरा ईमेल स्कूल को भेजा

**नई दिल्ली।** बाहरी दिल्ली के एक निजी स्कूल को भेजा गया बम की धमकी वाला ई-मेल फर्जी निकला जिसे परीक्षा से बचने के लिए एक छात्र ने भेजा था। पुलिस के अनुसार, पश्चिम विहार पूर्व पुलिस थाने को गुरुवार को पीसीआर कॉल प्राप्त हुई। कॉल में विशाल भारती पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य ने बताया कि उन्हें एक ई-मेल मिला है, जिसमें परिसर में बम होने का दावा किया गया है। तलाशी के दौरान कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। मामला दर्ज कर जांच के दौरान साइबर टीम ने फर्जी ई-मेल को भेजने वाले के स्त्रोत में एक नाबालिग छात्र का पता लगाया।

# कांग्रेस-सपा कर रहीं 'फूट डालो राज करो' की राजनीति : योगी

## सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती समारोह अभियान को लेकर कार्यशाला आयोजित

- हर जिले से पांच युवाओं की टोली गुजरात में स्टेच्यू ऑफ यूनिटी तक पदयात्रा में होगी शामिल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि कांग्रेस, सपा और इंडी गठबंधन अंग्रेजों की 'फूट डालो और राज करो' नीति को आज भी आगे बढ़ा रहे हैं। ये दल समाज में जाति, पंथ और मजहब के आधार पर फूट डालने का काम कर रहे हैं ताकि देश की एकता और अखंडता कमजोर हो।

योगी शुक्रवार को अटल कन्वेंशन सेंटर में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती समारोह अभियान को लेकर आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यशाला में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि विपक्ष समाज को जाति, पंथ और मजहब के आधार पर बांटने में जुटा है, जबकि भाजपा एकता और अखंडता का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का भारत सरदार पटेल की दूरदृष्टि और दृढ़ इच्छाशक्ति का परिणाम है। उन्होंने 563 रियासतों को भारत गणराज्य में विलय कर अखंड भारत का सपना साकार किया। जो भारत अंग्रेजों के शासन में टुकड़ों में बंटा हुआ था, आज वह एकजुट और शक्तिशाली है, यह पटेल के योगदान का परिणाम है।





लखनऊ में प्रदेशस्तरीय कार्यशाला में मुख्यमंत्री योगी को स्मृति चिन्ह देते हुए।

योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हर साल 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष भी पूरे प्रदेश में 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन होगा, जबकि 1 से 26 नवंबर तक प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 8-10 किलोमीटर लंबी 'एकता पदयात्रा' निकाली जाएगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि यात्रा में एनसीसी, एनएसएस, स्काउट गाइड, श्रमिक, अन्नदाता, पूर्व सैनिक और भाजपा के कार्यकर्ता शामिल होंगे। यात्रा के दौरान हर दो किलोमीटर पर संवाद और एकता संदेश का कार्यक्रम होगा। उन्होंने कहा कि 26 नवंबर को संविधान दिवस बाबा साहब भीमराव आंबेडकर को समर्पित रहेगा। इस दिन हर जिले से पांच युवाओं की टोली दिल्ली से गुजरात स्थित 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' तक पदयात्रा में भाग लेगी। कार्यक्रम में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह, संगठन महामंत्री धर्मपाल, संयोजक संजय राय, प्रदेश उपाध्यक्ष देवेश कोरी, प्रदेश मंत्री शंकर लोधी समेत बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### 'विकसित भारत' और 'स्वदेशी उत्पादों' पर जोर

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना हमारा सामूहिक संकल्प है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि त्योहारों पर स्वदेशी उत्पाद खरीदें, ताकि आत्मनिर्भर भारत अभियान को बल मिले। जब हम स्वदेशी खरीदते हैं, तो हम भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूत करते हैं।

# घरेलू रक्षा उत्पादन को 100 प्रतिशत तक ले जाना लक्ष्य

- रक्षामंत्री राजनाथ ने प्रोडक्शन यूनिट का किया उद्घाटन
- तीसरी पीढ़ी के स्वदेशी तेजस ने भरी पहली उड़ान
- एचएएल नासिक यूनिट में हर साल 8 तेजस बनाए जाएंगे



नासिक में रक्षा मंत्री राजनाथ का स्वागत करते एचएएल अधिकारी।

नासिक (महाराष्ट्र), एजेंसी

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि भारत घरेलू रक्षा उत्पादन को 100 प्रतिशत तक ले जाने की दिशा में काम कर रहा है क्योंकि विदेशी सैन्य आपूर्ति पर निर्भरता सामरिक कमजोरी पैदा करती है। सिंह ने तेजस हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए)-एमके1ए की तीसरी उत्पादन पंक्ति और प्रशिक्षण विमान एचटीटी-40 की दूसरी विनिर्माण सुविधा का उद्घाटन करने के बाद यह बात कही। इस दौरान तीसरी पीढ़ी के स्वदेशी तेजस ने पहली उड़ान भी भरी।

तेजस विमानों के लिए नई सुविधा के खुलने से हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) द्वारा कम से कम 24 एलसीए विमानों का उत्पादन किए जाने की उम्मीद है। सिंह ने अपने संबोधन में कहा, एक समय था जब देश अपनी रक्षा जरूरतों को पूरा करने के लिए दूसरे देशों पर निर्भर था और लगभग 65-70 प्रतिशत रक्षा उपकरण आयात किए जाते थे। उन्होंने कहा, लेकिन आज स्थिति बदल गई है। अब भारत 65% विनिर्माण अपनी धरती पर कर रहा है।

उन्होंने कहा, हम अपने घरेलू विनिर्माण को बहुत जल्द 100 प्रतिशत तक भी ले जाएंगे। सिंह ने कहा कि भारत का रक्षा निर्यात 25,000 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच गया है जो कुछ साल पहले 1,000 करोड़ रुपये से भी कम था। उन्होंने कहा, हमने 2029 तक घरेलू रक्षा विनिर्माण में तीन लाख करोड़ रुपये और रक्षा निर्यात में 50,000 करोड़ रुपये हासिल करने का लक्ष्य रखा है।

# राहुल के गले लग रोया दलित परिवार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- राहुल बोले, हम भाजपा सरकार से न्याय मांग रहे और कुछ नहीं
- पूरे देश में दलितों पर अत्याचार हो रहा, कांग्रेस लड़ाई लड़ती रहेगी

**अमृत विचार:** रायबरेली के ऊंचाहार में एक पखवारे पहले बेरहमी से पीट-पीटकर मारे गए फतेहपुर के हरिओम वाल्मीकि के घर शुक्रवार को कांग्रेस नेता एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पहुंचे तो पूरा परिवार लिपटकर रो पड़ा। राहुल ने उनकी हर संभव मदद करने और इंसाफ की लड़ाई लड़ने का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि पूरे देश में दलितों पर अत्याचार हो रहा है। हम न्याय मांग रहे हैं, कांग्रेस अत्याचार के खिलाफ लड़ती रहेगी।



राहुल गांधी से लिपटकर रोती हरिओम की बहन कुसुम।

शुक्रवार को दिल्ली से कानपुर एयरपोर्ट पर उतरने के बाद कांग्रेस नेता एवं रायबरेली सांसद राहुल गांधी सड़क मार्ग से काफिले के साथ फतेहपुर शहर के तुरावली का पुरवा स्थित हरिओम वाल्मीकि के घर पहुंचे और परिजनों से मुलाकात कर ढांढस बंधाया। कहा कि दलित परिवार से जो अत्याचार हुआ है, उस पर हम सरकार से सिर्फ न्याय मांग रहे हैं। सुबह 9:30 बजे जब राहुल पहुंचे तो हरिओम के पिता गंगादीन दर्द बताते-बताते फफक पड़े। राहुल ने उन्हें सीने से लगाकर ढांढस बंधाया। परिवार से मुलाकात करने के बाद राहुल गांधी ने कहा कि हम न्याय मांग रहे हैं। पीड़ित परिवार को घर से बाहर नहीं जाने दिया जा रहा है। परिवार की बेटी का आपरेशन होना है, मगर पुलिस ने नजरबंद कर रखा है। पूरे देश में दलितों पर अत्याचार हो रहा है। सरकार से मांग है कि दलितों की रक्षा की जाए और अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

## मेहुल को भारत प्रत्यर्पण करने की मिली मंजूरी

**नई दिल्ली।** एंटवर्प की एक कोर्ट ने भगोड़े हीरा व्यापारी मेहुल चोकसी के प्रत्यर्पण को शुक्रवार मंजूरी दे दी। कोर्ट ने यह फैसला भारत के अनुरोध पर बेल्जियम के अधिकारियों द्वारा की गई उसकी गिरफ्तारी को वैध ठहराते हुए सुनाया।

यह फैसला भारत के लिए एक बड़ी जीत माना जा रहा है, क्योंकि अदालत ने मेहुल चोकसी की गिरफ्तारी को सही ठहराया है। हालांकि, मामला अभी पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है, क्योंकि चोकसी के पास इस फैसले के खिलाफ बेल्जियम की ऊपरी अदालत में अपील करने का विकल्प मौजूद है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, आदेश हमारे पक्ष में आया है। अदालत ने भारत के अनुरोध पर बेल्जियम अधिकारियों द्वारा की गई उसकी गिरफ्तारी को वैध करार दिया है।

## 24 घंटे में सोना-चांदी धड़ाम, भाव में आई बड़ी गिरावट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** वैश्विक उथल-पुथल के बीच लगातार चमक रहे सोने और चांदी के भाव धनतेरस से पहले ही धड़ाम हो गए हैं। सुबह से देर शाम के बीच पल-पल बदलते भाव ने कारोबारियों की धुकधुकी बढ़ाए रखी। सुबह से रात के बीच सोना करीब चार हजार रुपये प्रति दस ग्राम नीचे आया है। वहीं, चांदी के भाव में करीब 17 हजार रुपये किलो का अंतर आया है। कारोबारियों के मुताबिक सुबह सोने का भाव जीएसटी मिलाकर 1,35,400 रुपये के करीब था। शाम होते-होते पीली धातु 1,31, 400 रुपये के आसपास पहुंच गई। यही हाल सफेद धातु का रहा। इसकी कीमत सुबह 1,92,000 रुपये लगभग थी। वहीं देर शाम इसका भाव घटकर तकरीबन 1,75,000 रुपये हो गया। स्टेट हेड इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुराग रस्तोगी ने कहा कि इन दोनों बहुमूल्य धातुओं के भाव में मात्र 24 घंटे के अंदर बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। यह बड़ी गिरावट है। सोने-चांदी के भाव का घटना खरीदारों के लिए शुभ संकेत।

# डिजिटल अरेस्ट से सुप्रीम कोर्ट चिंतित, केंद्र से मांगा जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने देश में ऑनलाइन धोखाधड़ी की बढ़ती घटनाओं, विशेषकर फर्जी न्यायिक आदेशों के माध्यम से नागरिकों को डिजिटल अरेस्ट करने के मामलों पर चिंता जताई है। अदालत ने संज्ञान लेते हुए इस संदर्भ में केंद्र व सीबीआई से जवाब मांगा है और कहा है कि इस तरह के अपराध न्याय प्रणाली में जनता के विश्वास की नींव पर कुठाराघात हैं।

शीर्ष अदालत ने हरियाणा के अंबाला में अदालत और जांच एजेंसियों के फर्जी आदेशों के आधार पर एक बुजुर्ग दंपति को डिजिटल अरेस्ट कर उनसे 1.05 करोड़ की उगाही की घटना को गंभीरता से लिया है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि यह साधारण अपराध नहीं है जिसमें पुलिस से कहा जाए कि तेजी से जांच करे व मामले को तार्किक परिणति तक पहुंचाए। कोर्ट ने 73 वर्षीय महिला द्वारा 21 सितंबर को सीजेआई गवई को लिखे पत्र पर स्वतः संज्ञान लेते हुए दर्ज किए गए मामले में केंद्र और सीबीआई से जवाब मांगा। पत्र में सूचित किया गया था कि दंपति को कोर्ट के आदेशों का भय दिखाकर ठगा गया।

# कोषागार घोटाले में 4 कर्मियों सहित 97 पर एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

- आरोपियों में दो कर्मचारी, दो अधिकारी और अन्य हैं पेंशनर

**अमृत विचार :** कोषागार से अनियमित रूप से खातों में धन भेजने के मामले में वरिष्ठ कोषाधिकारी ने शुक्रवार को कुल 97 लोगों पर कोतवाली कर्वी में एफआईआर दर्ज कराई है। इनमें दो कर्मचारी, दो अधिकारी और अन्य पेंशनर हैं।

अधिकारियों में एक सेवानिवृत्त हो चुका है। वहीं सूत्रों से जानकारी मिली है कि दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया। कर्वी कोषागार में अवैध रूप से धन 93 पेंशनरों के खाते में भेजकर बंदरबांट करने का मामला सामने आया है। इस मामले में वरिष्ठ कोषाधिकारी रमेश सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। इसमें उन्होंने बताया कि कार्यालय महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम उप्र प्रयागराज के विशेष निरीक्षण दल ने छह अक्टूबर तक कोषागार के पेंशनर और पारिवारिक पेंशनरों को दी गई धनराशि का निरीक्षण किया। इसमें पाया कि कुछ पेंशनरों को अनियमित भुगतान किया गया। इस संबंध में ऑडिट दल ने कुछ कागजात भी उपलब्ध कराए। इनमें भी पेंशन भुगतान में गंभीर वित्तीय अनियमितता पाई गईं। इस मामले की जांच के लिये समिति का गठन किया गया। समिति ने जांच में पाया कि 93 पेंशनरों को 42,04,22,093 रुपये के शासकीय धन का अनधिकृत आहरण कोषागार के माध्यम से किया गया है। कोतवाली प्रभारी उपेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें बनाई गई हैं, जो संभावित ठिकानों में दबिश दे रही हैं। पूछताछ के लिए लगभग बारह लोगों को कोतवाली लाया गया है।

वरिष्ठ कोषाधिकारी ने बताया है कि पूरा भुगतान 30 अगस्त 2018 से सितंबर 2025 की अवधि में हुआ। इस दौरान अशोक कुमार कोषागार लेखागार, संदीप कुमार सहायक लेखागार, अवधेश प्रताप सहायक कोषाधिकारी (सेवानिवृत्त) और विकास सहायक कोषाधिकारी के पद पर रहे थे। जांच समिति ने संदीप और अशोक को अनियमित भुगतान का पूर्णतया दोषी पाया। अवधेश और विकास की संलिप्तता से भी इंकार नहीं किया जा सकता।




अमृत विचार कानपुर संस्करण के स्थापना दिवस एवं धनतेरस व दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं



Ministry of Housing and Urban Affairs Government of India
स्वच्छ भारत एक कदम स्वच्छता की ओर
G20 भारत 2023 INDIA

# कानपुर नगर निगम

# SWACHH SURVEKSHAN

#Mera Shahar, Meri Pehchan 2025-2026



श्रीमती प्रमिला पाण्डेय
महापौर, कानपुर नगर निगम

## आइए! मिलकर स्वच्छता के प्रति कदम बढ़ाएं, अपने कानपुर नगर को स्वच्छ बनाएं।

## स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के दृष्टिगत



अर्पित उपाध्याय
आईआईएस, नगर आयुक्त
कानपुर नगर निगम

# नगर निगम कानपुर

## आपसे अपील करता है कि

- अपने घर के अपशिष्ट को पृथक–पृथक करके नगर निगम द्वारा संचालित डोर टू डोर कूड़ा गाड़ी में ही डालें।
- सड़क पर कूड़ा न फेकें।
- आस पास साफ सफाई रखें, कूड़ा कूड़ेदान में ही डालें।
- प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग न करें।
- Reduse, Reuse, Recycle की अवधारणा को अपने जीवन में आदत के रूप में ढालें ।
- कानपुर नगर को साफ व स्वच्छ बनाने में कानपुर नगर निगम का सहयोग करें।

मिशन शक्ति
नारी सुरक्षा
नारी सम्मान
नारी स्वावलंबन

महिला सहायता एवं सुरक्षा चक्र
1090 वूमेन पॉवर लाइन
181 महिला हेल्पलाइन
1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन
112 पुलिस आपातकालीन सेवा
1098 चाइल्ड लाइन
102 स्वास्थ्य सेवा
108 एम्बुलेंस सेवा



/KANPUR MUNICIPAL CORPORATION




# चलती बाइक से पटाखे फोड़ रहे दो की मौत, एक घायल


## तीनों सीपी स्कूल में कक्षा 11 के छात्र, घर के इकलौते बेटे

संवाददाता कायमगंज

**अमृत विचार।** नगर के सीपी तिराहे के पास शुक्रवार को चलती बाइक से दैमार (दीवार में मारकर फोड़े जाने वाले पटाखे) फोड़ रहे दो छात्रों की मौत हो गयी, जबकि उनका साथी घायल हो गया। तीनों छात्र एक ही बाइक पर सवार होकर सड़क पर दैमार पटाखे चला रहे थे। अचानक बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई और गिरते ही जोरदार धमाका हो गया।

घायलों को तुरंत सीएचसी कायमगंज लाया गया। शुरुआती पहचान में मुश्किल होने के बाद स्थानीय लोगों ने मृतकों की पहचान की। मृतक ध्रुव तिवारी (19) पुत्र नारायण दत्त तिवारी और प्रयाग तिवारी (20) पुत्र आनंद तिवारी मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव फतेहपुर परौली के निवासी थे। घायल दीपांशु यादव (20) पुत्र राजेश यादव निवासी दलेलगंज थाना शमसाबाद को गंभीर हालत में लोहिया अस्पताल रेफर किया गया। हादसे की सूचना पाकर एसडीएम अतुल कुमार सिंह, सीओ राजेश कुमार द्विवेदी और इंस्पेक्टर मोहम्मद कामिल तुरंत मौके पर पहुंचे और स्थिति को संभाला। हादसे की वजह से परिजनों में कोहराम मच गया। ध्रुव और प्रयाग अपने माता-पिता के एकलौते बेटे थे, जिससे उनके परिवार पर गहरा सदमा हुआ है।


प्रयाग तिवारी


ध्रुव तिवारी


घायल दीपांशु।

जानकारी के अनुसार, तीनों छात्र सीपी स्कूल में कक्षा 11 में पढ़ते थे और दीपावली की खुशियों में पटाखों का आनंद लेने निकले थे। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है।

# ट्रक में उलझ कर आधा किलोमीटर घिसटी कार

**फर्रुखाबाद।** इटावा बरेली हाईवे पर एक कार ट्रक में उलझकर आधा किलोमीटर तक घिसटती चली गयी। घटना में तीन लोग बाल-बाल बच गये।

जनपद औरैया के अहिरवा कटरा निवासी संजीब कुमार ने बताया कि वह अपने पिता राम शंकर राठौर व चाचा राम निवास के साथ आल्टो कार से पांचाल घाट एक अंतिम संस्कार में शामिल होने आये थे। वह कार से वापस आ रहे थे, उसी दौरान थाना कादरी गेट के इटावा बरेली हाई-वे पर ग्राम भाऊपुर भट्टा के सामने पीछे से आते तेज रफ्तार ट्रक ने कार को टक्कर मार दी, उसके बाद कार को आगे फंसाकर तकरीबन आधा किलोमीटर खींच ले गया। कार सवार तीनों लोग सुरक्षित बच गये। जिसके बाद मौके पर जाम लग गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पंहुची और ट्रक को हटाकर जाम खुलवाया। जाम खुलवाने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

# यूपी ट्रेड शो स्वदेशी मेला 2025 में कवि सम्मेलन, स्वदेशी की रही गूंज

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** क्रिश्चियन इंटर कॉलेज ग्राउंड पर आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित स्वदेशी मेले में कवि सम्मेलन का आयोजन वरिष्ठ कवि नलिन श्रीवास्तव की अध्यक्षता में हुआ। संचालन युवा कवि वैभव सोमवंशी सुभग ने किया।

कार्यक्रम में वरिष्ठ कवि संतोष पांडेय, महेश पाल सिंह उपकारी, उपकार मणि उपकार, वाशु पांडेय ने काव्य पाठ कर स्वदेशी की अलख जगाई। इस अवसर पर डा.रजनी सरीन , सत्यपाल सिंह, वीरेंद्र सिंह राठौर, भूदेव राजपूत, भास्कर दत्त द्विवेदी,भाजपा जिलाध्यक्ष फतेहचंद्र वर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा दिनेश कटियार, रूपेश गुप्ता, जिला महामंत्री डी एस राठौर आत्मनिर्भर भारत अभियान जिला संयोजक, अभिषेक त्रिवेदी अभियान जिला सह संयोजक, कृष्ण मुरारी राजपूत, जिला मंत्री अभिषेक बाथम, जिला संयोजक आर्थिक प्रकोष्ठ जितेन्द्र सिंह, वरिष्ठ नेत्री रश्मि दुबे, मीडिया प्रभारी शिवांग रस्तोगी एवं समस्त पार्टी पदाधिकारियों के साथ विभिन्न स्थानीय उत्पादों की खरीदारी की।



कवि वाशु पाण्डेय को सम्मानित करतीं समाजसेवी डॉ. रजनी सरीन। अमृत विचार

वरिष्ठ समाजसेवी डॉ.रजनी सरीन ने सभी रचनाकारों को बधाई देते हुए कहा कि यह मेला सिर्फ वस्तुओं की खरीद और विक्री के लिए नहीं बल्कि यह मेला हमारे संस्कारों को, हमारी सभ्यता को भी दर्शाता है।

प्रतिदिन नए कार्यक्रम होना हम लोगो को आपस में जोड़ने के लिए प्रेरित करता है। इस कलयुग में सबसे बड़ी शक्ति है हमारी एकता। उन्होंने केंद्र सरकार,राज्य सरकार,मेला आयोजकों एवं जिला प्रशासन को भी धन्यवाद दिया।

## न्यूज ब्रीफ

### घायल अवस्था में मिला अज्ञात युवक

**फर्रुखाबाद।** एक अज्ञात युवक नाले में घायल अवस्था में मिला। स्थानीय लोगों ने उसे बाहर निकालकर 108 एंबुलेंस की मदद से लोहिया जिला अस्पताल में भर्ती कराया। घटना फर्रुखाबाद के बढ़पुर विकास खंड क्षेत्र में थाना कादरीगेट के ठंडी सड़क मोहल्ला डिग्गीताल के पास हुई। स्थानीय निवासी सचेन्द्र कुमार ने गुरुवार रात लगभग 9 बजे युवक को नाले से बाहर निकाला। सचेन्द्र कुमार ने बताया कि युवक करीब तीन से चार घंटे से नाले में पड़ा हुआ था।

### 12 डॉक्टरों को नियुक्ति पत्र मिले

**फर्रुखाबाद।** फतेहगढ़ कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को आयुष विभाग के 12 डॉक्टरों को नियुक्ति पत्र दिए गए। सांसद मुकेश राजपूत और जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने ये नियुक्ति पत्र सौंपे। ये सभी डॉक्टर जिले के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों, जिनमें जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) शामिल हैं, में तैनात किए जाएंगे। सांसद मुकेश राजपूत ने बताया कि आज के 12 डॉक्टरों के अलावा, इससे पहले 23 डॉक्टरों को भी नियुक्ति पत्र दिए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि इससे जिले के सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी दूर होगी और शेष रिक्त पदों पर भी जल्द ही डॉक्टरों की तैनाती की जाएगी।

### खाई में गिरी गेहूं काटने वाली मशीन

**फर्रुखाबाद।** राजेपुर थाना क्षेत्र में एक गेहूं काटने वाली मशीन स्टेरिंग ब्लॉक होने के कारण खाई में पलट गई। यह घटना ग्राम अलीगढ़ चौराहे के पास हिंदुस्तान धर्म कांटा से पहले नासा की पुलिया के पास हुई। हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। मशीन बरेली से आ रही थी। चालक तस्लीम (करीब 45 वर्ष) ने बताया कि स्टेयरिंग अचानक जाम होने से मशीन अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। चालक तस्लीम के साथ मशीन में सवार उनके साथी सोहिल, भानु प्रताप सिंह और उबैस भी सुरक्षित बच गए।

### प्रतिबंधित पटाखे न छुटाने की अपील

**फर्रुखाबाद।** पुलिस लाइन सभागार में अपर पुलिस अधीक्षक की व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के साथ बैठक हुई जिसमें दीपावाली पर सावधानी पूर्वक पटाखे फोड़ने पर जोर दिया गया इसके साथ ही संडे बाजार के लिए स्थान का चयन और व्यापारियों की सुरक्षा तथा कानून व्यवस्था को बनाए रखने में आम नागरिकों की भूमिका के बारे में चर्चा की गई। अपर पुलिस अधीक्षक डा. संजय सिंह ने मौजूद व्यापारी नेताओं से कहा कि कानून व्यवस्था को बनाने में व्यापारी समाज का बड़ा योगदान होता है। वे सुझाव दें कि किस तरह से शहर को सुरक्षित रखा जा सकता है इसके साथ ही शहर में नागरिकों को होने वाली समस्याओं से उन्हें निजात दिलाई जा सकती है। उन्होंने प्रतिबंधित पटाखे को न छुड़ाने की भी अपील की। बैठक में व्यापार मंडल के सभी गुटों, उद्योग मंच, व्यापार फेडरेशन व्यापारी संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

### रोटरी क्लब का अधिष्ठापन सम्पन्न

**फर्रुखाबाद।** शुक्रवार को रोटरी क्लब फर्रुखाबाद का अधिष्ठापन समारोह मधुर मिलन गेस्ट हाउस में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में संस्था के गवर्नर रोटेरियन राजन विद्यार्थी बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। अध्यक्ष डॉ वीके गुप्ता और सचिव श्री दीपक खन्ना ने कहा की रोटरी क्लब फर्रुखाबाद अपने शहर के लिए सामाजिक कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बाहर से आए पदाधिकारी एवं सदस्यों का आभार व्यक्त किया एवं धन्यवाद दिया। उन्होंने संस्था के बारे में बताया कि यह एक रोटरी इंटरनेशनल की शाखा है, रोटरी इंटरनेशनल 100 वर्ष से अधिक चल रही अंतरराष्ट्रीय संस्था है।। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. वीके गुप्ता और दीपक खन्ना ने रोटरी क्लब फर्रुखाबाद की शुरुआत की। यह संस्था सामाजिक कार्यों को करने के लिए जानी जाती है।

# खाद्य विभाग ने दो क्विंटल खाद्य पदार्थ नष्ट कराए

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** दीपावली पर्व के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री रोकने के लिए अभियान चलाया। इस दौरान छापेमारी कर जांच के लिए सात नमूने लिए गए और लगभग दो क्विंटल खाद्य पदार्थों को नष्ट कराया गया।

यह कार्रवाई आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ और जिलाधिकारी फर्रुखाबाद के आदेशों के अनुपालन में की गई। इसका उद्देश्य दीपावली पर मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थों की बिक्री पर प्रभावी रोक लगाना और गुणवत्ता सुनिश्चित करना था। यह अभियान सहायक आयुक्त (खाद्य)-द्वितीय के नेतृत्व में तथा मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी के पर्यवेक्षण में चलाया गया।


नमूने भरते खाद्य सुरक्षा अधिकारी। अमृत विचार

इसमें खाद्य सुरक्षा अधिकारी शिवदास सिंह, संजय कुमार सिंह, विनोद कुमार, अरुण कुमार मिश्र और बृज मोहन गुप्ता भी शामिल थे। अभियान के तहत विभिन्न स्थानों से खाद्य पदार्थों के नमूने संकलित किए गए। मसेनी चौराहा, फर्रुखाबाद से हिमांशु गुप्ता के प्रतिष्ठान से खोया और काजू बाइट का एक-एक नमूना लिया गया। कचहरी रोड, मिलिट्री चौराहा, फतेहगढ़ स्थित स्मार्ट पॉइंट से सचिन कुमार के प्रतिष्ठान से अमूल लस्सी और चीज स्प्रेड का एक-एक नमूना लिया गया। जसमई तिराहा, फर्रुखाबाद से यूनुस के प्रतिष्ठान से बताशा और चीनी खिलौना का एक-एक नमूना तथा फैजबाग, फर्रुखाबाद से सचिन कुमार के प्रतिष्ठान से छेना का एक नमूना संकलित किया गया। कुल सात नमूने लिए गए। इस मौके पर कई लोग मौजूद रहे।

# गायत्री इंटरनेशनल में सजाई गई आर्ट गैलरी

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** गायत्री इंटरनेशनल स्कूल में प्रथम एस्ट्रोनॉमी प्रयोगशाला का जिलाधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने उद्घाटन किया।

इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष वत्सला अग्रवाल, निदेशक देवांश अग्रवाल, उपनिदेशिका प्राची अग्रवाल, प्रधानाचार्य एमएच सिद्दीकी, एकेडमिक प्रमुख श्रीमती आभा पटेल एवं अनिल भदौरिया तथा समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि का स्वागत चेयरमैन वत्सला अग्रवाल ने पुष्प गुच्छ भेंट करके किया। विद्यालय में कला एवं विज्ञान प्रदर्शनी शिवजन आर्ट गैलरी सजाई गई जिसमें विद्यार्थियों ने उत्तर प्रदेश, केरल, पश्चिम बंगाल तथा राजस्थान की झांकियां बनाईं जिन्होंने लोगों का मन मोह लिया।

हिंदी विभाग द्वारा हिंदू धर्म के प्रचलित संस्कारों का प्रदर्शन किया गया। वहीं अंग्रेजी विभाग ने 'स्नो व्हाइट और सात बौनों' की कहानी, 'हैरी पॉटर और उसकी मित्र का वार्तालाप' तथा 'हेलेन केलर की आत्मकथा' का प्रदर्शन बच्चों के माध्यम से किया। विद्यालय के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल द्वारा मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न भेंट कर आभार व्यक्त किया। इस मौके पर कई लोग मौजूद रहे।

# कायमगंज कोतवाल को किया निलंबित

**फर्रुखाबाद।** पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने कायमगंज कोतवाली प्रभारी अनुराग मिश्रा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई बंदी प्रत्यक्षीकरण (हैबियस कार्पस) मामले को लेकर की गई है। पुलिस अधीक्षक ने प्रयागराज हाईकोर्ट से लौटने के तुरंत बाद यह कदम उठाया।

जानकारी के अनुसार, हाईकोर्ट में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका की सुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी और कायमगंज कोतवाल सहित कुछ सिपाहियों पर आरोप लगे थे। पीड़ित प्रीति यादव और दो अन्य लोगों ने हाईकोर्ट में यह याचिका दायर की थी। इसी याचिका के संबंध में पुलिस अधीक्षक आरती सिंह, क्षेत्राधिकारी कायमगंज राजेश कुमार द्विवेदी और कायमगंज कोतवाल को हाईकोर्ट में तलब किया गया था। कोतवाली प्रभारी के निलंबन के बाद जनपद के अन्य पुलिसकर्मियों में हड़कंप मचा हुआ है।












# आज से लगेंगी आतिशबाजी की दुकानें

## रात 8 से 10 बजे तक ही चला सकेंगे पटाखे

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** दीपावली पर्व को लेकर शनिवार 18 अक्टूबर से सोमवार 20 अक्टूबर तक आतिशबाजी बिक्री को लेकर चिन्हित स्थानों पर दुकानें लगेंगी। इसको लेकर निर्देश जारी करते हुए जिलाधिकारी आशुतोष अग्निहोत्री ने बताया कि इस बार से केवल हरित पटाखों का उपयोग करने के निर्देश हैं। इसके साथ ही रात 8 से 10 बजे तक ही आतिशबाजी की अनुमति है। इसके बाद पटाखे नहीं चलाए जा सकेंगे।

उन्होंने निर्देश कि पटाखों की बिक्री, खुले और सुरक्षित स्थानों पर ही हो तथा उस स्थान की प्रशासन एवं पुलिस द्वारा जाँच अवश्य कर ली जाये। पटाखों के निर्माण एवं भण्डारण के स्रोत की भी जाँच कर ली जाये। आतिशबाजी अज्वलनशील सामग्री के बने शेड में रखी जाए।

जिला मजिस्ट्रेट ने आतिशबाजी के विक्रय के शेड एक दूसरे से कम से कम तीन मीटर रहे। बताया है कि विद्युत बत्तियां यदि उपयोग की आ है, तो दीवाल पर या छत पर फिक्स किए जाएंगे। प्रत्येक दुकान के स्विचों को दीवालों पर दृढ़ रूप से फिक्स किया जाएगा और एक मुख्य स्विच की शेडों की प्रत्येक पंक्ति में व्यवस्था की जाएगी। कहा कि पटाखों/आतिशबाजी की दुकानों / गोदाम आबादी क्षेत्र से दूर खुले स्थान पर हों तथा फायर टेण्डर की समुचित व्यवस्था हो। दुकान एक-दूसरे से अग्निशमन विभाग द्वारा निर्धारित दूरी पर रखी जायें। लड़ीदार पटाखों का उत्पादन, बिक्री तथा इस्तेमाल पूर्णतया प्रतिबन्धित रहेगा। केवल वही आतिशबाजी अनुमन्य होगी, जिनका ध्वनि का स्तर सीमित है।

### आतिशबाजी की दुकानों के लिए स्थल चिन्हित

- अपर जिला मजिस्ट्रेट/प्रभारी अधिकारी (आयुध) आशीष कुमार सिंह ने बताया कि अस्थाई आतिशबाजी की बिक्री हेतु संबंधित कार्यालय से अनुज्ञप्ति प्राप्त करने के उपरांत अनुज्ञप्तिधारकों द्वारा आतिशबाजी की दुकान चिन्हित स्थान पर लगाई जाएंगी। बताया कि तहसील कन्नौज क्षेत्र के अंतर्गत के. के इण्टर कॉलेज, बोर्डिंग ग्राउंड एवं दुर्गा कोल्ड स्टोर के पीछे, गोवर्धन तिराहा तथा गंगाजी रोड फतेहपुर जसोदा और बी. डी. तिवारी इंटर कॉलेज का मैदान जलालाबाद कन्नौज में स्थान चिन्हित किया गया है। तहसील छिबरामऊ क्षेत्र के अंतर्गत छिबरामऊ देहात स्थित सौरिख विधूना रोड पर ककराई तालाब के किनारे एवं भारतीय शिक्षा सदन इंटर कालेज, सिकंदरपुर, खेल मैदान तथा राम लीला मैदान छिबरामऊ और चौकी प्रेमपुर से विशुनगढ़ थाने की ओर जाने वाले मार्ग पर खाली पड़े खेत व मुरादगंज क्रासिंग से मझपुरवा को जाने वाले मार्ग पर करीब 500 मीटर दूरी पर मुझपूर्वा, मेला बाजार सराय प्रयाग, राम लीला मैदान सौरिख, ग्राम भवालपुर मुखड़ा रोड के पास, हसेरन रोड के पास चौकी खड़नी, राम लीला मैदान सकरावा, राम लीला मैदान तालग्राम, अशोक गंगवार मेमोरियल इ.का. के सामने खाली पड़ी जमीन पर, राम लीला मैदान विशुनगढ़ स्थान चिन्हित है। तिर्वा क्षेत्र के अंतर्गत डीएन इंटर कालेज तिर्वा खेल मैदान एवं बृजेश अग्निहोत्री के ठठिया स्थित खेत में तथा रामलीला ग्राउंड हसेरन और नहर कोठी इंद्रगढ़ व नहर बंबा बेलामऊ सरैया, खुला मैदान मढपुरा, रामलीला मैदान, नादेमऊ तिर्वा क्षेत्र को चिन्हित किया गया है।

# जलने या कोई दुर्घटना होने पर डायल करें 108

कार्यालय संवाददाता कन्नौज



**अमृत विचार।** दिवाली पर 108 एवं 102 एम्बुलेंस सेवाएं एक कॉल पर उपलब्ध। रहेंगी। एम्बुलेंस सेवा प्रदाता संस्था ने सभी एम्बुलेंसों को 24 घंटे अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं।

जिले में एम्बुलेंस सेवा प्रदाता संस्था ईएमआईआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज के प्रोग्राम मैनेजर विकास पटेल ने बताया कि दिवाली पर 108 सेवा एंबुलेंस मरीजों की सेवा के लिए तैयार रहेंगी। मरीजों को जल्दज से जल्दे एंबुलेंस उपलब्ध कराने के लिए अलर्ट जारी किया गया है। सभी एंबुलेंसों में आवश्युक दवाएं उपलब्ध करा दी गई हैं। 108 एंबुलेंस मुख्य रूप से चिन्हित किए गए विशेष स्था नों, दुर्घटना बाहुल्यल क्षेत्रों व थानों के नजदीक मौजूद रहेगी। सड़क या अन्यथ कोई दुर्घटना होने, जलने, हार्ट, सांस, लिवर, किडनी, पेट दर्द, स्किन से सम्बुंधित या अन्या कोई भी समस्याी होने पर 108 नंबर पर काल करें।

### जलने पर क्या करें

- **कन्नौज।** दिवाली पर पटाखों से या दीयों से जलने का खतरा रहता है। इसलिए ढीले कपड़े पहनने से बचें। ईएमआरआई ग्रीन हेल्थर सर्विसेज के ईएमएलसी हेड डॉ. दाउद हुसामी ने बताया कि पटाखे छुड़ाने के दौरान पानी नजदीक में रखें। पटाखों से या अन्य कारण से जलने की स्थिति में जले हुए अंग पर सादा या नल का पानी लगातार 15 मिनट तक डालें। घाव को साफ रखें। जले हुए अंग पर टूथपेस्ट , हल्दी, नमक, या अन्य किसी भी वस्तु का लेप न करें। तुरंत 108 एम्बुलेंस को कॉल करें और अस्पताल पहुंचकर डॉक्टर से उपचार लें।



रंगोली बनाकर स्कूल में दीपोत्सव पर्व मनाते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

### रंगोली बनाकर सजाए दीप, धूमधाम से मनाया दीपोत्सव

**गुरसहायगंज।** दीपोत्सव पर्व को लेकर शुक्रवार को नगर के तिर्वा रोड स्थित केसी एजूकेशन सेंटर में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा 08 की मानवी चौरसिया, कक्षा 07 की भूमिका चौहान व कथा 06 की एकांशी गुप्ता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और दीपोत्सव पर्व को हर्षोल्लास से मनाया। प्रबंधक संजीव चौहान व प्रधानाचार्य शैव्या पटेल ने विजेता छात्राओं को पुरस्कार देकर उत्साहवर्धन किया। इस दौरान शिक्षिका हिमांशी पाल, प्रिया सिंह, प्रिया पटेल, गौरी सिंह, शैव्या पटेल चेतना सिंह, विजय गुप्ता, चेतन सिंह, शिवेंद्र यादव, निर्मला श्रीवास्तव, ज्योत्सना सिंह मौजूद रही।

## न्यूज ब्रीफ

### अयोध्या में जगमगाएंगे छिबरामऊ के बने दीये

**छिबरामऊ।** रामनगरी अयोध्या में आयोजित होने वाले दीपोत्सव में यहां के भी बने 5 लाख दीपक जगमगाएंगे। इनकी आपूर्ति इस माह के प्रारंभ में ही शुरू हो गई थी। नगर के होनहार युवा प्रत्यूष प्रजापति का मिट्टी के बर्तन बनाने का कारखाना पीके माटी कला केंद्र नगर के पास ही ग्राम निगोह रोड पर श्री कोमिल सिंह शांति देवी महाविद्यालय के नजदीक है। वह बताते हैं पिछले साल भी रामनगरी अयोध्या के दीपोत्सव में 5 लाख मिट्टी के दीपकों की आपूर्ति की थी। इस बार भी उन्हें अवसर मिला है। कारखाने में मिट्टी से कई तरह के प्रोडक्ट्स बन रहे हैं। सबसे अधिक मांग गिलासों व दीपकों की रहती है। इसके अलावा कटोरी, प्लेट और कई तरह के बर्तन भी बनाए जाते हैं।

### बांसुरी की जादुई धुनों ने किया मंत्रमुग्ध

**छिबरामऊ।** संत निरंकारी भवन के समीप स्थित किड्जी श्री आरएस लाल देवकी ग्लोबल स्कूल में पारंपरिक भारतीय शास्त्रीय संगीत का एक रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पद्मश्री से सम्मानित विश्वविख्यात बांसुरी वादक पंडित रोनू मजूमदार और उनके सहयोगी तबला वादक अजीत पाठक उर्फ चाचा चौधरी की जुगलबंदी ने माहौल को और भी जीवंत बना दिया। पंडितजी की बांसुरी से निकली धुनें प्राचीन काल की याद दिला रही थीं, तो चाचा चौधरी की तबला संगत ने इसे एक अनोखा आयाम प्रदान किया। मुख्य आकर्षण के रूप में पंडित रोनू मजूमदार ने बच्चों को बांसुरी वादन की बारीकियां सिखाईं।

### 222 मोबाइल मालिकों को सौंपे

**कन्नौज।** सर्विलांस टीम ने जनपद से खोए हुए 222 मोबाइल फोन, जिनकी कीमत करीव 45 लाख रुपये को CEIR पोर्टल के माध्यम से बरामद किया। बरामद मोबाइलों को पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार व एसपी अजय कुमार ने सम्बन्धित मोबाइल धारकों को सौंपा। पुलिस लाइन सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान एसपी ने बताया कि वर्ष-2025 में अब तक 372 फोन रिकवर किये गये है। मोबाइल धारकों को सचेत करते हुये मोबाइल मिसिंग की ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया सीईआईआर पोर्टल के विषय में बताया।

### सीडीपीओ उमर्दा का बुखार से निधन

**कन्नौज।** सीडीपीओ उमर्दा कपिल शर्मा का बुखार से निधन हो गया है। उन्होंने जून में ही तैनाती पाई थी। बेटे की इंटर की पढ़ाई के चलते 40 वर्षीय सीडीपीओ का परिवार जालौन (उरई) में रहता था, वह मूल रूप से अलीगढ़ निवासी थे। बताया जा रहा है कि अक्टूबर के पहले सप्ताह से कपिल शर्मा को बुखार आया। उसके बाद लीवर में दिक्कत हो गई। उनका इलाज जालौन में चल रहा था। पत्नी व बेटा वहीं रहते हैं। हालत गंभीर होने से वह अलीगढ़ चले गए। वहां से डॉक्टरों ने दिल्ली रेफर कर दिया। बताया गया है कि इसके बाद उन्होंने दम तोड़ दिया। विभाग में भी शोक व्याप्त हो गया। डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने दो मिनट का मौन रखकर शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं। जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेश वर्मा ने बताया कि सीडीपीओ इसी वर्ष जिले में आए थे। उनकी तैनाती तिर्वा स्थित उमर्दा परियोजना में थी। कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। परिजनों ने मौत की जानकारी उमर्दा कार्यालय में दी है।

### नित्या भदौरिया बनीं एक दिन की सीडीओ

**कन्नौज।** शहर के सुशीला देवी बालिका इंटर कॉलेज की छात्रा नित्या सिंह भदौरिया को मिशन शक्ति 5.0 के तहत विकास भवन में 01 दिन की सीडीओ बनाया गया। उन्होंने जनसुनवाई की। जिला विकास कार्यालय में स्थापना से सम्बन्धित, उपायुक्त स्वत: रोजगार कार्यालय में संचालित योजनाओं की जानकारी, प्रगति एवं अपर मुख्य अधिकारी (जिला पंचायत) से सम्बन्धित कार्यों की प्रगति जानी। डीपीआरओ राजेंद्र प्रकाश से विभागीय योजनाओं की जानकारी ली जिसमें डिजिटल लाइब्रेरी योजना में 05 किताबों के चयन किया। इन पुस्तकों में हमारा शरीर, हीरो पेड़ पर नहीं उगते, कम लागत बिना लागत शिक्षण सहायता सामग्री, सृजनात्मक गणित एवं विज्ञान और आप पुस्तकों चयन सूची में सम्मिलित करने के निर्देश दिए। सीडीओ राम कृपाल चौधरी, डीसी माध्यमिक शिक्षा अजय यादव व डीपीएम शलभ त्रिपाठी मौजूद रहे।

# मामूली विवाद में चलाई गोली छर्रे लगने से युवक हुआ घायल

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- पाल चौराहे पर घटना के बाद मची भगदड़
- आरोपी को पुलिस ने तमंचा समेत पकड़ा, पुलिस कर रही जांच

**अमृत विचार।** शहर के पाल चौराहे पर एक युवक पर कार सवार युवक ने फायरिंग कर दी। छर्रे लगने से युवक घायल हो गया। मौजूद लोगों ने हमलावर को पकड़ लिया जबकि उसके साथी कार लेकर फरार हो गये। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को तमंचे सहित हिरासत में ले लिया।

सदर कोतवाली क्षेत्र के भूड़पुरवा गांव निवासी पुष्पेंद्र पाल गुरुवार की शाम को पाल चौराहा पर एक दुकान में चाय पीने के लिये रुका था। साथी जितेंद्र चाय पी रहा था। उसी समय इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के माहादिउरा गांव निवासी अखिल पाल साथियों के साथ कार लेकर पहुंचा। बताया जाता है किसी बात को लेकर गालीगलौज करने लगा। विरोध करने पर उसने तमंचा निकाला और पुष्पेंद्र पर फायर कर दिया। गोली पास में रखे लकड़ी के खोखे से टकराई और छर्रे पुष्पेंद्र के हाथ में लग गए। गोली की आवाज से चौराहे पर अफरातफरी मच गई। आसपास के लोगों ने अखिल पाल को दबोच लिया, जबकि उसके साथी कार लेकर फरार हो गए। घटना की जानकारी पर पाल चौराहा चौकी प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और आरोपी को तमंचा समेत हिरासत में ले लिया। उसके पास से पुलिस ने तमंचा बरामद किया। घायल को जिला अस्पताल भेजा गया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि अखिल और पुष्पेंद्र दूर के रिश्तेदार हैं। एक वर्ष पहले भी दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। उस समय भी अखिल ने पुष्पेंद्र पर फायरिंग की थी। तब गोली उसकी बाइक में लगी थी। तबसे दोनों के बीच मनमुटाव चल रहा था। मामले में पुष्पेंद्र ने पुलिस को तहरीर दी है।

### छिबरामऊ में अज्ञात वाहन की टक्कर से किशोरी की मौत

**छिबरामऊ।** ग्राम ब्राहीमपुर पुलिया के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से साइकिल सवार किशोरी की मौत हो गई। तुलसीपुर पोस्ट जफराबाद निवासी 17 वर्षीय उपासना पुत्री उमेश यादव सौरिख के सुरेंद्र सिंह महाविद्यालय में बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा थी। शुक्रवार को वह साइकिल से ब्राहिमपुर पुलिया के पास मेडिकल स्टोर से दवा लेने गई थी। वापसी के दौरान नरेंद्र सिंह कोल्ड स्टोर के सामने रोड क्रॉस करते समय उसे अज्ञात फोर-व्हीलर ने टक्कर मार दी। हादसे में उपासना गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से उसे तत्काल सौ शैया अस्पताल ले जाया गया, यहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।












## न्यूज ब्रीफ

### जर्जर भवन को गिराने के दिये निर्देश

**महेवा।** ब्लॉक कैंपस में स्थित वर्षों पुरानी जर्जर इमारत को मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम के निर्देश पर जमींदोज किया जाएगा। वर्ष 1985-86 में ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा ट्राईसेम योजना के अंतर्गत चार लाख सात हजार रुपये की लागत से सामुदायिक महिला मिलन केंद्र के नाम से इस इमारत का निर्माण कराया गया था। जो काफी जर्जर हो चुकी है। अब इसी को गिराने के निर्देश दिये गये हैं।

### घर में लगी आग, जिंदा जलने से बची वृद्धा

**भरथना।** भरथना कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम नगला गुदे सम्पर्क मार्ग स्थित कांशीराम कालोनी के वाशिंदों में उस समय अफरा तफरी मच गई जब कॉलोनी के ब्लॉक नम्बर 36 के क्वाटर नम्बर 429 से धुंआ के साथ आग की लपटें निकलती देखी गईं। कॉलोनी के महिला पुरुष वाशिंदों ने निजी संसाधनों से किसी तरह आग पर जब तक काबू पाया तब तक एक कमरे में रखी घर की गृहस्थी जलकर राख हो गई। घटना के दौरान गृहस्वामी बीमार वृद्ध महिला उर्मिला देवी पत्नी रामगोपाल घर के दूसरे कमरे में चारपाई पर सोई हुई थी जिसको युवाओं ने किसी तरह आग की लपटों से बचाकर जिंदा जलने से बचा लिया। जबकि उसका वृद्ध पति रामगोपाल साइकिल से भेलपूड़ी बिक्री करने ग्रामीण क्षेत्र में निकला हुआ था।

### एचटी लाइन की चपेट में आकर युवक झुलसा

**इटावा।** थाना इकदिल क्षेत्र के अंतर्गत नगला परमन्दी के पास खेत मे आलू की बुआई करते समय हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से एक युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार विकास पुत्र विवेक कुमार पवन कोल्ड स्टोर के पीछे नगला परमन्दी के पास खेत मे आलू की बुआई कर रहा था तभी 11000 की हाईटेंशन लाइन नीचे झूलने से वह करंट की चपेट में आकर गम्भीर रूप से घायल हो गया। परिजनों द्वारा उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहां पर डॉक्टरों द्वारा उसका इलाज जारी है।

# गैंगस्टर एक्ट में प्रशासन ने करोड़ों की संपत्ति की कुर्क

## गैंगस्टर भाई इंद्रपाल व अशोक की छह करोड़ की संपत्ति का मामला

कार्यालय संवाददाता इटावा



गैंगस्टर भाइयों की जमीन कुर्क करते पुलिस व प्रशासन के अधिकारी।

**अमृत विचार ।** जिला प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम ने दो कुख्यात गैंगस्टर भाइयों इंद्रपाल यादव और अशोक यादव की करोड़ों की संपत्ति कुर्क कर ली। सिविल लाइन थाना क्षेत्र में करीब 6 करोड़ से अधिक मूल्य की उपजाऊ जमीन को जब्त करते हुए पुलिस ने गांव में मुनादी कराई।

पुलिस की मुनादी होते ही मौके पर बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए। पुलिस ने चेतावनी दी कि कुर्क की गई संपत्ति की खरीद-फरोख्त या कब्जा करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इससे पहले भी प्रशासन ने गैंगस्टर भाइयों के फ्रेंड्स कॉलोनी स्थित करीब एक करोड़ 13 लाख रुपये मूल्य के दो मकानों को कुर्क कर लिया था। पुलिस और राजस्व टीम ने मौके पर संपत्ति के चारों ओर कुर्की नोटिस चस्पा किया और ग्राम पंचायत स्तर पर जानकारी सार्वजनिक की। ये कार्रवाई सिविल लाइन थाना प्रभारी सुनील कुमार सिंह और तहसीलदार राजकुमार सिंह की निगरानी में हुई। तहसीलदार राजकुमार सिंह ने बताया कि प्रशासन से प्राप्त आदेश के अनुपालन में गैंगस्टर भाइयों की संपत्ति कुर्क की गई है। यह कार्रवाई अपराध से अर्जित अवैध संपत्तियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान का हिस्सा है।

## दबंगों ने फायरिंग कर युवक को पीटा

**भरथना।** भरथना कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत बनामई पुलिया के पास दबंगों ने पुरानी रंजिश के चलते एक युवक पर फायरिंग करते हुए मारपीट कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। युवक को सीएचसी भरथना लेगये। जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

रंजीत 22 घर से बाइक द्वारा दूध लेने गया था तभी दबंगों ने रंजिश के चलते युवक पर फायरिंग कर दी और युवक को मारपीट कर घायल कर दिया और फरार हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को सीएचसी भरथना भेजा जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में युवक के गोली लगने की पुष्टि नहीं हुई लेकिन उसके सिर और पैर में चोटें आईं। घायल युवक के परिजनों ने बताया कि लगभग 2 माह पूर्व हमलावरों से उनका झगड़ा हुआ था। उसी के चलते रंजीत पर हमला हुआ है। ग्राम प्रधान बनामई भरथना भी अस्पताल पहुंचे और बताया कि वह भरथना जा रहे थे तो फायरिंग की आवाज सुनीं 7 या 8 लोग थे जो ग्रामीणों को देखकर भाग गए।

# डंपर की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत

संवाददाता बसरेहर इटावा

- भतीजी के अंतिम संस्कार में शामिल होने गई बुआ की एक्सीडेंट में गई जान

**अमृत विचार ।** चौबिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत बरेली हाईवे पर बरालोकपुर के पास तेज रफ्तार डंपर ने दो बाइकों में टक्कर मार दी जिसमें पांच लोग घायल हो गए जबकि एक महिला की मौत हो गई।

औरैया जिले के अजीतमल थाना क्षेत्र के गांव लालपुरा निवासी मयंक राजपूत अपनी मां शकुंतला देवी उम्र 45 वर्ष व चाची सुषमा देवी को लेकर बाइक से अपने मामा की पुत्री रिंकी के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए मैनपुरी गया हुआ था । जब वह अपने घर वापस लौट रहे थे तभी बरालोकपुर के समीप तेज रफ्तार डंपर ने दो बाइकों में जोरदार टक्कर मार दी जिसमें एक बाइक पर सवार शकुंतला देवी की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं पुत्र मयंक व सुषमा देवी पत्नी अशोक कुमार निवासी औरैया गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके अलावा दूसरी बाइक पर सवार रवि कुमार पुत्र राजाराम व विमला देवी पत्नी कढोरी लाल व कढोरी लाल तीनों लोग एक बाइक पर सवार होकर बरालोकपुर दीपावली के त्योहार को लेकर बाजार करने के लिए आ रहे थे। तभी बरालोकपुर पेट्रोल पंप के पास तेज रफ्तार डंपर ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। इससे दोनों बाइकों पर सवार 6 लोगों में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी थाना प्रभारी महेंद्र सिंह को दी गई । सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को बसरेहर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर भर्ती कराया । वहीं मृतक शकुंतला देवी के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पीएम के लिए इटावा भेज दिया। महिला की मौत की जानकारी मिलते ही उसके परिजन भी पोस्टमार्टम हाउस पहुंच गये।

## बकरी बांधने के विवाद में हुई मारपीट

**बकेवर।** थाना क्षेत्र के ग्राम नगला बशी में बकरी बांधने को लेकर उपजे विवाद में जमकर लाठी डंडे चले। पुलिस ने तहरीर के आधार पर 12लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया। ग्राम नगला बशी निवासी अंशुल ने थाने में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया है कि पिता बकरी बाधं रहे थे उसी समय गांव के ही नामजद लोग लाठी डंडों से पीटने लगे। मां बिन्द श्री बचाने आयी तो उन्होंने माँ को भी लाठी डंडों से पीट कर घायल कर दिया । मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल मां बाप को इलाज के लिए जिला अस्पताल भिजवाया था। जहाँ से उन्हें पीजीआई सैफई रेफर कर दिया था। माँ बाप को सैफई देखने के बाद गुरुवार की सुबह पत्नी उपासना के साथ गाँव पहुँचे तो नामजद लोग देखते ही गाली-गलौज करने लगे जिसका पति पत्नी ने विरोध किया तो सभी ने लाठी डंडा से युवक की मार पीट करने लगे पति को पिटता देख पत्नी उपासना और भाभी अमिता दौडकर बचाने आयी तो उन्हे भी मार पीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

# छात्रा प्रिया एथलेटिक्स प्रतियोगिता में बनी चैंपियन

कार्यालय संवाददाता इटावा



छात्रा प्रिया को सम्मानित करते प्राधानाचार्य डॉ. उमेश यादव। अमृत विचार

**अमृत विचार ।** चित्रगुप्त इण्टर कालेज के प्राधानाचार्य डॉ. उमेश यादव ने बताया कि माध्यमिक विद्यालयों की जनपदीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता लोकमान्य रुरल इंटर कालेज महेवा में सम्पन्न हुई जिसमें यूपी 19 बालिका वर्ग में चित्रगुप्त इंटर कालेज की कक्षा 11 की छात्रा प्रिया सागर ने व्यक्तिगत चैम्पियनशिप हासिल की। प्रिया ने 400 मीटर दौड़ में प्रथम, 15 सौ मीटर में प्रथम एवं 400 मीटर बाधा दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

छात्रा प्रिया की इस उपलब्धि पर जिला विद्यालय निरीक्षक अतुल कुमार सिंह, सह जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ मुकेश, प्रबंधक अमरीश सक्सेना, प्रधानाचार्य परिषद के महामंत्री संजय शर्मा, इस्लामियां इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य गुफरान अहमद, चित्रगुप्त इंटर कालेज के प्रधानाचार्य डॉ. उमेश यादव ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## चोरी की बाइकों समेत चार गिरफ्तार

**इटावा।** थानाध्यक्ष फ्रेंड्स कॉलोनी अमित कुमार मिश्रा पुलिस बल के साथ गश्त कर रहे थे। इसी दौरान सूचना प्राप्त हुई कुछ शातिर चोर चोरी की बाइकों के साथ हरसौली-डूंगरी मार्ग स्थित रेलवे अण्डरपास के निकट खाली पड़े स्कूल के पास खड़े हैं। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुये थाना फ्रेंड्स कॉलोनी पुलिस टीम जैसे ही मौके पर पहुंची तो बाइकों के पास खडे लोगों ने भागने का प्रयास किया। इस पर पुलिस टीम ने चार आरोपियों करन अहिरवार , गुलशन कुमार सुखवीर व अरूण को चार बाइकों सहित गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों ने बताया कि हम चारो लोग मिलकर विभिन्न जनपदों से मोटर साइकिले चोरी कर राह चलते लोगों को सस्ते दामों मे बेच देते थे।

# जनपद में उर्वरक की कमी नहीं : डीएम

कार्यालय संवाददाता इटावा

- जिलाधिकारी ने कृभको डीएपी रैक का किया निरीक्षण

**अमृत विचार ।** जनपद में रबी की फसलों की बुआई के अन्तर्गत वर्तमान में आलू, राई, सरसों की बुआई का कार्य प्रगति पर है। डीएपी खाद की इस समय आवश्यकता है। किसानों को समय पर खाद मिले इसके लिए जनपद में कृभको डीएपी रैंक का निरीक्षण डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने किया। उन्होंने कहा कि जनपद में उर्वरक की कोई कमी नहीं है।

डीएपी कृभको रैक 1379. 20 मैट्रिक टन की प्राप्त हुयी है। जिसमें 14 सहकारी संघ, 4 पीसीएफ केन्द्र, 48 साधन सहकारी समिति एंव कृभको के केन्द्र पर डीएपी का प्रेषण किया जा रहा है। निरीक्षण में जिलाधिकारी ने पाया कि अब तक कुल 28 केन्द्रों को डीएपी का प्रेषण किया जा चुका था शेष पर प्रेषण का कार्य प्रगति पर है। जिलाधिकारी ने मौके पर उपस्थित सहायक निबन्धक सहकारिता एंव जिला कृषि अधिकारी कृभको प्रतिनिधि व पीसीएफ ठेकेदार को निर्देशित किया कि आज शाम तक जिनका भी आवंटन किया गया है। उन सभी केन्द्रों पर पर डीएपी का प्रेषण कराते हुये उनका सत्यापन के उपरान्त पीओएस मशीन में इकनालेज करा दें, जिससे कल से कृषकों में इसका वितरण शुरू हो। डीएम द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि सहकारी समिति पर जो सहकारी समिति के सदस्य है और जिनकी फार्मर रजिस्ट्री हो चुकी है। वो समिति से खाद ले सकते है और जो कृषक समिति के सदस्य नहीं है और न ही उसकी फार्मर रजिस्ट्री हुयी है। ऐसे कृषक जनपद के 14 सहकारी संघो से 4 पीसीएफ केन्द्र एंव कृभको केन्द्र जसवन्तनगर से उर्वरक ले सकते है।

### साइबर अपराधों की रोकथाम को पुलिस ने की चर्चा

**इटावा ।** एसएसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभयनाथ त्रिपाठी, अपर पुलिस अधीक्षक अपराध सुबोध गौतम, क्षेत्राधिकारी नगर/साइबर अभयनारायण राय तथा प्रभारी निरीक्षक थाना साइबर क्राइम राकेश कुमार शर्मा के साथ जनपद के सभी बैंक प्रबंधकों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में साइबर अपराधों की रोकथाम और बैंकिंग सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु खाता खोलते समय खाताधारक का भौतिक सत्यापन करने, म्यूल खातों पर सतर्क दृष्टि रखने तथा खाताधारक द्वारा खाते में लिंक किए गए मोबाइल नंबर का विशेष सत्यापन करने पर सार्थक चर्चा हुई। सभी बैंक प्रबंधकों को निर्देश दिए गए कि वे अपने-अपने स्तर पर साइबर सुरक्षा को प्राथमिकता दें और बैंक ग्राहकों को समय-समय पर साइबर जागरूकता से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराएं। इसमें बैंक में सीसीटीवी कैमरों के सुचारु संचालन और सिक्योरिटी गार्ड की विशेष भूमिका पर मुख्य रूप से चर्चा की गई, ताकि किसी भी प्रकार की अपराधिक गतिविधि को समय रहते रोका जा सके। बैठक का मुख्य उद्देश्य पुलिस और बैंकिंग संस्थानों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना और जनपद में साइबर सुरक्षा को और अधिक सशक्त बनाना तथा साइबर अपराधों की रोकथाम में सामूहिक रूप से प्रभावी भूमिका निभाना रहा।

























## न्यूज ब्रीफ

### निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की

**बिधूना, औरैया।** कस्बे के नवीन बस्ती पूर्वी निवासी सेवा निवृत शिक्षक राष्ट्रपति पुरुस्कृत राम अवतार शास्त्री का शुक्रवार को उनके आवास पर आकस्मिक निधन हो गया। जैसे ही लोगों को यह जानकारी हुई तो भारी संख्या में लोगों ने उनके आवास पर पहुंच कर उनके पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर शोक श्रद्धांजलि अर्पित की । शोकाकुल माहौल में कन्नौज के गंगा घाट पर उनका दाह-संस्कार कर दिया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक प्रमोद कुमार गुप्ता , आदर्श मिश्रा चेयरमैन, अमित बाथम ललतू पूर्व चेयरमैन, रचना सिंह सेंगर पूर्व जिला पंचायत सदस्य, डाक्टर उदय प्रताप सिंह सेंगर, रविन्द्र प्रताप सिंह गौर पूर्व प्रधानाध्यापक, कौशल किशोर शुक्ला, हरी चौबे, नमोनारायण अवस्थी, रवि पोरवाल, जगदीश चन्द्र दुबे पूर्व प्रधानाचार्य सरवेश सिंह राठौर, शिव प्रताप सिंह सेंगर, डाक्टर घनश्याम गुप्ता, डाक्टर एके सिंह सेंगर,अनिल गुप्ता पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा, एन एस तोमर, मनोज शुक्ला, सुरेन्द्र मिश्रा आदि ने शोक संवेदना प्रकट की है।

### डॉ. रमन सेंगर को मिला सम्मान

**अछल्दा (औरैया)।** काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी में आयोजित अंतरराष्ट्रीय ज्योतिष व वास्तु महा सम्मेलन में अछल्दा स्टेशन बाजार के प्रसिद्ध हस्तरेखा विशेषज्ञ डॉ. रमन सेंगर को "मानद उपाधि" से सम्मानित किया गया। यह सम्मान मां शारदा ज्योतिष धाम इंदौर के डॉ. दिनेश गुरुजी द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम का आयोजन संस्कृति बिद्वधाम, विज्ञान संकाय ज्योतिष विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय एवं मां शारदा ज्योतिष धाम अनुसंधान संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में 13-14 अक्टूबर को हुआ। कार्यक्रम के संयोजक महंत योगेंद्र दास जी एवं डॉ. दिनेश गुरु जी ने डॉ. सेंगर को प्रमाणपत्र और शील्ड देकर सम्मानित किया।

### डिस्लेक्सिया को लेकर जागरूक किया

**फफूंद (औरैया)।** बच्चों के अंदर पढ़ने एवं वर्तनी समझने में आ रही कठिनाइयों को लेकर जिले के समेकित शिक्षकों ने विद्यालयों में जाकर जागरूकता गोष्ठी की। इस अवसर पर समेकित शिक्षकों ने बच्चों व स्टाफ को डिसलेक्सिया से संबंधित व दिव्यांगता के अलग अलग प्रकारों की जानकारी दी। शुक्रवार को समेकित शिक्षा जिला समन्वयक कुलदीप सचान के निर्देशन पर समेकित शिक्षकों सुबोध शाह व अतुल कुमार ने भाग्यनगर ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय बढुआ, कन्हई का पुरवा, परवाहा व खानपुर आदि विद्यालयों में डिसलेक्सिया के प्रति बच्चों शिक्षकों व अभिभावकों को जागरूक किया गया। विशेष शिक्षक सुबोध शाह ने बताया कि डिस्लेक्सिया दिवस 31 अक्टूबर को मनाया जायेगा। इसको लेकर बच्चों व अभिभावकों को लगातार जागरूक किया जा रहा है। विशेष शिक्षक अतुल कुमार ने बताया कि डिस्लेक्सिया एक अधिगम दिव्यांगता है।

# बबाइन ने कबड्डी और भसौन ने दौड़ प्रतियोगिता में लहराया परचम

## तिवरलालपुर व भसौन में जोश के साथ संपन्न हुई संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** सदर ब्लॉक के ग्राम तिवरलालपुर स्थित कंपोजिट विद्यालय में संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुई। प्रतियोगिता का उद्घाटन एसआरजी सुभाष रंजन द्विवेदी व जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के मंडल अध्यक्ष अखिलेश चतुर्वेदी ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर एसआरजी सुभाष रंजन द्विवेदी ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास का साधन हैं, बल्कि यह बच्चों मंभ अनुशासन, सहयोग और नेतृत्व के गुणों को भी विकसित करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे पढ़ाई के साथ खेलों में भी सक्रिय भागीदारी निभाएं, क्योंकि यही समग्र विकास का आधार है। नोडल शिक्षक संकुल विशाल सिंह ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि हार-जीत से अधिक महत्वपूर्ण खेलों में भाग लेना है।

प्रतियोगिता के सफल आयोजन में ब्लॉक खेल शिक्षक एवं प्रधानाध्यापक अमित बिसरिया के साथ सहायक अध्यापक सत्यम दुबे, अतुल मिश्रा, रीतेश मिश्रा आदि का विशेष सहयोग रहा। प्रतियोगिता परिणामों में 50 मीटर दौड़ बालक वर्ग में पीएस असेवा के विजय, बालिका वर्ग में रागिनी, 100 मीटर बालक वर्ग में यूपीएस बबाइन के गोपाल, बालिका वर्ग में यूपीएस अंशिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्राथमिक स्तर पर कबड्डी बालक एवं बालिका दोनों वर्गों में पीएस बबाइन विजयी रहा, वहीं जूनियर स्तर पर भी बालक एवं बालिका वर्ग में बबाइन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जूनियर स्तर की बालिका खो-खो प्रतियोगिता में असेवटा की टीम विजयी रही। कार्यक्रम में जितिन शर्मा व सचिन दुबे ने निर्णायक की भूमिका निभाई। इस अवसर पर प्रशांत नील शुक्ला, वंदना चतुर्वेदी, नूपुर द्विवेदी, गोविंद त्रिपाठी, साक्षी, संदीप कुमार, पूनम गुप्ता, गीतादेवी, अनुज चतुर्वेदी, विनीता चतुर्वेदी, सोहित, अलका पाण्डेय, संपदा शुक्ला, अरुण कुमार, अनीता, नरेश सहित अनेक शिक्षक व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। वहीं सदर ब्लॉक के अयाना संकुल में स्थित कंपोजिट विद्यालय भसौन में भी संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन एसआरजी सुभाष रंजन, एआरपी अम्बरीश बाजपेई एवं नोडल शिक्षक नरेंद्र दुबे ने संयुक्त रूप से किया। प्रतियोगिता के सफल संचालन में ब्लॉक पीटीआई आशीष अवस्थी एवं प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक मंत्री ओम नारायण पाल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम में महिला शिक्षिकाओं अपर्णा चतुर्वेदी, साधना सिंह, निर्मला, नेहा, गुंजन, सीमा पाल, रत्ना द्वारा बनाई गई रंगोली एवं आकर्षक सेल्फी पॉइंट को उपस्थित लोगों ने खूब सराहा। खेल प्रतियोगिताओं में प्राथमिक स्तर पर कबड्डी बालक वर्ग में पीएस महमूदपुर, बालिका वर्ग में पीएस भसौन, जूनियर बालक वर्ग में यूपीएस चौकी विजयी रही। 50 व 100 मीटर दौड़ में भसौन विद्यालय के कृष्णा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर जूनियर बालक वर्ग में देशराज, 200 मीटर में नैतिक, 400 मीटर में आशीष, गोला फेंक में विशाल तथा लंबी कूद में देशराज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में प्रतिभान सेंगर, राघव मिश्रा, ओम नारायण पाल, निर्मल, सुनील कुमार एवं सच्चिदानंद तिवारी सहित अनेक शिक्षक एवं अभिभावक मौजूद रहे।


प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभाग करते खिलाड़ी। अमृत विचार

- महिला शिक्षिकाओं ने बनाई रंगोली और सेल्फी प्वाइंट बना आकर्षण का केंद्र

# त्रैमासिक समीक्षा बैठक में जिले की जीडीपी बढ़ाने पर दिया जोर

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में प्रदेश की जीडीपी को वन ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने में जनपद की जीडीपी को बढ़ाने के संबंध में जिला ओटीडी सेल की त्रैमासिक समीक्षा बैठक डीएम की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने शासन की मंशा के अनुसार प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था वाला प्रदेश बनाने हेतु जनपद की अर्थव्यवस्था को बढाने के लिए प्रमुख इंडिकेटर्स के आधार पर आच्छादन एवं उत्पादकता की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी द्वारा बताया गया कि प्रदेश के सकल घरेलू उत्पाद वर्ष 2023-24 में कुल जीडीपी 12257.00 करोड़ है। जनपद की वार्षिक वृद्धि दर 10.40 प्रतिशत रही तथा जनपद का प्रदेश में योगदान 0.48 प्रतिशत है। जनपद की प्रति व्यक्ति जिला निबल घरेलू उत्पाद 66819.00 है। जिसे बढाने हेतु सभी सेक्टरों द्वारा समस्त सम्भव आयामों पर कार्य करते हुए जनपद की जीडीपी बढाने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करनी होगी।

जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने जिला ओटीडी सेल की समीक्षा बैठक में प्राथमिक सेक्टर (कृषि, पशुधन, वानिकी एवं मत्स्य), द्वितीय सेक्टर (विनिर्माण, विद्युत, गैस तथा निर्माण) एवं तृतीय सेक्टर (व्यापार, होटल, परिवहन एवं वित्तीय सेवाएं आदि) की क्रमवार सम्बंधित विभागीय अधिकारियों के साथ आंकड़ेवार जानकारी लेते हुए तथा जनपद की वर्तमान जीडीपी में उनकी सहभागिता एवं इसे बढाने हेतु किये जा रहे उपायों/योजनाओ आदि के संबंध में विस्तृत चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियो को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था तक पहुंचाने में जनपद स्तर पर उनके विभाग से सम्बंधित जितनी भी कार्य संचालित किये जा रहे हैं उनके माध्यम से जनपद की जीडीपी को प्रदेश की जीडीपी में लगभग एक प्रतिशत की सहभागिता सुनिश्चित कराने की दिशा में कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने एक-एक कर समस्त विभागीय अधिकारियों से जनपद की जीडीपी को बढाने की दिशा में उनके विभाग की सहभागिता कैसे बढायी जाए आदि से सम्बंधित बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।



बैठक के दौरान निर्देश देते डीएम डा. इंद्रमणि त्रिपाठी। अमृत विचार

- कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में डीएम की अध्यक्षता में संपन्न हुई समीक्षा बैठक

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें




# आधुनिकता के दौर में चमक खोता जा रहा खील, बताशों का बाजार

संवाददाता, फफूंद, औरैया

**अमृत विचार।** दीपावली पर मां लक्ष्मी और गणेश जी को पारंपरिक रूप से चढ़ाए जाने वाले प्रसाद खील, बताशे और चीनी के खिलौनों का सदियों पुराना कारोबार अब अपनी चमक खोता जा रहा है।

एक समय था जब हरियाणा के कैथल से इन पारंपरिक चीज़ों का व्यापार उत्तर प्रदेश, पंजाब, राजस्थान और हिमांचल प्रदेश तक करोड़ों रुपये में होता था। लेकिन अब यह रौनक बीते दिनों की बात हो गई है। कारीगर हरि शर्मा बताते हैं कि पहले बाज़ारों में महीने भर पहले से ही खील, बताशे और चीनी के खिलौनों की बिक्री शुरू हो जाती थी और हर परिवार खुशी-खुशी 5-5 किलो तक यह प्रसाद खरीदता था। आज के हालात पर व्यापारी लाला हरी राम निराशा व्यक्त करते हुए बताते हैं कि अब लोग केवल पूजा की परंपरा निभाने के लिए बहुत कम मात्रा में ही खरीदारी करते हैं। यह बदलाव स्थानीय कारीगरों और व्यापारियों के लिए चिंता का विषय बन गया है।ज्योतिषी पंडित मुन्ना शुक्ला इस पारंपरिक प्रसाद के महत्व को समझाते हैं। उनके अनुसार, खील धान से बनती है, जो दीपावली से ठीक पहले तैयार होने वाली नई फसल का पहला हिस्सा होती है।

इसे मां लक्ष्मी को पहली फसल के भोग के रूप में चढ़ाया जाता है। वहीं, सफेद रंग के बताशे को चंद्रमा का प्रतीक माना जाता है और यह मान्यता है कि ये मां लक्ष्मी को अत्यंत प्रिय हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इन दोनों का संबंध धन और वैभव के दाता शुक्र ग्रह से भी है। चीनी से बने हाथी, घोड़ा, गाय, बैल, ताजमहल, शेर जैसी सुंदर आकृतियों वाले मीठे और कुरकुरे खिलौने कभी महीनों की मेहनत से तैयार किए जाते थे। इसके लिए उत्तर प्रदेश से भी कारीगर कैथल आते थे। यह केवल भोग का हिस्सा नहीं था, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में त्योहारों पर रिश्तेदारों को तोहफे के तौर पर भी भेजे जाते थे, जो प्रेम और मिठास का प्रतीक होते थे। हालांकि, अब इन पारंपरिक उत्पादों की जगह चॉकलेट, बिस्किट और अन्य फैंसी मिठाइयों ने ले ली है। इसके परिणामस्वरूप, यह सदियों पुरानी परंपरा अब केवल एक शगुन बनकर रह गई है।


खील, बताशे की दुकान लगाये दुकानदार। अमृत विचार

# फफूंद की घटना के विरोध में काला दिवस मनाया

संवाददाता, कंचौसी, औरैया

**अमृत विचार।** फफूंद रेलवे स्टेशन पर बीते 12 अक्टूबर को टीआरडी स्टाफ के सीनियर सेक्शन इंजीनियर और तमाम कर्मचारियों द्वारा ड्यूटी पर मौजूद स्टेशन मास्टर और उनके सहयोगी स्टाफ के साथ मारपीट और गाली गलौज की घटना की गई। जिसके विरोध में 17 अक्टूबर को कंचौसी स्टेशन समेत प्रयागराज मण्डल के सभी रेलवे स्टेशनों पर ऑल इंडिया स्टेशन मास्टर यूनियन अइस्मा के आह्वान पर काली पट्टी बांध ड्यूटी करके काला दिवस मनाया गया। स्टेशन मास्टर स्टाफ ने डीआरएम समेत सभी वरिष्ठ अधिकारियों से दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग की है।

स्टेशन मास्टर यूनियन के वरिष्ठ पदाधिकारियों का कहना है कि कैसे सीनियर सेक्शन इंजीनियर अनिल पाल और उनके सहयोगी स्टाफ ने स्टेशन कार्यालय में घुस कर ड्यूटी पर मौजूद स्टेशन मास्टर और उनके स्टाफ के साथ गाली गलौज और मारपीट की घटना को अंजाम दिया। जिससे इंजीनियर अनिल पाल ने अपना आपा खो दिया और स्टेशन मास्टर और स्टाफ के साथ अभद्रता की। जिस पर आरपीएफ को सूचना दी गई। आरपीएफ ने बवाल कर रहे लोगों को खदेड़ा। लेकिन कुछ देर बाद आधा सैकड़ा टीआरडी स्टाफ और बाहरी लोगों को साथ स्टेशन कार्यालय में पुनः घुस कर हंगामा गाली गलौज और मारपीट की गई जो बहुत ही निंदनीय है। यूनियन के पदाधिकारियों ने मामले की शिकायत डीआरएस प्रयागराज ,संरक्षा ,सुरक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियो से की हैं। जिसकी कोई ठोस करवाई भी आज तक नहीं की गई। जिससे स्टेशन मास्टर स्टाफ ने विरोध प्रदर्शन करते हुए काली पट्टी बांध कर ड्यूटी करके चेतावनी दी है। स्टेशन मास्टर स्टाफ ने शीघ्र ही दोषियों के खिलाफ विभागीय कार्यवाही के साथ आपराधिक मामला भी दर्ज करने की मांग की है। इस मौके पर कंचौसी स्टेशन अधीक्षक दरवारी कुमार, सहायक स्टेशन मास्टर सतीश कुमार, उमाशंकर, दिनेश कुमार नीरज कुमार, जयवीर सिंह, विनोद कुमार आदि मौजूद रहे।




# किसानों ने मांगों को लेकर किया धरना-प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** किसानों ने अपनी विभिन्न समस्याओं के स्थायी समाधान की मांग को लेकर जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने जिलाधिकारी को 17 सूत्रीय मांगों का एक ज्ञापन सौंपा। किसानों ने सरकार से इन मांगों पर तत्काल कार्रवाई करने का आग्रह किया।

ज्ञापन में किसानों ने छोटे और सीमांत किसानों के सभी कृषि ऋणों को पूरी तरह माफ करने की मांग की। इसके साथ ही, स्थायी भारत प्रणाली को समाप्त कर किसानों को मुफ्त या रियायती बिजली उपलब्ध कराने की बात कही गई। उन्होंने खाद, डीजल और कीटनाशकों पर टैक्स में छूट देने की भी मांग की, ताकि उत्पादन लागत कम हो सके। किसानों ने आवारा पशुओं से फसल बचाने के लिए ठोस नीति बनाने और प्रत्येक गांव में आश्रय स्थलों को सुचारू रूप से संचालित करने पर जोर दिया। फसल बीमा योजना में सुधार कर किसानों को वास्तविक और शीघ्र मुआवजा दिलाने की मांग की गई। इसके अलावा, कृषि उपज के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को कानूनी दर्जा देने की भी बात कही गई। प्राकृतिक आपदाओं जैसे बाढ़, सूखा, ओलावृष्टि और कीट प्रकोप में त्वरित राहत और फसल क्षतिपूर्ति की मांग भी ज्ञापन में शामिल थी। किसानों ने किसान पेंशन योजना लागू करने की अपील की, ताकि उन्हें सामाजिक सुरक्षा मिल सके। हर जिले में कृषि मंडी और भंडारण केंद्र स्थापित करने की भी मांग की गई, जिससे किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिल सके। अन्य प्रमुख मांगों में डीजल और पेट्रोल पर कृषि उपयोग हेतु टैक्स माफ करना, प्रधानमंत्री किसान निधि की राशि 6000 रुपये से बढ़ाकर 12000 रुपये प्रति वर्ष करना, और भूमिहीन किसानों को खेती के लिए सरकारी भूमियां दीर्घकालीन लीज पर देना शामिल था।

इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के जिला अध्यक्ष विपिन राजपूत, उमाशंकर राजपूत, वीरसिंह, सतपाल, जगदीश चंद्र, जीतू सिंह पाल, समर बाबा, भजनलाल, प्रेम नारायण, बलराम सिंह, विशाल तिवारी, प्रमोद, विवेक, राधेलाल, नरेश कुमार, अनिल कुमार, लखपत सिंह, गजराज सिंह, सुरेश चंद्र, मोहित, शिवनाथ आदि सैकड़ों किसान यूनियन के कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## न्यूज ब्रीफ

### निर्माणाधीन पार्क से मिट्टी चोरी का प्रयास

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** कस्बे के तपोभूमि की रोटी राम वाटिका में निर्माणाधीन पार्क से मिट्टी चोरी होने की सूचना पर पहुंचे नगर पंचायत अध्यक्ष ने पार्क के चौकीदार को कड़ी फटकार लगाते हुए मिट्टी लेकर जा रहे लोगों को मना करके भरी गई मिट्टी को खाली कराया। नगर पंचायत तपोभूमि में रोटीराम वाटिका में पार्क का निर्माण करा रही है। इस निर्माणाधीन पार्क से सुबह कुछ लोग मिट्टी लेकर जा रहे हैं। इसकी सूचना मिलने पर नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे मौके पर पहुंचे और मिट्टी लेकर जा रहे लोगों को मना करके बोरियों में भरी मिट्टी को खाली कराया। इसके बाद पार्क के चौकीदार को लापरवाही बरतने पर फटकार लगाते हुए कहा कि बगैर अनुमति के यहां कुछ भी बाहर नहीं जाना चाहिए।

### भाला मारकर किया घायल

**कुरारा (हमीरपुर)।** थानाक्षेत्र के ककरऊ गांव में खेत जा रहे युवक को अकारण गाली गलौज करने से मना करने पर पेट में भाला मारकर घायल कर दिया। घायल के चाचा ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। क्षेत्र के बेरी गांव निवासी लखन लाल भुर्जी पुत्र सिद्ध गोपाल ने थाने में दी तहरीर में बताया कि शुक्रवार को भतीजा शिव शंकर पुत्र स्व .अशोक कुमार खेत जा रहा था। जहां ककरऊ गांव निवासी जगभान सिंह पुत्र वीर सिंह देखकर अकारण गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर भाला पेट में मारकर घायल कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसका उपचार कानपुर में जारी है। पीड़ित कि तहरीर पर पुलिस ने आरोपी जगभान पुत्र वीर सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले कि जांच शुरू कर दी है।

### युवती से की छेड़छाड़

**राठ (हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में घर पर कूड़ा फेंकने के लिए निकली 19 वर्षीय एक युवती के साथ गांव के ही एक दबंग ने रास्ते में रोककर उसका हाथ पकड़ लिया। युवती को जबरन मोबाइल नंबर देकर उस पर बात करने का दबाव डाला। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव के निवासी युवती ने कोतवाली में लिखित तहरीर देकर बताया कि उसके माता-पिता दिल्ली में मजदूरी करते हैं तथा वह अपने दादा और दादी के साथ गांव में रहती है। बताया कि सुबह करीब 9 बजे वह अपने घर से कूड़ा फेंकने के लिए गई थी। वापस घर लौट रही थी तो गांव निवासी युवक ने उसके आगे अपनी बाइक खड़ी कर दी तथा उसका हाथ पकड़ कर उसे जबरन मोबाइल नंबर देकर उस पर बात करने का दबाव बनाने लगा। बताया कि जब उसने विरोध किया तो उक्त दबंग युवक ने उसे परिणाम भुगतने की धमकी दे डाली। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगाई है।

### नगर में आज से नहीं प्रवेश करेंगे भारी वाहन

**हमीरपुर।** दीपावली पर्व को लेकर एसपी डॉ .दीक्षा शर्मा ने शुक्रवार को यातायात एडवाइजरी जारी की है। जिसमें उन्होंने 18 से 21 अक्टूबर तक कालपी स्टेट हाइवे में लगने वाली नो इंट्री का समय में परिवर्तन किया है। एडवाइजरी में उन्होंने कहा कि मुख्यालय में आगामी त्योहार धनतेरस, दीपावली, भैया दूज पर्व पर बाजारों में जनमानस की भीड़ देर रात्रि तक बनी रहती है इसके साथ ही पिछले वर्ष धनतेरस के दिन हुई दुर्घटना को देखते हुए उन्होंने नो इंट्री के समय में परिवर्तन किया है। जो 18 अक्टूबर सुबह छह बजे से 21 अक्टूबर की रात्रि 01 बजे तक भारी वाहनों के लिए नो इंट्री लगाई गई है। जिले के सभी प्रमुख स्थानों पर स्थानीय थाना पुलिस व यातायात पुलिस की तैनाती बनी रहेगी।

---

**कोतवाली क्षेत्र के गहबरा गांव का मामला, रपटे में कपड़े धोने गई थी महिला**

# चंद्रावल नदी में डूबने से महिला की थम गईं सांसें

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** शुक्रवार की सुबह रपटे में महिला के डूब जाने पर मौत हो गई। मौत की खबर सुनते ही ग्रामीणों का जमावड़ा लग गया। परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

कोतवाली क्षेत्र के गहबरा गांव निवासी राजुलिया (64) पत्नी सियाराम शुक्रवार की सुबह दीपावली पर्व की साफ सफाई निपटने के बाद कपड़े धोने के लिए गांव के पास गहबरा भवानी के बने रपटे में गई थी। कपड़े धुलते-धुलते अचानक पानी में डूब गई। इससे महिला की मौत हो गई। मौत की खबर सुनते ही ग्रामीणों का जमावड़ा लग गया। सूचना पर कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक अपने पीछे दो लड़के, तीन लड़कियों को रोता छोड़ गई है। मृतका के पुत्र रामू अनुरागी ने बताया कि सुबह घरेलू काम निपटाने के बाद रपटे में कपड़े धोने के लिए गई थी। जहां रपटे में डूबने पर मौत हो गई। कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। जांच पड़ताल के उपरांत आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।



महिला के घर के बाहर लगी ग्रामीणों की भीड़। अमृत विचार

### अधिक शराब पीने से अधेड़ की हुई मौत

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** कस्बे के चांद थोक में गुरुवार को अत्याधिक शराब पीने से एक अधेड़ की मौत हो गई। सुबह बेहोशी की हालत में देखकर परिजन सदर अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कस्बे के चांद थोक निवासी राजू विश्वकर्मा (40) पुत्र मैयादीन बढ़ई गिरी का काम करता था। वह शराब का लती था। गुरुवार को देर शाम अत्यधिक शराब पी और मोहल्ले में आकर बेहोश होकर गिर पड़ा। रात भर खुले में पड़ा रहा। सुबह जानकारी होने पर परिजन उसे उठाकर बेहोशी की हालत में सदर अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है। मृतक के बड़े भाई पप्पू विश्वकर्मा ने बताया कि मृतक शराब का लती था। अत्याधिक शराब पीने से मौत होने की आशंका है।

## पति व ससुरालीजनों पर लगाया मारपीट का आरोप

**राठ(हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के नदना गांव में पति सहित अन्य ससुरालीजनों ने ससुराल में अलग-अलग तलाक रह रही महिला के साथ गाली गलौज कर उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी तथा महिला को जान से मारने की धमकी दे डाली घटना के बाद पीड़ित महिला ने रात कोतवाली में लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है राठ कोतवाली क्षेत्र के मध्य ना गांव की निवासी महिला पूनम ने आज शुक्रवार को राठ कोतवाली में घटना की लिखित तहरीर देकर बताया कि उसका पति उसे साथ नहीं रखता है तथा वह ससुराल में ही अलग कमरे में रहती है। गुरुवार की रात पति के अलावा ससुरालीजनों ने उसे गालियां दीं, विरोध करने पर बेरहमी से पिटाई कर दी तथा दीपावली के पर्व पर उसे जान से मारने की धमकी दे डाली। घटना के बाद पीड़ित महिला ने राठ कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

# महिला ने फांसी का फंदा लगाकर की आत्महत्या

संवाददाता, बिवांर (हमीरपुर)

- सायर गांव के मोहनपुरवा मोहल्ला का मामला

**अमृत विचार।** अज्ञात कारण के चलते रात में महिला ने घर की धन्नी में साड़ी बांधकर गले में फांसी का फंदा डालकर आत्महत्या कर ली। पति की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है। घटना से परिजनों में कोहराम मचा है।

थानाक्षेत्र के सायर गांव के मोहनपुरवा मोहल्ला निवासी संगीता 40 पत्नी इंद्रपाल का पति सूरत में रहकर मजदूरी करता है। उसका पति करवा चौथ को सूरत से घर आया था। रात में पति ने शराब पी ली थी। नशे में किसी बात को लेकर पत्नी से विवाद हो गया। रात को पति आंगन में जाकर सो गया है। पत्नी कमरे के अंदर अपनी पुत्री व दो पुत्रों के साथ सो गई। रात में जब परिजन गहरी नींद में सो गए तो महिला ने अपनी साड़ी को खपरैल की धन्नी में बांधकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह पति ने देखा तो महिला फांसी के फंदे में लटक रही थी। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। पति की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थी। वहीं मृतका के भाई धीरेंद्र पुत्र छोटे पाल निवासी ग्राम लोदीपुरा थाना कदौरा जिला जालौन ने पति इंद्रपाल और जेठ रजेपाल के खिलाफ हत्या करने का आरोप लगाते हुए थाना में तहरीर दी है। वहीं थाना प्रभारी नंदराम प्रजापति ने मृतका के भाई द्वारा दी गई तहरीर से इनकार करते हुए कहा कि उन्हें ऐसी कोई तहरीर नहीं मिली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्यवाही की जाएगी।



संगीता।

# पटाखों के उपयोग और बिक्री में बरतें सावधानी

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** दीपावली पर्व के अवसर पर पटाखों के असावधानी पूर्वक निर्माण या प्रयोग से होने वाली जनहानि की रोकथाम के लिए अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विजय शंकर तिवारी ने एडवाइजरी जारी की है। एडीएम ने कहा कि जनपद में सम्भावित अग्नि दुर्घटनाओं एवं अन्य अप्रिय घटनाओं की रोकथाम के लिए जारी शासनादेशों को समस्त संबंधित विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों को अनुपालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। कहा कि केवल लाइसेंस प्राप्त इकाइयों द्वारा ही पटाखों का निर्माण किया जाए, अवैध रूप से संचालित इकाइयों पर कार्रवाई की जाए। निर्माण इकाइयों में फायर अलार्म सिस्टम एवं अग्निशमन उपकरणों, रेत तथा पर्याप्त पानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। धूम्रपान, मोबाइल फोन का प्रयोग वर्जित हो, सभी कर्मियों को सुरक्षा प्रशिक्षण दिया जाना एवं सुरक्षा वर्दी पहनना अनिवार्य है। किसी भी आपात स्थिति में तुरंत फायर सर्विस (101) या आपातकालीन नंबर (112) पर संपर्क करें। केवल वैध लाइसेंसधारी विक्रेता द्वारा ही पटाखों की बिक्री की जाए। दुकानें खुले मैदान तथा हवादार स्थानों पर लगाई जाएं। दुकान में अग्निशमन यंत्र, रेत और पानी की बाल्टियां तत्काल प्रयोग के लिये हर समय उपलब्ध रहें। दुकान के आसपास धूम्रपान या खुली आग का प्रयोग पूर्णतया वर्जित है। ज्वलनशील पदार्थों (तेल, पेट्रोल, गैस आदि) के पास पटाखों को रखा जाना अथवा भंडारण न किया जाना सहित अन्य सावधानियां बरती जाए।

## 15 नवंबर तक चलेगा किसान आईडी बनाने का अभियान

**हमीरपुर।** उप कृषि निदेशक ने बताया कि एग्री स्टैक योजनान्तर्गत जनपद में 16 अक्टूबर से 15 नवम्बर तक किसान आईडी बनाए जाने का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें किसान फार्मर रजिस्ट्री पोर्टल से दिए गए लिंक से स्वयं ही फार्मर आईडी बना सकते हैं। इसके अलावा ग्राम पंचायतों में स्थित पंचायत भवन में पंचायत सहायक के माध्यम से, अपने नजदीकी जन सुविधा केन्द्र (सीएससी) पर, कृषि विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारी व राजस्व विभाग के लेखपाल के माध्यम से कैंप मोड में फार्मर आईडी बनवा सकते हैं। किसानों से अपील कि है कि वह स्वयं जन सुविधा केन्द्र से पंचायत सहायकों के माध्यम से अथवा कृषि एवं राजस्व विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारियों के माध्यम से फार्मर आईडी बनवा लें।

# स्टेडियम-ए ने आशीष नेहरा क्रिकेट एकेडमी को हराकर जीता फाइनल

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** पं.दीनदयाल उपाध्याय जन्मशताब्दी वर्ष के अवसर पर जिला स्तरीय जूनियर (अंडर-19) वर्ग क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच फाइनल मैच आशीष नेहरा क्रिकेट एकेडमी राठ एवं स्टेडियम ए के मध्य राजकीय स्पोर्ट्स स्टेडियम हमीरपुर में खेला गया। स्टेडियम ए ने आशीष नेहरा क्रिकेट एकेडमी राठ को 6 विकेट से हराकर विजेता रही।

खेल निदेशालय उप्र खेल भवन, लखनऊ के निर्देशानुसार पं.दीनदयाल उपाध्याय जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर जिला स्तरीय जूनियर (अंडर-19) वर्ग की क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच शुक्रवार को राजकीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में खेला गया। फाइनल मैच आशीष नेहरा क्रिकेट एकेडमी राठ एवं स्टेडियम ए के मध्य खेला गया। जिसका उद्घाटन चेयरमैन कुलदीप निषाद व ब्लॉक प्रमुख कुरारा आशीष पालीवाल ने किया। मैच में आशीष नेहरा क्रिकेट एकेडमी राठ ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 81 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। 82 रनों का पीछा करते हुए स्टेडियम ए हमीरपुर ने 15 ओवरों में 4 विकेट खोकर लक्ष्य प्राप्त कर लिया। स्टेडियम ए ने आशीष नेहरा क्रिकेट एकेडमी राठ को 6 विकेट से हराकर विजेता रही। इस मौके पर क्रीड़ाधिकारी बृजेश कुमार सोनी, शुभम वर्मा, जीतेन्द्र सिंह, दुर्गा प्रसाद गुप्ता, शैलेन्द्र कुमार आदि उपस्थित रहे।



मैच से पहले खिलाड़ियों का परिचय लेते मुख्य अतिथि। अमृत विचार

## जीपीएस मैपिंग के बाद होगी अधिग्रहण की कार्रवाई

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** कानपुर से कबरई तक बनने वाले ग्रीन फील्ड हाईवे का एनएचएआई ने जीपीएस मैपिंग का कार्य शुरू कराया है। इस कार्य के पूर्ण होने के उपरांत किसानों की भूमि का अधिग्रहण करके मुआवजा दिया जाएगा। इसके उपरांत मई तक इसका निर्माण शुरू होगा। कानपुर से कबरई तक राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने फोरलेन ग्रीन फील्ड हाईवे को स्वीकृत प्रदान की है। स्वायल टेस्टिंग के बाद अब एनएचएआई ने जीपीएस मैपिंग कार्य राजस्व कर्मियों को साथ लेकर शुरू किया है।

एनएचएआई के सहायक अभियंता नीरज कुमार सिंह ने बताया कि जीपीएस मैपिंग कार्य पूर्ण होने के बाद किसानों की भूमि का अधिग्रहण करके मुआवजा दिया जाएगा। इसके बाद मई तक इसका निर्माण कार्य शुरू होगा।

# केन्द्रीय विद्यालय में द्वितीय सोपान का दो दिवसीय परीक्षण सम्पन्न

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** केंद्रीय विद्यालय में दो दिवसीय द्वितीय सोपान के परीक्षण शिविर में विद्यालय के प्रथम सोपान उत्तीर्ण कर चुके स्काउट्स व गाइड्स ने प्रतिभाग किया। प्रथम दिन की शुरुआत स्काउट प्रार्थना से हुई। स्काउट मास्टर निशांत कुमार व गाइड कैप्टन अंकिता ने प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों को स्काउट प्रार्थना, झंडा गीत, विभिन्न गांठों को बनाना व उनके दैनिक जीवन में उनके उपयोग, बीपी 6 एक्सरसाइज आदि का अभ्यास कराया।

प्राचार्य राजमंगल यादव ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए दैनिक जीवन में विभिन्न गतिविधियों के उपयोग पर प्रकाश डालकर स्काउट्स की महत्ता को स्पष्ट किया। सोपान के अंतिम दिन स्काउट्स व गाइड्स द्वारा बनाये गए टेंट का प्राचार्य राजमंगल यादव ने निरीक्षण कर उनकी उपयोगिता व महत्व पर प्रकाश डाला।

इस दौरान सभी प्रतिभागियों ने नो फायर कुकिंग के अंतर्गत विभिन्न व्यंजनों को बनाया। अंतिम दिन लिखित परीक्षा, लॉग बुक व दक्षता पदक आदि का मूल्यांकन करते हुए सफल विद्यार्थियों को तृतीय सोपान के लिए प्रोन्नत किया गया।



परीक्षण शिविर में जांच करते स्काउट मास्टर। अमृत विचार

## भाकियू ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**हमीरपुर।** भाकियू (अराजनैतिक) ने किसानों की विभिन्न समस्या को लेकर शुक्रवार को कलेक्ट्रेट के गोल चबूतरे में मासिक पंचायत आहूत की। इस दौरान उन्होंने पांच सूत्री मांगों का ज्ञापन अतिरिक्त एसडीएम को सौंपा है।जिसमे उन्होंने मांगे पूरी ना होने पर आगामी माह नवंबर में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है। भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के जिलाध्यक्ष शिवपूजन निषाद के नेतृत्व में पांच सूत्री मांग की है। इस दौरान डॉ.भूपेंद्र सिंह भदौरिया, हरिशंकर, संजय कुमार, जयकरण निषाद, बलबीर वर्मा, सुरेश रहे।

# समिति में नहीं मिल रही खाद खाली हाथ लौट रहे किसान

संवाददाता, बिवांर (हमीरपुर)

- किसान मजबूरी में निजी दुकानों से खरीद रहे महंगी दर से खाद

**अमृत विचार।** सहकारी समिति में खाद के समाप्त होने पर किसान समिति के चक्कर लगाकर वापस लौटने के लिए मजबूर हो रहे हैं। वहीं किसान निजी दुकान से खाद की खरीदारी कर फसलों की बुआई में जुटा है।

सहकारी समिति से खाद के मिलने पर किसान उसी के भरोसे पर बना रहता है। किसान अपने खेत की जुताई कर रबी फसल की बुआई किए जाने की तैयारी में लगा है। इसके लिए किसानों को खाद की जरूरत है। समिति में खाद समाप्त हो गई है। जिसके चलते किसानों को समिति से खाद नहीं मिल पा रही है। किसान खाद के लिए समिति के चक्कर काट कर खाली हाथ वापस लौटने के लिए मजबूर हो रहे हैं। समिति में खाद न मिलने पर किसान मजबूरी में निजी दुकानों से महंगी दर में खरीद रहे है। समिति में तैनात सचिव रामफल यादव ने बताया कि खाद समाप्त हो गई है। दोपहर को एक ट्रक खाद भेजी गई है। एक ट्रक खाद और आने पर वितरित किए जाने का कार्य दीपावली के बाद किया जाएगा। खाद के आने के लिए पीसीएफ गोदाम में आरटीजीएस की हुई है। खाद के आने पर किसानों में वितरित किए जाने का कार्य किया जाएगा।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

**निर्देश** | **कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी ने ली बैठक**

# कर करेत्तर कार्यों में शिथिलता पर होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** कर करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में आबकारी, विद्युत, स्टाम्प व निबंधक, वाणिज्यकर, परिवहन, विद्युत, खनन, नगर निकायों आदि से सम्बंधित अधिकारियों को कार्य में विशेष रुचि लेकर लक्ष्य के अनुरूप रणनीति बनाकर कर संग्रह के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि सभी विभाग शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति करें ताकि सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग प्रभावित न हो। कर करेत्तर के कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए, अन्यथा कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि दीपावली के त्योहार में खोवा की काफी मांग रहती है, जिसमें मिलावट की संभावना हो सकती है। इसलिए सघन चेकिंग करते हुए मिलावट खोरी करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने पर्व में विशेष साफ-सफाई अभियान चलाने, निर्बाध विद्युत आपूर्ति बनाए रखने के निर्देश दिए।

उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने अपने क्षेत्र के अंतर्गत सरकारी भूमि को चिन्हित कर सुरक्षित कर दें, ताकि उस पर कब्जे न हों। बैठक में एडीएम वित्त एवं राजस्व विजय शंकर तिवारी, एडीएम न्यायिक रिजवाना शाहिद, एडीएम नमामि गंगे सुरेश कुमार, एसडीएम सदर केडी शर्मा, एसडीएम राठ अभिमन्यु कुमार सहित कर करेत्तर व राजस्व से संबंधित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।



कर करेत्तर की बैठक लेते डीएम घनश्याम मीना। अमृत विचार


## कार्यालय ग्राम पंचायत धगवॉ विकासखण्ड सरीला (हमीरपुर)

पत्रांक मेमो/मनरेगा/विज्ञप्ति/ 2025-26 | **अतिअल्पकालीननिविदा-सूचना** | दिनांक 17/10/2025

महामहिम राज्यपाल महोदय की ओर से लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा एवं लघु सिंचाई विभाग एवं व्यापार कर विभाग में पंजीकृत आपूर्तिकर्ताओं से मनरेगा योजना के अंतर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्यों हेतु निविदायें दिनांक 28 .10 .2025 तक कार्यालय ग्राम पंचायत धगवॉ विकासखंड सरीला में आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक18 .10 .2025 से 28 .10 .2025 तक बेची जाएंगी तथा दिनांक 28 .10 .2025 को 2 :00 बजे तक शील्ड बॉक्स में डाली जाएंगी तथा 28 .10 .2025 को दोपहर समय 3 :00 बजे निविदादाताओं के समक्ष खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र निर्धारित मूल्य देकर कार्यालय ग्राम पंचायत धगवॉ विकासखंड सरीला से प्राप्त की जा सकती है। निविदा के साथ रसीदी टिकट पर हस्ताक्षर युक्त 100 रुपये मूल्य का स्टाम्प पेपर संलग्न करना अनिवार्य है। बिना कारण बताये किसी भी निविदा को आंशिक अथवा पूर्ण रूप से अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा। कार्यालय अवधि में कार्य का समस्त विवरण देखा जा सकता है।

| क्रमांक | योजना | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | धरोहर राशि 2 प्रतिशत | निविदा का मूल्य+ टी0टी0 | कार्य पूर्ण होने की अवधि | ग्राम पंचायत का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | मनरेगा | ग्रा0 पं0 धगवॉ में गौशाला से खलाल के मकान तक सोलिंग कार्य | 2.026 | 4053 | 225+41 | 3 माह | धगवॉ |
| 2 | मनरेगा | ग्रा0पं0 धगवॉ में रामशंकर के बियारे से शमशान चबूतरा तक सीसी निर्माण कार्य | 8.694 | 17388 | 500+90 | 3 माह | धगवॉ |
| 3 | मनरेगा | ग्रा0पं0 धगवॉ में अमृत सरोवर तालाब में खेल मैदान साइड रोप दीवार निर्माण | 3.572 | 7144 | 500+90 | 3 माह | धगवॉ |
| 4 | मनरेगा | ग्रा0पं0 धगवॉ में अमृत सरोवर तालाब से खो-खो माता मंदिर तक इंटरलॉकिंग कार्य | 4.401 | 8803 | 500+90 | 3 माह | धगवॉ |

**अन्य शर्तें :-----------**

1. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। 2. प्रतिशत में अंकित दरें मान्य नहीं की जाएंगी। 3. किसी भी दशा में अग्रिम भुगतान नहीं किया जाएगा। 4. आपूर्तिकर्ता निविदा डालने के पूर्व कार्यस्थल का निरीक्षण कर लें। 5. सामग्री की आपूर्ति निर्धारित अवधि में पूर्ण न करने पर अनुबन्ध की शर्तों के अनुसार कार्यवाही की जाएगी। 6. नियमानुसार स्टाम्प ड्यूटीएवं अन्य देयकर आपूर्तिकर्ता द्वारा वहन किया जाएगा। 7. रायल्टी से सम्बन्धित प्रपत्र एम0एम0-11 अन्तिम भुगतान के समय कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा की स्थिति में 'नियमानुसार रायल्टी की कटौती बिल से कर ली जाएगी। 8. किसी भी निविदादाता को जिसका आपराधिक रिकार्ड हो निविदा प्रक्रिया में भाग लेने के लिए अनुमति नहीं दी जा सकती है। यदि ऐसा पाया जाता है तो निविदा अस्वीकार की जाएगी। 9. निविदा की वैधता निविदा प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि से 90 दिवस होगी। एक बार प्रस्तुत की गई निविदा वापिस नहीं ली जा सकती है। 10. किसी भी प्रकार का वाद मात्र हमीरपुर न्यायालय में ही मान्य होगा।

**ग्राम प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत धगवॉ, विकासखण्ड-सरीला (हमीरपुर)**

अमृत विचार

कानपुर, शनिवार 18 अक्टूबर 2025

महोबा- जालौन

न्यूज ब्रीफ

### पुरानी पेंशन पात्रता संबंधी फार्म भिजवाने की मांग

**हमीरपुर।** राजस्व संग्रह अमीनों और अनुसेवकों ने नियुक्ति अभिलेख के आधार पर पुरानी पेंशन पात्रता संनियुक्ति अभिलेख के आधार पर पुरानी पेंशन पात्रता संबंधी फार्म बंधी फार्म राजस्व परिषद भेजने की मांग को लेकर शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने जिलाधिकारी घनश्याम मीना को ज्ञापन सौंपा है। जिले के राजस्व संग्रह अमीनों और अनुसेवको में संजय निगम, सुरेश कुमार सैनी, कालीचरण,बल्लभ दास, राम मनोहर राजकुमार सिंह, विकास, अफजल अहमद, संतराम श्याम चरण, श्री राम हीरा बाबू आदि ने दिए ज्ञापन में बताया कि जिले की तहसीलों में राजस्व संग्रह अमीन व राजस्व संग्रह अनुसेवक के पद पर कार्यरत हैं। राजस्व परिषद व शासन द्वारा पुरानी पेंशन हेतु शासनादेश जारी कर पात्र अभ्यर्थियों के विकल्प फार्म मांगे गये है। उन्होंने वर्ष 20 दिसम्बर 2004 की विज्ञप्ति के पूर्व से ही सीजनल संग्रह अमीनों / सीजनल संग्रह अनुसेवकों के पदों पर कार्य किया है एंव वर्ष 2001 में ही पात्र थे। जिनकी नियुक्ति पात्रता सूची के आधार पर हुई थी। उन्होंने नियुक्ति अभिलेखों के आधार पर पुरानी पेंशन पात्रता सम्बन्धी फार्म राजस्व परिषद को संस्तुति सहित भिजवाने की मांग की है जिससे उन्हें भी पुरानी पेंशन का लाभ प्राप्त हो सके।

### दो ग्राम पंचायतों में लगी चौपाल, सुनीं समस्याएं

**कुरारा (हमीरपुर)।** विकासखंड क्षेत्र के बेरी व पतारा ग्राम पंचायत में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें पीएम आवासों का मुद्दा छाया रहा। विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत पतारा में सचिव नीरज सचान की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें गांव के राजेंद्र प्रसाद, भिखहु प्रसाद ने पीएम आवास की मांग की। जिस पर विभाग द्वारा बताया गया कि सर्वे हो गया है, पात्रता सूची में नाम दर्ज किया गया है। वही बेरी गांव में खंड विकास अधिकारी की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल आयोजित की गई। जिसमें प्रीतम ने हैंडपंप मरम्मत की मांग की। ग्राम चौपाल में ग्राम प्रधान बेरी अनिल अनुरागी, पतारा प्रधान माया देवी, सचिव ब्रजेश शुक्ला, कोटेदार, एएनएम, आशा, आंगनवाड़ी कार्यकत्री आदि मौजूद रहे।

### छात्रा ने फांसी लगाकर दे दी जान

**मौदहा (हमीरपुर)।** कस्बे में अपने भाई व बहन के साथ रह रही कक्षा 11 की छात्रा ने दिन के तीसरे पहर अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर जान दे दी। मृतक छात्रा के मामा व भाई उसे जिंदा होने की उम्मीद से कस्बे के सरकारी अस्पताल ले गए( जहां चिकित्सकों ने छात्रा को मृत घोषित कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के तिंदुही गांव निवासी खुशबू ( 16) पुत्री भूरा कुशवाहा कस्बे के नेशनल रोड स्थित एक मकान में किराए से पढ़ाई करने के लिए अपनी बहन व भाई के साथ रहती थी। मृतक खुशबू के मामा सीताराम ने बताया कि दोपहर 2 बजे उसका भाई उसे कमरे में सोता हुआ छोड़कर कोचिंग पढ़ने के लिए गया था। कोचिंग पढ़ने के बाद जब वह वापस लौटा तो उसने अपनी बहन खुशबू को कमरे के रोशनदान में लगी जाली से अपनी बहन को दुपट्टे के सहारे लटकते हुए देखा तो उसने घटना की जानकारी सीताराम को दी। मौके पर पहुंचे दोनों ने खुशबू को कस्बे के सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे। चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

# घायल वकीलों को वितरित की सहायता राशि की चेक

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** हादसे में घायल अधिवक्ताओं को सहायता राशि के चेक शुक्रवार को उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के सह अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने दिए। साथ ही उन्हें जल्द से जल्द स्वास्थ्य बीमा सुविधा दिलाने का आश्वासन दिया। उन्होंने जिला न्यायालय परिसर का भ्रमण कर अधिवक्ताओं से संपर्क किया, लाइब्रेरी में बैठक कर आगामी चुनाव की तैयारियों पर चर्चा की। इस मौके पर भारी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

जिला अधिवक्ता समिति कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में श्याम किशोर द्विवेदी, कामता शरण श्रीवास्तव व माही शेख समेत पांच अधिवक्ताओं को सहायता राशि प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि बार काउंसिल पिछले 4 वर्ष में जिले के 21 दिवंगत अधिवक्ताओं के परिजनों को 5-5 लाख रुपये की सहायता राशि दे चुका है। उनका प्रयास है कि यह राशि बढ़कर 20 लाख हो जाए साथ ही प्रदेश की सभी बार लाइब्रेरी आनलाइन हो जाएं। ई-लाइब्रेरी की सुविधा सभी अधिवक्ताओं को मिले। सह अध्यक्ष ने कहा कि अधिवक्ताओं की गंभीर बीमारी या दुर्घटना से मौत और घायल होने पर बार काउंसिल प्रयागराज चेक वितरित करता है। कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष राम सहाय राजपूत व महामंत्री अजीत परिहार, पूर्व महामंत्री कृष्ण गोपाल द्विवेदी, कोमल यादव आदि रहे।



अधिवक्ताओं के साथ जाते बार काउंसिल के सह अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह।

# धनतेरस आज, बाजार सजकर तैयार

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** धनतेरस पर्व को लेकर जिले के सोने चांदी, ऑटोमोबाइल, बर्तन, इलेक्ट्रॉनिक्स की ज्यादातर दुकानें धनतेरस को लेकर सज गई हैं और कुछ दुकानों ने सजाने के कार्य को अंतिम रूप दिया।

धनवंतरि देव के जन्मदिन धनतेरस पर खरीदारी का महत्व है। इसी को लेकर बर्तन से लेकर सोने चांदी की दुकानों और वाहनों के शो रूमों के मालिकों द्वारा धनतेरस पर्व का बेसब्री से इंतजार किया जाता है। इसी के चलते धनतेरस को लेकर शुक्रवार को दुकानदारों व शोरूम मालिक ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए तरह तरह की सजावट व उपहारों देने की तैयारियों जुटे देखे गए। इस पर्व पर लोग दो पहिया से लेकर चार पहिया वाहन, चम्मच कुकर, टीवी से लेकर वाशिंग मशीन और सोने चांदी के आभूषण व सिक्कों सहित तमाम वस्तुओं की भी खरीदारी करते हैं। शहर के सोने चांदी, बर्तन, इलेक्ट्रानिक्स, कपड़ों के अलावा खानपान की दुकानों के दुकानदारों ने धनतेरस के एक दो दिन पहले से ही ग्राहकों की सुविधानुसार तैयारियां कर रहे हैं। ज्वैलर्स दुकानदारों ने लाइट वेट व हैवी डिजाइन वाले आभूषण भी बाजार में बड़ी संख्या में स्टाक किया है। लोगों की कम से कम वजन में खूबसूरत दिखने वाले आभूषणों की अधिक मांग रहती है और मांग के अनुसार व्यापारियों ने भी ऐसे आभूषण अधिक मात्रा में मंगवाए हैं।



ज्वैलर्स की दुकान में अभूषण देखतीं महिलाएं।

### पूजन सामग्री की दुकानों में दिखने लगी भीड़

- धनतेरस और दीपावली पर्व में गणेश, लक्ष्मी के पूजा केलिए देवी–देवताओं की मूर्तियों की खरीदारी भी होती है, जिसके चलते गणेश लक्ष्मी, कुबेर व गंगाजी की मूर्तियों की भी दुकानें बड़ी संख्या में बाजार में सजाई जा चुकी हैं। इसमें शुक्रवार को ही भीड़ दिखी। धनतेरस में हॉलमार्क आभूषण पर पांच बेहद छोटे चिह्न बनाए जाते हैं, जिनका अपना अपना महत्व है। पहला तिकोन का निशान जो बीआईएस का मार्क है। दूसरा मार्का अंक है जो शुद्धता कैरेट बताता है। तीसरा मार्का हॉलमार्क करने वाले केंद्र का होता है। चौथा निशान अल्फाबेट में होता है। जो हॉलमार्किंग करने का वर्ष बताता है और पांचवा निशान सराफा करोबारी का होता है।

# टोकन के बाद भी खाद न मिलने से किसानों ने जमकर काटा हंगामा

## सहकारी संघ पहुंचे नायब तहसीलदार को जांच में 80 बोरी खाद मिली कम

संवाददाता, बेलाताल (महोबा)

**अमृत विचार।** जैतपुर में शुक्रवार को सहकारी संघ और पीसीएफ में डीएपी खाद वितरण के दौरान सहकारी संघ ने टोकन बांटने के बाद भी 80 किसानों को खाद नहीं दी, इस पर लाइन में लगे किसानों का गुस्सा फूट पड़ा और किसानों ने सहकारी संघ परिसर में जमकर हंगामा काटा। इसकी सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार कुलपहाड़ पंकज गौतम ने जांच की। नायब तहसीलदार ने बताया कि जांच के दौरान 80 बोरियों का कोई अतापता नहीं चला।

जिले में डीएपी खाद को लेकर चल रही मारामारी के चलते शुक्रवार को सहकारी संघ में 500 बोरी डीएपी खाद और 1000 बोरी पीसीएफ जैतपुर में भेजी गई, जहां सुबह से ही खाद लेने के लिए किसानों की भारी भीड़ जमा हो गई। किसान खाद के लिए लाइनों पर लग गए। खाद वितरण की प्रक्रिया शुरू होने के बाद सहकारी संघ ने 500 किसानों में टोकन बांट दिए। अब किसान खाद लेने के लिए लाइन पर लग गए। घंटों इंतजार के बाद किसानों का नम्बर आने पर 80 किसानों को टोकन मिलने के बाद भी खाद नहीं मिली, इससे किसानों ने सहकारी संघ परिसर में जमकर हंगामा काटा। मामला बढ़ता देख उच्चाधिकारियों को सूचना दी गई, जिस पर तहसीलदार ने नायब तहसीलदार कुलपहाड़ को जांच अधिकारी बनाकर भेजा।

नायब तहसीलदार ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। जांच के दौरान 80 बोरी खाद कम मिलने पर नायब तहसीलदार ने नाराजगी जताई साथ ही किसानों को जल्द खाद उपलब्ध कराए जाने का आश्वासन दिया।

नायब तहसीलदार ने बताया कि जांच के दौरान 80 बोरियां कम पाई गई हैं। इसका हिसाब न मिलने पर जांच रिपोर्ट तैयार कर ली गई है, जिसे एआर कोआपरेटिव को सौंपी जाएगी। उधर सहकारी संघ के प्रभारी राजकिशोर द्विवेदी का कहना है कि 500 बोरियां आने पर 500 किसानों को टोकर बांटे गए थे, जिससे किसी भी तरह की अव्यवस्था न हो सके, लेकिन अंत में किसानों की एकाएक भारी भीड़ जुटने के कारण कुछ किसान समिति कक्ष में घुस आए और टेबल के नीचे रखे टोकन उठा ले गए और पुनः लाइन में लग गए, ऐसे ही 80 किसान डीएपी खाद पाने से वंचित रह गए, जबकि मेरे द्वारा 500 बोरी खाद का वितरण किया गया है।





सहकारी संघ में जांच करते नायब तहसीलदार। अमृत विचार

### कक्षा 9 से 12 के बच्चों को बांटी छात्रवृत्ति

**महोबा।** राजकीय बालिका इंटर कालेज में शुक्रवार को जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की मौजूदगी में छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी व अन्य अधिकारियों ने कक्षा 9 से इंटरमीडिएट के सामान्य पिछड़ा व अनुसूचित जाति के 6836 छात्र छात्राओं के साथ साथ पिछड़ा व अल्पसंख्यक वर्ग के विद्यार्थियों को भी स्वीकृति पत्रों के माध्यम से छात्रवृत्ति का वितरण किया गया।

शुक्रवार को पीएमश्री जीजीआईसी में आयोजित किए गए कार्यक्रम के दौरान जिला समाज कल्याण अधिकारी शशिकांत सिंह ने बताया कि पूर्वदशम (कक्षा 9-10) एवं दशमोत्तर (कक्षा 11-12) के छात्र, छात्राओं को छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत डीवीटी के माध्यम से छात्रवृत्ति की धनराशि निदेशालय स्तर से अन्तरित की गई है। कक्षा 9-10 में अनुसूचित जाति 2823 सामान्य वर्ग 943 एवं कक्षा 11-12 के अनुसूचित जाति 2240 सामान्य वर्ग 830 के छात्र/छात्राओं के साथ ही साथ पिछड़ा वर्ग व अल्पसंख्यक वर्ग के छात्र, छात्राओं को भी छात्रवृत्ति दी गई।

# बाजार मार्ग पर तीन और चार पहिया वाहन नहीं करेंगे प्रवेश

रूट डायवर्जन

- दीपावली पर्व को लेकर एसपी ने जारी किए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** दीपावली पर्व पर नगर में होने वाली भीड़ के चलते लोगों को जाम की समस्याओं से निजात दिलाए जाने को लेकर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर शहर के रूट का डायवर्जन प्लान तैयार कर लिया गया हैं। मेन बाजार की सभी प्रमुख सड़कों पर तीन व चार पहिया वाहनों का प्रवेश प्रतिबंध रहेगा।

पुलिस के तैयार किए गए रूट डायवर्जन चार्ट के अनुसार कबरई दिशा से आने वाले ट्रक, डंपर आदि बड़े वाहनों को हमीरपुर चुंगी से आगे शहर में प्रवेश नहीं मिलेगा। ऐसे वाहन सागर रोड, पुलिस लाइन बाईपास से होकर कुलपहाड़, चरखारी की ओर जाएंगे। सुभाष चौकी से रामकथा मार्ग तक वन-वे सिस्टम लागू किया गया और इस मार्ग के अलावा चकिया गली, ऊदल चौक, सर्राफा व मुख्य बाजार में तीन, चार पहिया व ई-रिक्शा का प्रवेश पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया गया है। शहर के झलकारी बाई तिराहा पर भारी वाहनों पर नो एंट्री रहेगी और सभी बड़े वाहन राठ चुंगी, रामनगर तिराह, पुलिस लाइन तिराहा मार्ग से गुजरेंगे साथ ही प्रमुख तिराहों पर यातायात कर्मियों की ड्यूटी व कमांड सेंटर से निगरानी सुनिश्चित की गई है।

पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह ने बताया कि वाहन चालते समय चालाक को यातायात नियमों का पालन करना चाहिए, इससे स्वयं व दूसरों को दुर्घटनाओं से बचाया जा सके। कहा कि दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का अवश्य प्रयोग करें। साथ ही चार पहिया वाहन चालने वाले व उसमें बैठे लोग भी सीट बेल्ट अवश्य लगाएं। उन्होंने कहा कि वाहनों को हमेशा पार्किंक स्थल पर ही खड़ा करें, जिससे अन्य लोगों को जाम की समस्या से न जूझना पड़े। जिले वासियों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की है।

# धनतेरस पर बजरिया के नए अंडरपास पर दौड़ेंगे छोटे वाहन

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- 6.52 करोड़ रुपये की लागत से 310 मीटर लम्बा, 7 मीटर चौड़ा बनाया गया अंडर पास

**अमृत विचार।** 6.52 करोड़ रुपये की लागत से 310 मीटर लम्बा और 07 मीटर चौड़ा बजरिया में बनाया गया अंडर पास पर 18 अक्टूबर को धनतेरस के दिन छोटे वाहन दौड़ेंगे।

एक दशक पहले बजरिया रेलवे क्रासिंग में अंडरपास बनाया गया था जो बरसात में जल भराव के कारण परेशानी का सबब बन गया है। जाम लगना वहां आम बात हो गई थी। तत्कालीन सांसद पुष्पेंद्र चंदेल के प्रयास से नया सीमित वाहन निकासी अंडरपास का निर्माण कराया गया है, जिसमें केवल छोटे वाहन बाइक आदि ही निकल सकेंगे। इससे लोगों को यातायात के दबाव से मुक्ति मिलने के साथ चरखारी बजरिया जाने का सुगम मार्ग मिल जायेगा। धनतेरस के अवसर पर झांसी रेल मंडल महोबा के नागरिकों और यात्रियों के लिए एक महत्वपूर्ण सुविधा है। लगभग 310 मीटर लंबा और 7 मीटर चौड़ा यह उपमार्ग दो 3 वाई 2.75 मीटर के ब्रिज सेगमेंट और 65 मीटर बैरल लंबाई के साथ तैयार किया गया है। करीब 6.52 करोड़ की लागत से निर्मित यह परियोजना प्रतिदिन लगभग 1000 वाहनों को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा प्रदान करेगी। साथ ही लोगों को लगभग 1 किलोमीटर कम दूरी तय करनी नई सुविधा से यातायात सुरक्षा, समय की बचत तथा सड़क की सुगमता में उल्लेखनीय सुधार होगा। यह पहल धनतेरस के अवसर पर नागरिकों के लिए झांसी मंडल का एक बड़ा उपहार साबित होगा। मंडल रेल प्रबंधक अनिरुद्ध कुमार ने बताया कि झांसी रेल मंडल क्षेत्र के सर्वांगीण विकास और यात्री सुविधाओं के विस्तार के लिए सतत प्रयासरत है। जिले का यह नया सीमित ऊंचाई उप मार्ग स्थानीय नागरिकों की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करता है और क्षेत्रीय यातायात को और अधिक सुगम बनाएगा। हमारा लक्ष्य है कि भविष्य में भी ऐसी परियोजनाओं के माध्यम से जनता को आधुनिक एवं सुरक्षित सुविधाएं प्रदान की जाएं।

### नाले से अज्ञात शव बरामद

**महोबा।** जिला उपकारागार के सामने बने नाले में एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद होने से वहां के लोगों में खलबली मच गई। पुलिस ने शव को नाले से बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

शहर कोतवाली क्षेत्र के कानपुर-सागर हाईवे स्थित उपकारागार के पास से 35 वर्षीय युवक का शव नाले में पड़ दिखा। आसपास के दुकानदारों ने कोतवाली पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को नाले से बाहर निकाला और लोगों से मृतक के बावत जानकारी की, लेकिन कोई भी उसे पहचान नहीं सका। जिस पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस शव की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की भी गहनता से जांच कर रही है।

# दीपावली पर्व पर सजने-संवरने लगे घर

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** दीपावली पर्व को लेकर घरों को सजाया संवारा जा रहा है। चारों तरफ पुताई और रंग रोगन का कार्य चलने से पेंटरों को भी काम मिलने लगा और उसकी कमाई में खासा इजाफा हो रहा हैं। अक्सर काम के लिए परेशान रहने वाले पेंटरों को दीपावली पर्व के मौके पर खूब काम मिल रहा है। वहीं पेंट दुकानदारों की भी जमकर बिक्री हो रही है, जिससे दुकानदार अच्छी कमाई कर रहे हैं। घरों दुकानों के अलावा धार्मिक स्थलों को भी रंग रोगन कर चमकाया जा रहा है। सुबह से लेकर देर शाम तक पेंटर पुताई कार्य में जुटे रहते हैं।

दीपावली त्योहार को कुछ दिन शेष रह गए हैं, लोग घरों की रंगाई पुताई कर उन्हें विद्युत झालर लगाकर सजा संवार रहे हैं। वहीं पेंटर न मिलने पर कुछ लोग स्वयं अपने घरों की पुताई करने में जुट गए हैं। हालत यह है कि पेंटरों की अधिक मांग बढ़ने के कारण पेंटरों ने पुताई की कीमत भी बढ़ा दी है। उधर रंगों की दुकानों पर सुबह से शाम तक ग्राहकों की भरमार के चलते दुकानदारों की चांदी हो रही है। दुकानदारों ने भी मांग के अनुरूप अलग अलग तरह के कलर पेंटों का स्टाक पहले से मंगवा कर रख लिया था। 1200 रुपये से लेकर 12 हजार रुपये तक की पेंट की बाल्टी बिक रही है, जिससे लोगों को दीपावली त्योहार के मौके पर रंगाई पुताई कराना महंगा पड़ रहा है।

अब सफाई कर्मचारियों को प्रतिदिन सफाई के साथ साथ कचरे की गाड़ी लानी पड़ रही है।



मकान की दीवार की पुताई करता युवक। अमृत विचार

# एसडीओ की अगुवाई में चलाया गया बिजली चेकिंग अभियान

संवाददाता, कालपी जालौन

**अमृत विचार।** पावर कॉरपोरेशन के निर्देश के पर उपखंड अधिकारी धर्मेंद्र सिंह सचान की अगुवाई में लंबे अरसे से बकाया चल रहे उपभोक्ताओं के कनेक्शन की चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान तमाम कनेक्शन काटे गये। वहीं कई उपभोक्ताओं से बिल की वसूली की गई। वहीं बिजली विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने बिजली उपभोक्ताओं से कहा कि जिसका भी बिल बाकी है वह जल्द से जल्द अपना बिल जमा करे और अव्यवस्था से बचे।

एसडीओ ने बताया कि 1600 ऐसे उपभोक्ताओं को चिह्नित किया गया है, जिन्होंने काफी समय से विद्युत बिल जमा नहीं किया है और न ही विभाग में संपर्क किया है। ऐसे उपभोक्ताओं के घर जाकर कर्मचारियों के द्वारा उनको बिल का भुगतान करने के लिये प्रेरित किया गया। अवर अभियंता जितेंद्र कुमार, टी जी टू अभिषेक धीर, दिलीप कुमार, रिंकू पोरवाल आदि कर्मचारियों की टीमों के द्वारा नगर के मोहल्ला राम चबूतरा, सदर बाजार, अदल सराय, रावगंज, गणेशगंज, रामगंज, आदि स्थानों में बकायदार उपभोक्ताओं से संपर्क करके बकाए की धनराशि को जमा करने के लिए जागरूक किया।



चेकिंग करती विद्युत विभाग की टीम। अमृत विचार

### बिहारी घाट में यमुना मैया की आरती 23 को

**कालपी जालौन।** कालपी नगर में स्थित प्राचीन महत्त्व के बिहारी घाट के समीप यमुना मैया की अविरल धारा में 23 अक्टूबर को शाम 5 बजे दीप दान एवम यमुना मैया की महाआरती कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जायेगा। यह जानकारी कार्यक्रम संयोजक तथा समाजसेवी नरेंद्र तिवारी ने दी।

समाजिक संस्था रामो वामो क्लब कालपी के तत्वावधान में आयोजित होने जा रहे इस भव्य कार्यक्रम में कालपी नगर एवं क्षेत्र की जनता शामिल होकर भव्य आरती एवं दीप दान में भाग लेगी। यमुना मैया की महाआरती का कार्यक्रम पिछले 15 वर्षो से निरंतर समाजसेवी संस्था रामो वामो क्लब अयोजित कराया रहा है। रामो वामो क्लब के प्रवक्ता नरेन्द्र कुमार तिवारी तथा संस्था के अध्यक्ष महेंद्र कुमार गौतम ने बताया कि अयोजन में विधायक विनोद चतुर्वेदी मौजूद रहेंगे।

अव्यवस्था

पकड़े गए वाहनों के खड़े होने व मौरंग के ढेरों से सफाई व्यवस्था बाधित

# मंडी समिति में खड़े वाहनों से नहीं हो पा रही सफाई

संवाददाता, कालपी जालौन

- रोजाना बड़ी संख्या में यहां आते हैं किसान और व्यापारी

**अमृत विचार।** स्थानीय कृषि उत्पादन मंडी समिति के परिसर में विभिन्न अपराधों में पकड़े गए वाहनों के बेढंगे तरीके से खड़े होने व मौरंग के लगे ढेर के कारण सफाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है। इस पर व्यापारियों ने प्रशासन से सही गाड़ियां खड़ी कराने की बात कही है।

गल्ला मंडी के अंदर वेयर हाउस, कृषि व्यापार विपणन शाखा कार्यालय आदि कृषि विभाग के कार्यालय तथा गोदाम हैं। वहीं कर्मचारियों के आवास भी बने हैं। रोजाना सुबह से शाम तक किसानों, व्यापारियों, पल्लेदारों, तथा नागरिकों की अच्छी खासी उपस्थिति बनी रहती है। मंडी सचिव सतीश कुमार ने बताया कि मंडी का परिसर बहुत ही बड़ा है। परिसर में स्वच्छता व्यवस्था के लिए पांच आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की तैनाती है वही लोग सफाई कार्य देखते हैं। इधर विभिन्न अपराधों में समय-समय पर पकड़े गए छोटे-बड़े वाहन मंडी में आड़े तिरछे खड़े होने से काफी हिस्सा कबाड़ खाने के रूप में दिखता है। गैंगस्टर एक्ट के आरोपियों के दर्जन भर ट्रक डंपर लंबे अरसे से सीज होकर परिसर में खड़े हैं। इसके अलावा मंडी की सड़क में पकड़े गए ओवरलोड ट्रकों की मौरंग भी सीज पड़ी हुई है। इसके चलते मंडी समिति में सही से सफाई नहीं हो पाती है। वहीं व्यापारी राम प्रकाश पुरवार ने बताया कि गाड़ियों के खड़े होने से सफाई व्यवस्था प्रभावित होती है।



खड़े वाहनों के पास फैली गंदगी। अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### आज से प्रमोदवन में होगा तुलसी उत्सव

सीतापुर (चित्रकूट)। मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग के जनजातीय लोक कला एवं बोली विकास अकादमी तथा तुलसी शोध संस्थान चित्रकूट के संयुक्त तत्वावधान में 18 से 21 अक्टूबर तक तुलसी उत्सव- रघुनाथ गाथा समारोह का आयोजन प्रमोदवन में होगा। यह जानकारी निदेशक मंजूषा राजस जोहरी ने दी। बताया कि प्रत्येक दिन गोस्वामी तुलसी दास के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रस्तुतियां होंगी। रामकथा की भक्तिमयी, संगीतमयी प्रस्तुति, मानस व अन्य ग्रंथों पर चर्चा होगी। सुबह और शाम रामलीला मंचन होगा।

### सुलभ कांप्लेक्स में झुलसा युवक, भर्ती

मऊ (चित्रकूट)। नगर पंचायत मऊ के बस अड्डे में बने सुलभ कांप्लेक्स में शुक्रवार की दोपहर एक युवक झुलस गया। विजय चतुर्वेदी (27) निवासी अरवारा ने बताया कि वह मिश्रा ट्रेवल्स की बस में कंडक्टर है। अस्थाई बस अड्डे में बस रोककर चंद कदम की दूरी पर बने सुलभ कांप्लेक्स में शौच के लिए गया। जैसे ही उसने बीड़ी जलाई वैसे ही शौचालय के अंदर अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। इससे वह झुलस गया। मौके पर मौजूद लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां से जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया।

### घाट पर कब्जा करने का लगाया आरोप

चित्रकूट। मत्स्यजीवी सहकारी समिति लिमिटेड कटरी के सचिव व अध्यक्ष ने कुछ लोगों पर कूटरचित दस्तावेज तैयार कर मत्स्य आखेट के लिए अतिक्रमण करने का आरोप लगाया है। इन्होंने इस संबंध में एसपी से शिकायत की है। सचिव घनश्याम निषाद व अध्यक्ष रामचंद्र निवासी सतनपुर, कटरी, थाना पश्चिम शरीरा, तहसील मंझनपुर ( कौशांबी) ने बताया कि उनके नाम यमुना नदी का पट्टा हैं। आरोप लगाया कि बरवार के दो लोगों द्वारा कूटरचित दस्तावेज तैयार कर घाट पर मछली खरीदारी, मत्स्य आखेट कराया जा रहा हैं। इनका कहना है कि अगर एक सप्ताह में अतिक्रमण न हटा तो उनको घाट छोड़ने पर मजबूर होना पड़ेगा और न्यायालय की शरण में जाना पड़ेगा।

### आज लगेगा करियर गाइडेंस मेला

रामनगर । राजकीय हाईस्कूल सिरावल में आज द्वितीय करियर गाइडेंस मेले का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी प्रधानाचार्य ने दी। उन्होंने बताया कि इसके मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक और विशिष्ट अतिथि जिला समन्वयक होंगे।

### गैंगस्टर रामनरेश को 10 वर्ष का कारावास

चित्रकूट। गैंगस्टर के मामले में विशेष न्यायाधीश ने दोषी को 10 वर्ष कठोर कारावास की सजा दी। इसे 20 हजार रुपये अर्थदंड भी दिया। वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी संगीता सिंह ने बताया कि 18 अप्रैल 2014 को तत्कालीन कर्वी कोतवाली प्रभारी एसबी सिंह ने संग्रामपुर गांव के ठाकुरदीन का पुरवा निवासी रामनरेश उर्फ नरेश के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कराया था। साथ ही न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद शुक्रवार को अपर सत्र न्यायाधीश रवि कुमार दिवाकर ने इस मामले में निर्णय सुनाया। दोष सिद्ध होने पर आरोपी रामनरेश उर्फ नरेश को 10 वर्ष कठोर कारावास के साथ 20,000 रुपये के अर्थदंड दिया।

# 93 पेंशनरों पर दर्ज की गई रिपोर्ट

## कोषागार घोटाले में चार कर्मियों सहित 97 लोगों पर एफआईआर दर्ज होने का मामला

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

अमृत विचार। कोषागार से गलत तरीके से खातों में धन भेजने के मामले में वरिष्ठ कोषाधिकारी ने शुक्रवार को कुल 97 लोगों जिनमें से 93 पेंशनरों पर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। वहीं एसपी अरुण कुमार ने एसआईटी का गठन कर दिया है।

**ये हैं पेंशनर, जिन पर दर्ज हुई रिपोर्ट:** शिवप्रसाद, रामखेलावन, राजेंद्र प्रसाद (फाइल नाम गिरगेश कुमारी), गिरजेश कुमारी, धनपति देवी, लक्ष्मी देवी, मोहनलाल, रामसिरोमणि, मोहनलाल (पत्नी का नाम स्व. विमला देवी), नरेश दत्त, अंबिका पीडी, मिट्ठूलाल, केसनिया, रामरतन, जगतनारायण, दुर्गा पीडी, सरला देवी, जगन्नाथ पीडी, जवाहरलाल, नन्हीं देवी, माया देवी, रामप्रसाद, संतोष कुमार, गंगोत्री देवी, ललिता देवी, बिट्टी देवी, चंद्रभूषण, मोहनलाल, इंद्रनारायण, निर्मला देवी, कमला देवी, चंद्रिका प्रसाद, श्यामलाल, लीला, नवलकिशोर, चंपा देवी, सुरेंद्र सिंह, दयाराम, फेरन प्रसाद, सहोदरा देवी, बलवंत, कामता प्रसाद, रानी देवी, विमला देवी, ललिता देवी, माधुरी, अवधेश, सरमनिया, गिरजा प्रसाद, गंगा पीडी, सावित्री, नत्थूराम, राजनारायण, जीवनलाल, घनश्याम दत्त, सुशीला देवी, नत्थूराम, शिवमंगल, भूलुराम, काशीनाथ, बृजनंदन, सावित्री देवी, हरिहर प्रसाद, महिपाल, लक्ष्मी देवी, रानी देवी, लल्लू प्रसाद, जयश्री, कैलाशनाथ, राधेश्याम, अवधेश कुमार, नीलकंठ, सुशीला देवी, नत्थूराम, कमला देवी, दीनानाथ, अरविंद कुमार, शिवबहादुर, नत्थूलाल, मोहनिया देवी, सुनीता देवी, रुक्मणि, जोगवा, शिवधर, श्यामलाल, शकुंतला देवी, युगुल किशोर, बेलाकली, कृष्णकिशोर त्रिपाठी, शकुंतला देवी और त्रियुगी देवी।





पूछताछ के लिए कोतवाली जाते पेंशनर। अमृत विचार

### एसपी ने गठित की एसआईटी

- इस टीम में पांच सदस्य शामिल हैं। इसमें अध्यक्ष एसआईटी अरविंद कुमार वर्मा सदर क्षेत्राधिकारी, मुख्य विवेचक अजीत पाण्डेय, निरीक्षक महादेव प्रसाद त्रिपाठी एसओजी, निरीक्षक राकेश मौर्या, सह विवेचक उपेन्द्र प्रताप सिंह कर्वी कोतवाली प्रभारी हैं।

### इन धाराओं में दर्ज हुई रिपोर्ट

- पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की सात धाराओं में आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज की है। इनमें पहचान चोरी कर धोखाधड़ी, धोखाधड़ी, दस्तावेज की जालसाजी, जाली दस्तावेज बनाना, आपराधिक विश्वासघात और अपराध करने की साजिश की धाराएं हैं। लगभग चार ऐसी धाराएं लगाई हैं, जिनमें दोषी पाए जाने पर सात से दस वर्ष तक की जेल का प्रावधान है।

### मामले की जांच करेंगे सीओ सिटी

- पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि कोषागार के दो कर्मचारी, जो पेंशन पटल को देखते थे, के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। इसके अलावा उस दौरान के दो अधिकारी, जिनकी अनुमति के बिना पेंशन खातों में नहीं जा सकती, भी आरोपी हैं। अन्य लोग पेंशनर हैं। बताया कि मामले की जांच सीओ सिटी अरविंद कुमार वर्मा के नेतृत्व में एसआईटी करेगी। बताया कि जांच में जो और नाम सामने आएंगे, उन पर भी कार्रवाई होगी।

### ऐसे सामने आया करोड़ों का घोटाला

- घोटाला तब सामने आया जब कुछ पेंशनरों की पेंशन रुकी। इन्होंने बैंक शाखाओं में पता किया तो जानकारी हुई कि उनके खाते बंद हैं। यह भी पता चला कि उनके खाते में लाखों रुपये का ट्रांजेक्शन हुआ है और इस वजह से जांच की जा रही है। एक शिक्षक की पत्नी कमला देवी व दो तीन अन्य लोगों ने इस संबंध में तहरीर दी थी। कमला ने बताया था कि उसकी लगभग छह माह से पेंशन नहीं आ रही। बैंक में पता किया तो जानकारी हुई कि उसके पेंशन खाते में लगभग 31 लाख रुपये आए थे और इसे उसके भाई ने निकाल लिया है। उसने यह भी बताया था कि उसके पास इतने रुपये नहीं और ये रुपये कहां से आए हैं पता नहीं। कोषागार के सूत्रों को खंगाला गया तो जानकारी हुई कि ऑडिट के बाद खातों को बंद कर जांच की जा रही है। जानकारी यह भी सामने आई कि यह खेल लगभग पंद्रह साल से चल रहा है और किसी मद, जो किसी विभागीय योजना या कोई अन्य माध्यम की हो सकती है, धनराशि पेंशनरों के खातों में भेजी जाती है और फिर उससे या उसके परिवारीजन से संपर्क साधकर इसे निकाल लिया जाता है।



अपराध समीक्षा बैठक में डीएम शिवशरणप्पा जीएन, पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह।

# पॉक्सो के मामलों में ज्यादा से ज्यादा कराएं सजा : डीएम

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

- कानून व्यवस्था, अभियोजन मामलों संबंधी समीक्षा बैठक

अमृत विचार। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन और पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने कानून व्यवस्था, अभियोजन एवं महिला अपराधों की विशेष समीक्षा बैठक की। डीएम ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि पॉक्सो से संबंधित मामलों में दोषियों पर ज्यादा से ज्यादा सजा कराने की कोशिश करें।

जिलाधिकारी ने विभिन्न बिंदुओं की विस्तृत समीक्षा की। कहा कि अभियान चलाकर ओवरलोडिंग पर कार्रवाई कराएं। उन्होंने जिला खनिज अधिकारी को निर्देशित किया कि अगर जरूरत पड़े तो पुलिस क्षेत्राधिकारी से फोर्स की मांग करें। कहीं भी अवैध शराब नहीं बननी चाहिए। नदियों के किनारे कच्ची शराब बनाई जाती है, वहां अभियान चलाकर दोषियों को पकड़ें। खाद्य सुरक्षा टीम के साथ संयुक्त रूप से अभियान चला कर छापामारी करें। उन्होंने थाना प्रभारियो को निर्देशित किया कि गवाहों की उपस्थिति अवश्य कराएं और उनके हस्ताक्षर भी कराएं।

पूछा कि आर्म अधिनियम के संबंध में गवाहों की उपस्थिति में क्या समस्या है कि बार-बार कहने पर भी नहीं संज्ञान लिया जाता है। उन्होंने शासकीय अधिवक्ताओं से कहा कि आख्या सही व समय से आनी चाहिए। एसपी ने थानाध्यक्षों को निर्देश दिए महिला संबंधी अपराधियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई करें। बैठक में अपर जिलाधिकारी उमेश चंद्र निगम, अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह, शासकीय अधिवक्ता, थानाध्यक्ष आदि मौजूद रहे।

# शौच को गई महिला का शव खेत में मिला

संवाददाता, रामनगर चित्रकूट

अमृत विचार। खेत में शौच क्रिया के लिये गई महिला का शव शुक्रवार को मिलने से सनसनी फैल गई। परिजनों ने उसकी हत्या की आशंका जताई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

रामनगर ब्लॉक के रैपुरा थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत खजुरिहा कला निवासी राजेंद्र कुमार ने बताया कि उसकी पत्नी कुशलता देवी (42) गुरुवार देर शाम घर से लगभग 100 मीटर दूर शौच के लिए बाजरे के खेत में गई थी। वह देर तक नहीं लौटी तो खोजबीन की गई। सुबह एक खेत में महिला की चप्पल दिखी तो आसपास खोजा गया। एक बाजरे के खेत में महिला का शव पड़ा मिला। सूचना पर पहुंचे सीओ राजकमल और एसओ विनोद शुक्ला ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कुशलता देवी के वंदना, अंजना, रानी तीन बेटियां एवं एक पुत्र अनिल है। पति ने बताया कि शादी के बाद वह कंठीपुर से यहां ससुराल में परिवार के साथ रह रहा है। उधर गांव में चर्चा है कि महिला की किसी दूसरे जगह हत्या कर यहां शव फेंका गया है। समाचार भेजे जाने तक किसी ने तहरीर नहीं दी थी।



घटनास्थल पर जांच-पड़ताल करती पुलिस। अमृत विचार

# अदालत ने खारिज की आरोपी की जमानत

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

- बीमा धन के लिए निर्दोष की हत्या करने का मामला
- दो करोड़ के लिए हत्यारोपी पति का सहयोग किया था

अमृत विचार। दो करोड़ रुपये के बीमा धन के लालच में निर्दोष व्यक्ति को जलाकर मारने के मामले में हत्यारोपी पति का सहयोग करने वाली महिला की जमानत सत्र न्यायाधीश ने खारिज कर दी।

जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्यामसुंदर मिश्रा ने बताया कि दो जुलाई 2025 को कंधवनियां निवासी गिरजाशरण सिंह ने राजापुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि सोशल मीडिया के जरिए उन्हें जानकारी मिली थी कि सिकरी अमान गांव के पास एक कार पूरी तरह से जल गई है। इसमें एक शव भी बरामद हुआ है। जली हुई कार उनके साले के नाम थी। इसे उनके दामाद मध्य प्रदेश के कनपुरा (रीवा) निवासी सुनील सिंह चलाते थे। इस घटना के बाद उनकी बेटी हेमा ने बताया था कि सुनील सिंह अकेले कार लेकर सुल्तानपुर गए थे।

इसके बाद गाड़ी में बरामद मोबाइल के आधार पर शव की शिनाख्त परिजनों ने सुनील सिंह के रूप में की थी। हालांकि उन्होंने यह भी आशंका जाहिर की थी कि उनके दामाद सुनील सिंह की अज्ञात लोगों द्वारा हत्या करके गाड़ी में आग लगाए जाने की भी आशंका है। परिजनों ने सुनील सिंह को मृतक मानकर अंतिम संस्कार भी कर दिया था।

पुलिस ने इस मामले की विवेचना की तो सारा मामला बीमा धन के लालच में साजिश के तहत की गई हत्या का निकला। जांच में सामने आया कि दो करोड़ रुपये के लालच में सुनील ने अपनी पत्नी हेमा के साथ मिलकर यह षड़यंत्र रचा था। सुनील अपने ही कद काठी के एक व्यक्ति विनय को गाड़ी में बैठाकर चित्रकूट ले आया और यहां उसमें आग लगा दी। स्वयं को मृत घोषित करा दिया। वास्तविक मृतक विनय सिंह के भाई विकास सिंह ने बताया कि उसका भाई नशे का आदी था। इसका लालच देकर ही सुनील सिंह उसे घर से ले गया था। पुलिस ने इस मामले में आरोपी सुनील व उसकी पत्नी हेमा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

इसके बाद हेमा ने अधिवक्ता के जरिए जमानत प्रार्थना पत्र न्यायालय सत्र न्यायाधीश के समक्ष प्रस्तुत किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद सत्र न्यायाधीश शेषमणि ने आरोपी हेमा का जमानत प्रार्थना पत्र निरस्त कर दिया।

# सवारी बैठीं तो जब्त होगा माल वाहन

सीतापुर (चित्रकूट)। दीपावली मेले के मद्देनजर पुलिस और प्रशासन अहतियात बरत रहा है। एआरटीओ ने बताया कि यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए ट्रैक्टर ट्राली सहित अन्य वाहनों में श्रद्धालुओं को बैठने पर कार्रवाई के कड़े निर्देश दिए गए हैं। एसपी ने अफसरों को निर्देशित किया कि अगर ऐसा पाया जाए तो वाहन जब्त कर लिया जाए।

बताया कि प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से ट्रैक्टर-ट्रॉली से जुड़ी कई गंभीर दुर्घटनाएं प्रकाश में आई हैं। अगर ट्रैक्टर-ट्राली व अन्य माल वाहनों के स्वामी/चालक किसी भी परिस्थिति में मेलों या तीर्थ स्थलों की यात्रा के दौरान इन वाहनों को सवारी के रूप में उपयोग करेंगे तो कार्रवाई की जाएगी और वाहन को जब्त कर लिया जाएगा।

# आकांक्षी ब्लाक में कर्मचारियों की कमी नहीं होनी चाहिए

संवाददाता, रामनगर चित्रकूट

- संयुक्त विकास आयुक्त ने जानी विकास योजनाओं की हकीकत

अमृत विचार। शासन द्वारा संचालित विकास परक योजनाओं का भौतिक मूल्यांकन करने संयुक्त विकास आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल बांदा अरविंद कुमार रामनगर पहुंचे। उन्होंने कहा कि आकांक्षी ब्लाक होने की वजह से यहां कर्मचारियों की कमी नहीं होनी चाहिए। अगर ऐसा है तो वह समीक्षा कर तैनाती कराने की कोशिश करेंगे।

बीडीओ हरिओम गुप्ता ने पुष्पगुच्छ भेंट कर संयुक्त विकास आयुक्त का स्वागत किया। अरविंद कुमार ने कार्यालय पहुंचकर योजनाओं का अभिलेखीय निरीक्षण किया और कर्मचारियों से विभागवार प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि आकांक्षी ब्लॉक होने की वजह से जनकल्याण कारी योजनाओं की समय समय पर समीक्षा आवश्यक है।

पत्रकारों के सवाल पर कि ब्लॉक में एडीओ पंचायत पद रिक्त है। विभिन्न पटलों पर कर्मचारियों की तैनाती नहीं है। कंप्यूटर आपरेटर तक की कमी है। ब्लॉक कार्यालय तक 1978 का बना है जो मरम्मत एवं रंगरोगन पर चल रहा है। इस पर संयुक्त विकास आयुक्त ने स्पष्ट कहा कि आकांक्षी ब्लॉक होने की वजह से कर्मचारियों की कमी यहां कतई नहीं होनी चाहिए इस संदर्भ में वह समीक्षा करेंगे। उन्होंने भवन के संबंध में बीडीओ रामनगर से प्रस्ताव भेजने के लिए निर्देश दिए।



विकास कार्यों की हकीकत जानते संयुक्त विकास आयुक्त अरविंद कुमार।

# जवाहर नवोदय विद्यालय के छात्रों ने किया भ्रमण

सीतापुर। पीएमश्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय फतेहपुर के छात्र एक्सपोजर विजिट पर तीर्थक्षेत्र पहुंचे। प्रधानाचार्य नीता उपाध्याय ने बताया कि लगभग 81 छात्र-छात्राएं एक्सपोजर विजिट के लिए गए हैं। उनकी देखरेख के लिए छह टीचरों को नियुक्त किया गया है। इन्होंने तीर्थक्षेत्र में भगवान कामतानाथ जी के दर्शन किए और हनुमान धारा, सती अनुसुइया, गुप्त गोदावरी और रामघाट की प्राकृतिक छटा देखी। विजिट में आए कंप्यूटर टीचर यश निगम ने बताया कि पिछले साल जब से स्कूल पीएमश्री हुआ है तब से छह से बारह तक के सभी बच्चों को एक्सपोजर विजिट कराया जाता है। इसके तहत कक्षा 11 के सभी सेक्शन के छात्रों को लेकर चित्रकूट आए हैं। चित्रकूट धार्मिक और प्राकृतिक रूप से काफी प्रसिद्ध है, इसीलिए इस बार इनको यहां लाया गया है।


## अमृत विचार क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

मैं वैभव तिवारी पुत्र राजेंद्र नारायन तिवारी निवासी 171, मोहल्ला रायगंज अयोध्या, मेरी पुत्री स्तुति तिवारी का नाम भूलवश बिट्टो तिवारी हो गया है। मेरी पुत्री का नाम स्तुति तिवारी है न कि बिट्टू तिवारी। अत: मेरी पुत्री का नाम बिट्टू तिवारी की जगह स्तुति तिवारी पढ़ा जाए।

**NOTICE**

I Muzammil Husain S/O Shamshuddin R/O 101 Diamond Apartment Insaf Nagar Indira Nagar Lucknow. I Have Changed My Name From Mohammad Muzammil to Muzammil Husain For All Future Purpose.

**सूचना**

मैने अपना नाम MOHIT KHAN से बदलकर MOHEED रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **S/O-MOINUR RASHID KHAN, ADD-2/15/190 KAKRHI BAZAR, DIST-FAIZABAD AYODHYA-224001(U.P)**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं मधु यादव पत्नी कैलाश नाथ यादव निवासी गडौली (झिंगुरी का पुरवा) परगना बरौसा तहसील जयसिंहपुर जिला सुलतानपुर की स्थाई निवासी है। मेरे बेटी का आधार कार्ड में त्रुटिवश अलीशा यादव अंकित है, जबकि जन्म प्रमाण पत्र में जानवी यादव (JANVI YADAV) अंकित है। आधार कार्ड में भी जानवी यादव (JANVI YADAV) अंकित किया जाना आवश्यक है।

**NOTICE**

I hitherto known as HANUMAN BALI S/O DUKHHARAN NATH , Residing at H.no. 0,Basnera ,Post- Basnera ,payagpur ,District – Bharaich Uttar Prdaesh – 271871 have changed my name and I shall here after be Known as new name ANIL SHARMA S/O DUKHHARAN NATH

**सूचना**

मैं पारसनाथ पाल पुत्र स्वर्गीय राम सुमेरपाल निवासी ग्राम फत्तेपुर थाना धनपतगंज जनपद सुलतानपुर अपने छोटे पुत्र संतोष कुमार पाल के परिवार व पारिवारिक दायित्वों से विमुख हो जाने के कारण उसका कोई मोह परिवार से नहीं रह गया है। इसलिए मैं उसे अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके कार्यो या लेनदेन की जिम्मेदारी उसकी स्वयं की होगी।

**सूचना**

सूचित हो कि मैंने अपने पुत्र मो0 फरहान को उसका चाल चलन ठीक न होने के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से पूरी तरह से बेदखल कर दिया है। मो0 फरहान द्वारा किये गये किसी भी कृत्य के लिए मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा। अपने किये गये कृत्यो के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। **अब्दुल लतीफ पुत्र अब्दुल हमीद निवासी– 41/569, नवाब असगर हुसैन रोड, नरही लखनऊ।**

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र अनूप कुमार व उसकी पत्नी लक्ष्मी देवी के क्रियाकलापों से परेशान होकर उनसे सम्बन्ध विच्छेद करके अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। वह अपने कार्यो व लेन देन के स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता सरोकार नहीं होगा। **सुरेश कुमार पुत्र स्व राम शंकर निवासी 699 ए0बी0 नगर उन्नाव थाना कोतवाली जिला उन्नाव।**

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र अनूप कुमार व उसकी पत्नी लक्ष्मी देवी के क्रियाकलापों से परेशान होकर उनसे सम्बन्ध विच्छेद करके अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है वह अपने कार्यो व लेन देन के स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता सरोकार नहीं होगा। **रामभोली पत्नी सुरेश कुमार निवासी 699 ए0बी0 नगर उन्नाव थाना कोतवाली जिला उन्नाव। स्थाई पता–ग्राम कर्मी मजरे गढेवा पोस्ट चन्दनपुर थाना बारासगवर जिला उन्नाव।**


दिये निर्देश | मुख्य विकास अधिकारी ने बैठक में मातहतों को किया संबोधित

# भंडारों में प्लास्टिक के प्रयोग पर लगाएं जुर्माना

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

अमृत विचार। मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर की अध्यक्षता में जिला गंगा समिति, पर्यावरण समिति एवं वृक्षारोपण समिति की बैठक हुई। इसमें सीडीओ ने खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन जगहों पर भंडारों आदि में थर्माकोल व प्रतिबंधित प्लास्टिक के उत्पादों का प्रयोग किया जाता है, वहां आयोजकों पर जुर्माना लगाया जाए।

सीडीओ ने उपनिदेशक रानीपुर टाइगर रिजर्व प्रत्युष कुमार कटियार से कहा कि वन विभाग के अधिकारियों को लगाकर पर्यावरण के प्रति क्षेत्र में कार्यक्रम कराकर लोगों को जागरूक करें। जिला पंचायत राज अधिकारी रमेश चंद्र गुप्ता से नदियों के किनारे के गांवों में स्वच्छता अभियान चलाने, प्लास्टिक मुक्त अभियान के अंतर्गत नामित अफसरों को भ्रमण करके रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। सीडीओ ने कहा कि जिन विभागों ने अभी तक पौधारोपण का जियो टैग नहीं कराया है, तत्काल कराएं। स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत गंगा समिति के माध्यम से अधिक से अधिक प्रचार प्रसार कराया जाए। ग्रीन चौपाल नदी पुनरुद्धार के लिए विभाग योजना बनाकर कार्य करें। बैठक में डीसी मनरेगा डीएन पांडेय, जिला उद्यान अधिकारी प्रतिभा पांडेय, भूमि संरक्षण अधिकारी देवेंद्र निरंजन, उप मुख्य चिकित्साधिकारी डा. अरुण पटेल, उप प्रभागीय वनाधिकारी राजीव रंजन सिंह, अधिशासी अभियंता विद्युत सुरेंद्र कुमार, यात्री कर मालकर अधिकारी दीप्ति त्रिपाठी, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत मानिकपुर भारत सिंह, खंड विकास अधिकारी पहाड़ी संजय कुमार पांडेय, मऊ ओमप्रकाश यादव, सहायक विकास अधिकारी पंचायत मानिकपुर मोहन लाल मौजूद रहे।



बैठक में निर्देश देतीं मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर।

### वाल पेंटिंग कराकर करें जागरूक

- सीडीओ ने कहा कि अधिकारी प्लास्टिक और थर्माकोल के खिलाफ वाल पेंटिंग कराएं। इनमें पर्यावरण के लिए हानिकारक है प्लास्टिक, प्लास्टिक पूर्णतया: प्रतिबंधित है आदि स्लोगन लिखाया जाए। अधिशासी अधिकारियों से कहा कि कस्बों में अभियान चलाकर छापेमारी की कार्रवाई करें।



कवि सम्मेलन में रचनाएं सुनाते कवि। अमृत विचार

# कवि सम्मेलन में बही हास्य-व्यंग की बयार

चित्रकूट। स्वदेशी मेला के मंच पर बीते दिन कवि सम्मेलन हुआ। इसमें स्थानीय एवं बाहरी जिलों के कवियों और शायरों ने हर रस की रचनाएं सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कवि सम्मेलन की शुरुआत गीतकार श्रीनारायण तिवारी ने सरस्वती वंदना से की। इस मौके पर सूर्यकांत मौर्य 'अंगारा', हबीब खान, दिनेश दीक्षित 'संघर्षी', संदीप श्रीवास्तव' दीप', रामलाल द्विवेदी आदि ने रचनाएं सुनाईं। जिला उद्योग उपायुक्त संदीप केशरवानी ने आभार प्रकट किया। इस मौके पर चंद्रप्रकाश खरे, डा. मनोज द्विवेदी, हरिओम करवरिया, पंकज अग्रवाल, अख़्तर फराज, अभिमन्यु सिंह, हरिमोहन राय, गुरुप्रसाद, पत्रकार परितोष द्विवेदी, आत्मदेव शर्मा, अजय प्रसाद, उमाशंकर रहे।

# अमृत विचार

शनिवार, 18 अक्टूबर 2025




औरतें बीसियों, सैकड़ों हो सकती हैं, मां सिर्फ एक होती है।
–राजेंद्र सिंह बेदी, उर्दू साहित्यकार



## सोच समझकर झूठ

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का यह दावा कि भारत रूस से तेल खरीदना बंद कर देगा, तथ्यों से कोसों दूर निकला। भारतीय विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट कहा कि भारत अपनी ऊर्जा नीति राष्ट्रीय हितों के अनुसार तय करता है, किसी बाहरी दबाव से नहीं। इस दृढ़ प्रतिक्रिया ने ट्रंप को आईना दिखाया, उन्हें झूठा साबित किया और दर्शाया कि वैश्विक मंच पर भारत कूटनीतिक आत्मविश्वास से लबरेज है। ट्रंप के मानसिक संतुलन और रणनीतिक सोच, दोनों पर वर्षों से सवाल उठते रहे हैं। उनका व्यवहार कभी-कभी अस्थिर और अतिवादी प्रतीत होता है, पर इसे केवल 'अतार्किक' कहना पर्याप्त नहीं। वे दबाव और भ्रम की राजनीति खेलना खूब जानते हैं, विरोधियों को अस्थिर करने के लिए झूठ, अतिशयोक्ति और धमकी का प्रयोग उनका आजमाया हुआ तरीका है। अमेरिकी राष्ट्रपित डोनाल्ड ट्रंप ऐसे बयान तथ्यों की गैर-जानकारी के चलते या भूलवश नहीं देते, इसके पीछे गहरे राजनीतिक निहितार्थ होते हैं।

रूस–यूक्रेन युद्ध के बाद अमेरिका में रूस-विरोधी भावनाएं भड़की हुई हैं और ट्रंप इस मुद्दे पर अपनी 'कठोर नेतृत्व' वाली छवि गढ़ना चाहते हैं। प्रधानमंत्री मोदी की छवि विश्वव्यापी है, इसलिए वे उन्हें अपना मित्र बताते हैं। भारत को लेकर अतिशयोक्तिपूर्ण एवं झूठे दावे, जैसे- 'भारत ने मेरे दबाव में युद्धविराम किया' अथवा 'मेरी बात मानकर रूस से तेल नहीं खरीद रहा', दरअसल घरेलू अमेरिकी राजनीति और जनता को यह दिखाने के लिए रचित कथाएं हैं कि उनकी अगुवाई में अमेरिका का संसार भर में दबदबा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा ऐसे बयानों पर प्रत्यक्ष प्रतिक्रिया न देना कूटनीतिक परिपक्वता का परिचायक है। ट्रंप के बयान का तुर्की ब तुर्की जवाब देकर भारत को अनावश्यक विवाद मं नहीं उलझना चाहिए। विदेश मंत्रालय या प्रवक्ता का वक्तव्य देना एक संस्थागत प्रक्रिया है, यह दर्शाता है कि भारत की विदेश नीति व्यक्तिगत नहीं, बल्कि संस्थागत और पेशेवर है। भारत ने किसी उकसावे में आए बिना संयम और तथ्यों के सहारे स्थिति स्पष्ट की, यह सर्वथा उचित है। ऊर्जा के संदर्भ में भारत का रुख सदैव यथार्थवादी रहा है। रूस से तेल खरीदना हमारे लिए आर्थिक और रणनीतिक दोनों दृष्टियों से आवश्यक है।

भारत अपनी ऊर्जा आपूर्ति को विविधीकृत रखकर न केवल सस्ती ऊर्जा सुनिश्चित कर रहा है, बल्कि अपनी रणनीतिक स्वायत्तता भी बनाए हुए है। यदि भारत रूस से तेल खरीदना बंद कर दे, तो न केवल ऊर्जा लागत बढ़ेगी, बल्कि पश्चिमी निर्भरता भी खतरनाक रूप से बढ़ जाएगी, जो भारत की स्वतंत्र विदेश नीति के विपरीत होगा। ट्रंप के लगातार झूठे और आत्ममुग्ध बयान उनकी वैश्विक साख को अनवरत क्षीण करते जा रहे हैं। दुनिया उन्हें सशक्त, गंभीर और विश्वसनीय नेता के बजाय सियासी तमाशेबाज के रूप में देख रही है। मानना होगा कि वैश्विक राजनीति में आज शक्ति प्रदर्शन केवल सैन्य बल या दबाव से नहीं, बल्कि विश्वसनीयता और विवेकपूर्ण संवाद से भी होता है। ट्रंप जैसे नेताओं की उथली बयानबाजी के बीच भारत की यह संयत आवाज ही उसकी असली कूटनीतिक ताकत है।

### प्रसंगवश

## पेंशन के बगैर कैसे जिंदा रहेंगे बुजुर्ग!

आधुनिक समाज सरकारी कर्मचारियों को रिटायर होने पर जो पेंशन का लाभ मिलता है, उससे वृद्धों की सांसें बढ़ गई हैं। इस तथ्य से प्रमाणित होता है कि आर्थिक खुशहाली ही व्यक्ति की लंबी उम्र का निर्णय करती है। आर्धिक अभाव के कारण व्यक्ति लंबी उम्र का सपना नहीं देख सकता। आधुनिक पीढ़ी की संतान से आप यह उम्मीद नहीं लगा सकते कि बुढ़ापे में माता-पिता की देखभाल करेगी। बेरोजगारी का चक्कर ऐसा है कि पढ़े-लिखे और विभिन्न कार्यों में प्रशिक्षित युवक बेकार हैं। ये माता-पिता की पेंशन पर निर्भर हैं, जो बच्चे आर्थिक रूप से मजबूत भी हैं, वे भी माता-पिता की परवाह नहीं करते। रोटी, कपड़ा, मकान के अतिरिक्त भी वृद्धों की अपनी कई आवश्यकताएं होती हैं।




रामाश्रय यादव
सामाजिक चिंतक

एक बाप, चाहे उसका परिवार कितना बड़ा ही क्यों न हो, वह हर तरीके से अपने परिवार की परवरिश करता है। शिक्षा के साधन जुटाता है। बीमारियों का बोझ उठाता है, परंतु कितने दुर्भाग्य की बात है कि मां एक बेटे के पास रहती है और बाप दूसरे बेटे के पास रहता है। वह भी इस शर्त पर कि पेंशन के आधे पैसे एक बेटे को और आधे दूसरे बेटे की झोली में डाले जाते हैं। यह समस्या समाज के एक घर की ही नहीं, हर घर की है। बात यह है कि बुजुर्गों का बोझ कोई उठाना नहीं चाहता, हर कोई स्वतंत्र और बेरोक-टोक रहना चाहता है। पश्चिमी सभ्यता समाज पर हावी हो चुकी है। इसमें कोई संदेह नहीं कि इस फैलती मानसिकता के कारण बुजुर्गों की दुर्गति हो रही है। नशाखोरी की प्रवृत्ति ने हंसते-बसते परिवार उजाड़ दिए हैं। यदि बेटे मां-बाप की इजत नहीं करेंगे, तो बहुएं तो बेलगाम होंगी ही, इसमें हैरानी की क्या बात है। जब अपना ही खून सफेद हो जाए तो पराए घर की बेटियों पर क्या दोष?

पचास वर्ष की आयु के बाद मनुष्य का शरीर बीमारियों का घर बन जाता है। युवाओं का कर्तव्य बनता है कि वे घर में बूढ़े-बुजुर्गों की देखभाल करें, परंतु वे तो टेलीविजन के सीरियलों या क्रिकेट मैच या मोबाइल से जुड़े रहते हैं। वृद्धों की सेवा के लिए उनके पास वक्त नहीं हैं। अब श्रवण कुमार जैसे पुत्र कहां से मिलेंगे, जो नेत्रहीन माता-पिता को कांवड़ में बिठाकर कंधे पर लाद कर तीर्थ यात्रा को ले जाएंगे। मर्यादा पुरुयोत्तम राम, जैसे सुपुत्र कहां मिलेंगे जो पिता का कहना मानकर 14 वर्ष का वनवास धारण कर लेंगे। कई परिवारों की स्थिति बड़ी उपयुक्त और सुखदायी है। उन परिवारों के बच्चे बहुत आज्ञाकारी होते हैं। बुजुर्गों को बड़ा सम्मान देते हैं, परंतु ऐसे खुशनसीब परिवार बहुत कम हैं। अधिकांश परिवारों के बुजुर्ग जिल्लत की जिंदगी भोग रहे हैं। कैसे अजीब बेटे हैं, जो मां-बाप को पेंशन भी नहीं खाने देते। यह भी विडंबना है कि जो बच्चे अच्छा कमाते हैं, वे भी मां-बाप को नहीं सम्हालते।

सरकारें रोजी रोजगार और नौकरी देने में अक्षम साबित हो रही हैं। सेवानिवृत्त के बाद आखिरी महीने के वेतन का आधा धन पेंशन के रूप में जीवन निर्वाह भत्ते के रूप में ब्रिटिश शासन के समय से शुरूआत की गई थी, जो देश की सरकारें हमेशा कल्याणकारी योजना के प्रलोभन से लबरेज होकर कार्य करने का संकल्प लेती हैं और सरकारी कर्मचारियों के पेंशन योजना को परिवर्तित कर बाजार पर आधारित नई अंशदायी पेंशन योजना लागू कर दी, जो बाजार के आधार पर रहेगी सेवानिवृत्तों पर थोप दिया। जिससे, जिस सम्मान के साथ वे नौकरी के समय जीवन निर्वाह कर रहे थे, उस पर ग्रहण लग गया। अब इतना भी पेंशन के रूप में धन नहीं मिलता कि सेवानिवृत्त दंपत्ति बेतहाशा महंगाई में जीवन यापन कर सकें।

# गहरे सागर का मौन और लालच की गूंज





राजेश श्रीनेत
वरिष्ठ पत्रकार

हवाई विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने बताया है कि समुद्र में रहने वाली तीस प्रजातियां, जिनमें से कई पहले से ही संकटग्रस्त हैं, उन क्षेत्रों में रहती हैं, जहां गहरे समुद्र से खनिज निकालने की योजनाएं बनाई जा रही हैं।

सागर की अथाह गहराइयों में, जहां सूरज की किरणें भी नहीं पहुंचतीं, वहां जीवन अपने सबसे रहस्यमय रूप में पलता है। मगर हाल ही में हवाई विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने करेंट बायोलॉजी पत्रिका में प्रकाशित अपने अध्ययन में बताया है कि तीस प्रजातियां, जिनमें से कई पहले से ही संकटग्रस्त हैं, उन क्षेत्रों में रहती हैं, जहां गहरे समुद्र से खनिज निकालने की योजनाएं बनाई जा रही हैं। इन इलाकों में तांबा, निकल, कोबाल्ट और दुर्लभ धातुओं के भंडार हैं, जिन्हें आधुनिक बैटरियों और तकनीकी उपकरणों के निर्माण के लिए अत्यंत आवश्यक माना जाता है।

इन खनिजों की खोज में पर्यावरणीय जो विनाश हो रहा है, वह उन जीवों के अस्तित्व के लिए खतरा बन गया है, जिनके बारे में इंसान को अभी बहुत कम जानकारी है। समुद्र की तलहटी पर जीवन अत्यंत धीमी गति से विकसित होता है। वहां रहने वाले जीव न केवल कम ऑक्सीजन और अत्यधिक दाब में जीने के अभ्यस्त हैं, उनमें प्रजनन की गति भी बहुत धीमी होती है। कुछ शार्क प्रजातियां कई वर्षों में केवल कुछ ही अंडे देती हैं और उनका परिपक्व होना दशकों तक चलता है। उनका आवास नष्ट होने पर पुनःस्थापन लगभग असंभव हो जाता है।

खनन की प्रक्रिया स्वयं में अत्यंत विनाशकारी है। समुद्र की गहराइयों में विशाल मशीनें तलहटी को खोदती हैं, जिससे करोड़ों वर्षों से जमा जैविक अवशेष और तलछट उखड़ जाती है। यह तलछट गाद के रूप में चारों ओर फैलती है, जिससे जल की पारदर्शिता घट जाती है और वहां के जीवों की श्वसन प्रणाली पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। शार्क और रे जैसी प्रजातियां अपने अंडे तलहटी में देती हैं, ऐसे में यह गाद उनके अंडों को ढक देती हैं, जिससे नई पीढ़ी का जन्म रुक सकता है। वैज्ञानिकों का कहना है कि यह प्रक्रिया नर्सरी जोन को पूरी तरह नष्ट कर सकती है। गहरे समुद्र की खनन योजनाएं इस समय दुनिया के कई हिस्सों में तेजी से आगे बढ़ रही हैं।

प्रशांत महासागर के क्लैरियन क्लिपर्टन जोन में सबसे बड़ी खनन योजनाएं प्रस्तावित हैं, जहां जैव विविधता असाधारण रूप से समृद्ध है। यहां पाई जाने वाली कई शार्क प्रजातियां ऐसी हैं, जिन्हें वैज्ञानिकों ने अब तक पूरी तरह वर्गीकृत भी नहीं किया। इस क्षेत्र में काम करने वाली कंपनियां दावा करती हैं कि उनका उद्देश्य सतत् विकास है। वैज्ञानिक समुदाय का मत है कि उनके ऐसे दावे अधूरे हैं और पर्यावरणीय जोखिमों की अनदेखी करते हैं।

इस वैश्विक बहस में भारत भी एक प्रमुख पक्ष है। भारत को इंटरनेशनल सीबेड अथॉरिटी से हिंद महासागर क्षेत्र में खनिज अन्वेषण का लाइसेंस प्राप्त है। भारत के वैज्ञानिक पोलिमेटैलिक नोड्यूल्स यानी गहरे समुद्र में पाई जाने वाली धातुयुक्त गोलियों के अध्ययन और संग्रहण पर कार्य कर रहे हैं। इन नोड्यूल्स में तांबा, निकल, कोबाल्ट और मैंगनीज जैसे तत्व पाए जाते हैं। भारत सरकार का मानना है कि यह संसाधन ऊर्जा सुरक्षा और औद्योगिक विकास के लिए आवश्यक हैं। परंतु विशेषज्ञों का कहना है कि भारत को इस दिशा में अत्यधिक सावधानी बरतनी चाहिए, क्योंकि हिंद महासागर का पारिस्थितिक संतुलन बहुत नाजुक है।

यदि भारत पर्यावरणीय सुरक्षा उपायों को न अपनाए, तो यह वही गलती दोहरा सकता है जो अन्य देशों ने पहले की। आर्थिक लाभ की खोज ने समुद्री जीवन को अपूरणीय क्षति पहुंचाई। भारत के समुद्र वैज्ञानिकों ने भी इस दिशा में चेतावनी दी है कि किसी भी खनन परियोजना से पहले विस्तृत पर्यावरणीय मूल्यांकन अनिवार्य होना चाहिए। देश के पास तकनीकी क्षमता अवश्य है, लेकिन उसे सतत विकास की परिभाषा को केवल आर्थिक दृष्टि से नहीं, बल्कि पारिस्थितिक दृष्टि से भी समझना होगा।

गहरे समुद्र के जीवों की भूमिका अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। शार्क और रे समुद्री पारिस्थितिक तंत्र के शीर्ष शिकारी हैं। वे मृत जीवों को साफ करते हैं, कमजोर प्रजातियों की आबादी को नियंत्रित रखते हैं और पोषण चक्र का संतुलन बनाए रखते हैं। यदि ये प्रजातियां विलुप्त होती हैं, तो समुद्र के जैविक संतुलन में भारी असंतुलन पैदा होगा। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि गहरे समुद्र की प्रत्येक प्रजाति पूरे तंत्र की स्थिरता से जुड़ी है, किसी एक के विलुप्त होने से दर्जनों अन्य पर अप्रत्यक्ष प्रभाव पड़ेगा। समस्या यह भी है कि गहरे समुद्र के बारे में हमारी जानकारी अत्यंत सीमित है।

धरती की सतह पर जितना अनुसंधान हुआ है, उसकी तुलना में समुद्र की गहराइयों का अध्ययन अब भी प्रारंभिक अवस्था में है। अधिकांश गहरे समुद्री जीवों के व्यवहार, प्रजनन चक्र और पारिस्थितिक भूमिका को लेकर वैज्ञानिकों के पास केवल अनुमान हैं। ऐसे में इन इलाकों में खनन शुरू करना ऐसा ही है, जैसे किसी अनदेखी पुस्तक के पन्नों को फाड़कर पढ़ने की कोशिश करना।

कई देशों ने इस स्थिति को समझते हुए गहरे समुद्र में खनन पर अस्थायी रोक की मांग की है। फ्रांस, कनाडा और चिली जैसे देशों ने कहा है कि जब तक पर्यावरणीय प्रभावों की पूरी समझ विकसित नहीं होती, तब तक किसी भी प्रकार की व्यावसायिक गतिविधि शुरू नहीं होनी चाहिए। वहीं कुछ देश और बहुराष्ट्रीय कंपनियां इस दिशा में तेजी दिखा रही हैं, जो निकट भविष्य में वैश्विक विवाद का कारण बन सकती हैं। भारत के लिए यह एक अवसर भी है और चुनौती भी। अवसर इसलिए कि वह जिम्मेदार समुद्री नीति बनाकर उदाहरण प्रस्तुत कर सकता है और चुनौती इसलिए कि आर्थिक दबाव के चलते पर्यावरणीय प्राथमिकताएं कहीं पीछे न छूट जाएं। विज्ञान हमें संसाधनों की दिशा दिखाता है, पर विवेक हमें उनकी सीमा सिखाता है।


### आमने



एनडीए नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही चुनाव लड़ रहा है। नीतीश कुमार पर न सिर्फ बीजेपी, बल्कि बिहार की जनता को भी पूरा भरोसा है। मैं किसी को सीएम बनाने वाला कौन होता हूं। चुनाव बाद विधायक दल के नेता बैठेंगे और अपना नेता तय कर लेंगे।

–अमित शाह, गृहमंत्री

### सामने



गृहमंत्री अमित शाह कह रहे हैं कि अब बिहार चुनाव के बाद नीतीश कुमार मुख्यमंत्री बनेंगे या नहीं, यह विधायक तय करेंगे। पहले वे नीतीश कुमार का नाम लेते थे और अब बीजेपी भ्रम पैदा कर रही है। ऐसा कोई सगा नहीं, जिसको बीजेपी ने ठगा नहीं। इस बात को जेडीयू को समझना चाहिए।

–प्रमोद तिवारी, कांग्रेस नेता

# संविधान और मनुस्मृति के बीच का तनाव



अनिल यादव
वरिष्ठ पत्रकार

भीमराव आंबेडकर ने शिक्षा को शेरनी का दूध कहा था। दलित यकीन भी करते हैं उच्च पदों पर पहुंचने के बाद जाति के आधार पर उनका उत्पीड़न असंभव हो जाएगा, लेकिन इधर हुई घटनाओं ने इस विश्वास को हिला दिया है।

राजस्थान हाईकोर्ट आफिसर्स एसोसिएशन ने 10 फरवरी 1989 को हाईकोर्ट परिसर के सुंदरीकरण के लिए मनु की प्रतिमा लगाने का प्रस्ताव पास किया था। तेईस दिन बाद इस प्रस्ताव को मंजूर करते हुए प्रतिमा लगा दी गई। मनु स्मृति के विरोधी, दलित-महिला अधिकारों के पैरोकार संगठनों ने इसे अदालत में चुनौती दी। राजस्थान हाईकोर्ट ने 28 जुलाई 1989 को प्रतिमा हटाने का फैसला सुना दिया। इस फैसले को विश्व हिंदू परिषद के नेता, आचार्य धर्मेंद्र ने राजस्थान हाईकोर्ट में ही एक जनहित याचिका दायर कर चुनौती दी, जिसे स्वीकार करते हुए अगस्त में पुराने फैसले के खिलाफ स्थगनादेश दे दिया गया। इस आदेश में एक शर्त यह है कि भविष्य में इस मामले की सुनवाई कोई डिवीजन बेंच ही कर सकती है, जिसमें राजस्थान हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश का होना अनिवार्य है। तब से इस प्रतिमा को लेकर मनु स्मृति के पैरोकारों और संविधानवादियों के बीच झगड़ा बना हुआ है। हिंदू वर्ण व्यवस्था के पक्षधर संगठन और नागरिक प्रतिमा को बनाए रखना चाहते हैं, जबकि जाति के आधार पर भेदभाव के विरोधी संविधानवादी इसे फौरन हटा देना चाहते हैं। अब यह राजस्थान हाईकोर्ट में सबसे अधिक समय से लंबित मामले के रूप में जाना जाने लगा है।

सबसे हाल में एक सुनवाई 2015 में हुई थी, जिसमें 300 मनु स्मृति समर्थक वकीलों ने अदालत में घुसकर उपद्रव किया था, तब से इस मामले में सुनवाई नहीं हुई है। यह प्रतिमा सिर्फ एक बहाना है, लेकिन वर्ण व्यवस्था के समर्थकों और विरोधियों के बीच का तनाव बहुत पुराना है, जो दलितों के घोड़ी चढ़ने, सार्वजनिक स्रोतों से पानी पीने, स्कूलों में बच्चों के मिड-डे मील साथ खाने, मंदिरों में प्रवेश करने के रूपों में प्रकट होता रहता है। अक्सर यह जातीय घृणा दिल हिला देने वाली आपराधिक घटनाओं के रूप में सामने आती है। जैसे अभी बीते दो अक्टूबर को रायबरेली में हरिओम वाल्मीकि नाम के एक दलित को भीड़ ने चोर होने की अफवाह पर पीट-पीट कर मार डाला।

बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर ने शिक्षा को शेरनी का दूध कहा था। दलित यकीन भी करते हैं कि शिक्षित और जागरूक होकर उच्च पदों पर पहुंच जाने के बाद जाति के आधार पर उनका उत्पीड़न करना असंभव हो जाएगा, लेकिन इधर दो घटनाएं ऐसी हुई हैं, जिन्होंने इस विश्वास को हिला दिया है। छह अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई पर वहीं के एक उम्र दराज वकील ने जूता फेंकने की कोशिश की और सनातन धर्म के अपमान के विरोध में नारा लगाया। यह ऊपर बताए गए तनाव के विस्फोट जैसी घटना थी, जिसके नतीजे आने वाले समय में दिखाई देंगे। इसके अगले दिन सात अक्टूबर को रोहतक (हरियाणा) रेंज के आईजी, आईपीएस पूरन कुमार ने अपनी सर्विस रिवाल्वर से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पूरन कुमार ने मरने से पहले नौ पेज का एक सुसाइड नोट लिखा था, जिसमें उन्होंने दस आईपीएस और दो आईएएस अफसरों पर जातिगत भेदभाव, मानसिक उत्पीड़न और फर्जी मामलों में फंसाकर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। पूरन की पत्नी आईएएस हैं, जो न्याय के लिए लड़ रही हैं।

ये दोनों असामान्य घटनाएं हैं, जिनसे पता चलता है कि सर्वोच्च पदों पर पहुंच जाने से मिलने वाले विशेषाधिकार भी दलितों को जातीय घृणा से बचा पाने में नाकाम साबित हो रहे हैं, वरना साधारण लोगों के साथ भेदभाव और हिंसा के मामले तो रोज होते रहते हैं, जिन्हें रस्मो-रिवाज की तरह देखकर आगे बढ़ जाया जाता है। नेशनल क्राइम रिकार्ड ब्यूरो के आंकड़ों के मुताबिक 2013-2023 के बीच के दशक में दलितों पर अत्याचार में 46 फीसद और आदिवासियों पर 91 फीसद की बढ़ोत्तरी हुई है। इस दौरान दलित उत्पीड़न के मामलों में उत्तर प्रदेश अधिकांश समय पहले नंबर पर रहा है।

इसी बीच की अवधि में हैदराबाद विश्वविद्यालय के शोध छात्र रोहित बेमुला की आत्महत्या की घटना भी हुई थी, जिसने देश भर के युवाओं को सड़क पर ला दिया था। छात्र रोहित बेमुला की फेलोशिप रोककर उसे हॉस्टल से निकाला गया था। उसने अपने सुसाइड नोट में लिखा था, मेरा जन्म एक अभिशाप था। कार्ल सैगन की तरह का विज्ञान-कथा लेखक बनने की इच्छा रखने वाला रोहित बेमुला मौत के बाद सामाजिक न्याय के पक्षधर युवाओं के बीच एक आईकॉन के रूप में स्थापित हो चुका है जो एक नई परिघटना है।

मनुस्मृति के पैरोकारों और सामाजिक न्याय के आकांक्षियों के बीच का यह संघर्ष खुद आंबेडकर के जीवन की एक निर्णायक घटना बना, जिन्होंने आगे चलकर देश का संविधान बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। समाज, स्कूल, नौकरी हर जगह उत्पीड़न के शिकार रहे आंबेडकर ने 1927 में महाड़ सत्याग्रह के समय मनु स्मृति जलाई थी। इस ग्रंथ में कहा गया है कि दलितों को शिक्षा का अधिकार नहीं है और सेवा करना उनका धर्म है। जब देश में संविधान लागू हुआ तो मनु स्मृति को अवैध ठहरा दिया गया और दलितों को सबके बराबर होने का अधिकार मिल गया, लेकिन दोनों पक्षों के बीच का संघर्ष समाप्त नहीं हुआ।

### सोशल फोरम

## एक ही व्यक्ति है जो रोक सकता है आपकी ग्रोथ!

एक दिन एंप्लाई जब ऑफिस पहुंचे, तो उन्हें गेट पर एक बड़ा सा नोटिस लगा दिखा, 'इस कंपनी में जो व्यक्ति आपको आगे बढ़ने से रोक रहा था, कल उसकी मृत्यु हो गई। हम आपको उसे आखिरी बार देखने का मौका दे रहे हैं, कृपया बारी-बारी से मीटिंग हॉल में जाएं और उसे देखने का कष्ट करें।'



सुनीता पाल
गृहणी

जो भी नोटिस पढ़ता उसे पहले तो दुःख होता, लेकिन फिर जिज्ञासा हो जाती कि आखिर वो कौन था, जिसने उसकी ग्रोथ रोक रखी थी और वो हॉल की तरफ चल देता। देखते-देखते हॉल के बाहर काफी भीड़ इकठ्ठा हो गई। गाड्र्स ने सभी को रोक रखा था और उन्हें एक-एक कर के अंदर जाने दे रहा था।

सबने देखा कि अंदर जाने वाला व्यक्ति काफी गंभीर हो कर बाहर निकलता, मानो उसके किसी करीबी की मृत्यु हुई हो! इस बार अंदर जाने की बारी एक पुराने एंप्लाई की थी। उसे सब जानते थे। सबको पता था कि उसे हर एक चीज से शिकायत रहती है। कंपनी से, सहकर्मियों से, वेतन से हर एक चीज से!

पर आज वो थोड़ा खुश लग रहा था। उसे लगा कि चलो जिसकी वजह से उसकी लाइफ में इतनी प्रॉब्लम्स थीं वो गुजर गया। अपनी बारी आते ही वो तेजी से ताबूत के पास पहुंचा और बड़ी जिज्ञासा से उचक कर अंदर झांकने लगा, पर ये क्या अंदर तो एक बड़ा सा आइना रखा हुआ था। यह देख वह क्रोधित हो उठा और जोर से चिल्लाने को हुआ कि तभी उसे आईने के बगल में एक संदेश लिखा दिखा, 'इस दुनिया में केवल एक ही व्यक्ति है, जो आपकी ग्रोथ रोक सकता है और वो आप खुद हैं। इस पूरे संसार में आप वो अकेले व्यक्ति हैं जो आपकी जिंदगी में क्रांति ला सकता है।

आपकी जिंदगी तब नहीं बदलती जब आपका बॉस बदलता है, जब आपके दोस्त बदलते हैं, जब आपके पार्टनर बदलते हैं या जब आपकी कंपनी बदलती है। आपकी जिंदगी तब बदलती है जब आप बदलते हैं, जब आप अपनी लिमिटिंग बिलीव्स तोड़ते हैं, जब आप इस बात को रीयलाईज करते हैं कि अपनी जिंदगी के लिए सिर्फ और सिर्फ आप जिम्मेदार हैं। सबसे अच्छा रिश्ता जो आप बना सकते हैं, वो खुद से बनाया रिश्ता है। खुद को देखिए, समझिए, कठिनाइयों से घबराइए नहीं, उन्हें पीछे छोड़िए। विजेता बनिए। खुद का विकस करिए और अपनी उस वास्तविकता का निर्माण करिए जिसका करना चाहते हैं!

–फेसबुक वाल से

### सामयिकी

## मारिया की राजनीति व राहुल की रणनीतिक उलझन

नोबेल शांति पुरस्कार विजेता वेनेजुएला की मारिया कोरिना मचाडो और भारत के कांग्रेस नेता राहुल गांधी को लेकर एक दिलचस्प परिदृश्य उत्पन्न हो गया है। मारिया अपने देश में सरकार के खिलाफ, लोकतंत्र, मतदान में धांधली, भ्रष्टाचार आदि को लेकर संघर्ष कर रही है। कांग्रेस और राहुल गांधी उनकी इस राजनीति की सराहना करते हैं, क्योंकि ऐसा ही वे भारत में अपनी राजनीति में कर रहे हैं। कांग्रेसी मारिया और राहुल को एक ही डाल का पंछी मानते हैं। कांग्रेस के एक आधिकारिक प्रवक्ता ने तो राहुल गांधी के लिए भी नोबेल की मांग कर डाली। वे मारिया को राहुल गांधी की समर्थक मानते हैं।

मारिया ने एक बार राहुल गांधी की तारीफ में ट्वीट भी किया था।



हरीश शिवनानी
स्वतंत्र पत्रकार

दूसरी ओर वास्तिवकता यह है कि राहुल गांधी और कांग्रेस की सियासत और मारिया की राजनीति और विचारधारा में गहरा अंतर्विरोध है। यह अंतर्विरोध ही राहुल और कांग्रेस के लिए जटिल उलझन और गले की फांस बन गया गया है। मारिया को नोबेल की घोषणा करते हुए नॉर्वेजियन नोबेल समिति ने उन्हें 'लोकतांत्रिक अधिकारों को बढ़ावा देने और तानाशाही के खिलाफ अथक प्रयास' के लिए सराहा। हालांकि, मारिया की धुर दक्षिणपंथी विचारधारा, जिसमें ट्रंप का समर्थन, इजराइल की नीतियों की पक्षधरता और आर्थिक निजीकरण की वकालत शामिल है, ने कांग्रेस के लिए पसोपेश वाली स्थिति पैदा कर दी है।

मारिया का राजनीतिक उदय वेनेजुएला की समाजवादी सरकारों के खिलाफ प्रतिरोध पर आधारित है। 1967 में जन्मी माचाडो, एक पूर्व सांसद और इंजीनियर, 2012 से विपक्षी गठबंधन की प्रमुख रही हैं। उन्होंने ह्यूगो चावेज और निकोलास मादुरो की सरकारों पर चुनावी धांधली, भ्रष्टाचार और मानवाधिकार उल्लंघनों के आरोप लगाए। ऐसा ही राहुल गांधी भारत में भाजपा सरकार के खिलाफ करते हैं। 2024 के राष्ट्रपति चुनावों में, मादुरो सरकार ने मारिया को अयोग्य घोषित कर दिया, जिसके बाद उन्होंने एडमुंडो गोंजालेज को समर्थन देकर विपक्ष को एकजुट किया। इन प्रयासों ने उन्हें अंतर्राष्ट्रीय मान्यता दिलाई, जिसमें अमेरिकी प्रतिबंधों और विदेशी सहायता की मांग शामिल थी।

मारिया की अपनी विचारधारा और राजनीति है। उन्होंने अपना पुरस्कार ट्रंप को समर्पित करते हुए उन्हें 'हमारे संघर्ष का निर्णायक समर्थक' बताया। मारिया ने अपने देश मे अमेरिकी सैन्य हस्तक्षेप की भी वकालत की, जिससे वेनेजुएला में आर्थिक संकट बढ़ा। इजराइल के प्रति उनका रुख साफ है। उन्होंने इजराइल को 'स्वतंत्रता का सच्चा सहयोगी' कहा और गाजा संघर्ष में इजराइली कार्रवाइयों का समर्थन किया। इसके अलावा, मारिया, राज्य तेल कंपनी पीडीवीएसए के निजीकरण की भी पक्षधर हैं, जो समाजवादी विचारधारा के विपरीत है।

मारिया को नोबेल की घोषणा होते ही भारत में कांग्रेस ने मारिया के पुरस्कार को अपने राजनीतिक नैरेटिव से जोड़ने का प्रयास किया। कांग्रेस नेता राशिद अल्वी ने कहा कि मारिया ने वेनेजुएला में लोकतंत्र के लिए जो संघर्ष किया, वही राहुल गांधी भारत में कर रहे हैं। पार्टी प्रवक्ता सुरेंद्र राजपूत ने सोशल मीडिया पर मारिया की तुलना राहुल गांधी से की, उन्हें 'संविधान बचाने का योद्धा' बताते हुए उनके लिए भी नोबेल पुरस्कार की मांग कर डाली। यह तुलना कांग्रेस की रणनीति का हिस्सा है, जहां राहुल गांधी को चुनावी धांधली, संस्थागत क्षरण और सामाजिक न्याय के मुद्दों पर मुखर दिखाया जाता है। विश्लेषणात्मक दृष्टि से देखें तो राहुल तथा मारिया के बीच वैचारिक विरोधाभासों को अनदेखा करता है। कांग्रेस की ऐतिहासिक विचारधारा समाजवाद, धर्मनिरपेक्षता और साम्राज्यवाद-विरोध पर टिकी है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह* 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा।)

# धर्म की सीमाओं से परे दीपावली

पिछले वर्षों की तरह इस बार भी दिवाली पर राष्ट्रपति भवन को रोशनी से सजाया जाएगा। यह जब जगमगाता है, तो देखते ही बनता है। राष्ट्रपति भवन में रोशनी की यह परंपरा भारत के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने शुरू की थी। उन्होंने ही सुनिश्चित किया था कि इसके परिसर में सभी प्रमुख भारतीय त्योहार मनाएं जाएं। प्रथम राष्ट्रपति द्वारा शुरू की गई इस समृद्ध परंपरा को उनके उत्तराधिकारियों ने भी जारी रखा। भारत के विविध समाज में दिवाली धार्मिक सीमाओं से परे हो गई है। गैर-हिंदू जैसे सिख, जैन, बौद्ध, मुस्लिम और ईसाई भी उत्सव में शामिल होते हैं, जो देश की एकता में विविधता की भावना को दर्शाता है। यहूदी धर्म, जो इजरायल से ज्यादा जुड़ा है, भारत में समृद्ध इतिहास रखता है। देश के विभिन्न हिस्सों में यहूदी समुदाय दिवाली मनाते हैं। छोटी दिवाली और दिवाली पर दिल्ली के हुमायूं रोड पर जुदा ह्याम सिनेगॉग के बाहर दीये जलाए जाते हैं। उत्तर भारत का एकमात्र सिनेगॉग होने के नाते, यह भारतीय यहूदी समुदाय की देश की सांस्कृतिक और धार्मिक विविधता में भागीदारी का प्रतीक है। रब्बी इजेकील इसाकल मलेकर, जो अपने परिवार और दोस्तों के साथ सिनेगॉग के बाहर दीये जलाते हैं, कहते हैं, "भारत में रहते हुए दिवाली से कैसे दूर रह सकते हैं? यह असंभव है। दिवाली प्रेम, भाईचारे और अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने का त्योहार है। हम यहूदी हैं, लेकिन भारत का भी हिस्सा हैं।"



विवेक शुक्ला
नई दिल्ली






ऐसा ही एक उदाहरण राष्ट्रीय राजधानी के सिविल लाइंस में ब्रदरहुड हाउस मिलता है। अपनी ईसाई पृष्ठभूमि के बावजूद, ब्रदरहुड हाउस को दिवाली पर रोशन किया जाता है। ब्रदर सोलोमन जॉर्ज कहते हैं, "दिवाली, ईद और क्रिसमस जैसे त्योहार अब धार्मिक सीमाओं से परे हो गए हैं। इन्हें सभी मनाते हैं। दिवाली अंधकार पर प्रकाश की जीत का प्रतीक है।" एसेंडेड क्राइस्ट का ब्रदरहुड 1877 में भारत में स्थापित हुआ, जिसके कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी से मजबूत संबंध हैं। अब इसे दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी (डीबीएस) कहा जाता है। इसने दिल्ली में सेंट स्टीफंस कॉलेज, सेंट स्टीफंस अस्पताल और हरियाणा की दिल्ली-सोनीपत सीमा पर सेंट स्टीफंस कैम्ब्रिज स्कूल की स्थापना की है।

ब्रदर सोलोमन कहते हैं, " दिवाली का अर्थ बहुत व्यापक है। यह अंधकार पर प्रकाश की जीत का प्रतीक है। अंधकार जीवन के हर कोने में फैलता है, जबकि प्रकाश सीमित है। दिन से पहले और बाद में रात आती है, जो अंधकार की प्रधानता दिखाती है। यह प्रकाश का पर्व हमें भारत के पवित्र मूल्यों की याद दिलाता है। जरूरतमंदों की मदद करना, अंधकार पर प्रकाश चुनना, ज्ञान और बुद्धि का पीछा करना तथा सद्भावना और करुणा का स्रोत बने रहना।"

सिख दिवाली को बंदी छोड़ दिवस से जोड़कर देखते हैं। उस दिन 1619 में मुगल सम्राट जहांगीर की कैद से छठे सिख गुरु हरगोबिंद जी की रिहाई हुई थी। देशभर में सिख दिवाली पर अपने घर रोशन करते हैं। जैन दिवाली को अपने 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर के 527 ईसा पूर्व निर्वाण प्राप्त करने के दिन के रूप में मनाते हैं। उनके लिए यह आत्ममंथन, उपवास और ज्ञान की शाश्वत रोशनी का प्रतीक दीये जलाने का समय है। राजस्थान और गुजरात जैसे राज्यों में जैन मंदिरों को रोशनी से सजाया जाता है और भक्त विशेष पूजा करते हैं। लड्डू और बर्फी जैसी मिठाइयां बांटी जाती हैं और कई जैन अहिंसा और आत्मअनुशासन पर प्रवचनों के लिए मंदिर जाते हैं। मुंबई जैसे शहरों में जैन समुदाय सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करते हैं, जिनमें गैर-जैन भी शामिल होते हैं, जो अंतरधार्मिक सद्भाव बढ़ाते हैं।

## गोल मस्जिद पर दीये



दीपोत्सव भारत की धरती का पर्व है। अगर ये बात न होती तो दिवाली पर निजामुद्दीन औलिया और मटका पीर की दरगाहों को रोशन करने की रिवायत न होती। इधर दिवाली वाले दिन सब मिलकर दिये जलाते हैं और रंगोली बनाते हैं। यकीन मानिए दिवाली पर इन फकीरों की दरगाहों की रोशनी अंधेरे पर बहुत भारी पड़ती है। अपने पिता की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए, प्रमुख इस्लामिक विद्वान और अंतरधार्मिक आंदोलन के समर्थक इमाम उमर इलियासी राजधानी के कस्तूरबा गांधी मार्ग पर गोल मस्जिद के बाहर दीये जलाते हैं। यह परंपरा उनके पिता मौलाना जामेइल इलियासी ने शुरू की थी, जो ऑल इंडिया इमाम कॉन्फ्रेंस के संस्थापक थे। 1960 के दशक से यह दिवाली उत्सव का अभिन्न हिस्सा है। मुंबई के व्यस्त इलाकों में मुस्लिम परिवार हिंदू पड़ोसियों से मिठाइयां आदान-प्रदान करते हैं और बच्चों के साथ फुलझड़ियां जलाते हैं। बेशक भारत में गैर-हिंदुओं द्वारा दिवाली मनाना त्योहार के साझा सांस्कृतिक विरासत के प्रतीक में विकास को रेखांकित करता है। यह सामाजिक एकजुटता को बढ़ावा देता है।

## दीपावली की भीड़ में कहां गुम हो गया आम आदमी



अंजु अग्निहोत्री
लखनऊ

आज तुम, तो कल मैं, सत्रहवीं शताब्दी के शुरू में जब यह कहावत कही गई थी, तो कोई नहीं जानता था कि चार सौ साल बाद भी हालात जस के तस होंगे। तमाम कयासों के बाद दीपावली की जमकर खरीदारी धनतेरस पर रिकार्ड बिक्री का कयास तब जब लाखों की संख्या में बेरोजगार बाजार में जुटे हों, तो उनकी भीड़ देखकर कहना मुश्किल हो रहा था कि विकासशील राष्ट्र के ये वो नागरिक हैं। दरअसल समाज कोई भी हो, उसमें कई तरह के चेहरे देखने को मिलते हैं। वहीं दूसरा वर्ग वह आम आदमी है, जिसकी खुशियां छीनने के लिए तनख्वाह का समय पर न मिलना, बच्चों की फीस, रोजमर्रा के सामानों का जेब की पहुंच से दूर होना ही काफी है, लेकिन फिर भी हर कोई अपने-अपने तरीके से हर त्योहार मनाता ही है। फर्क सिर्फ 'पोम्प एंड शो' का है।

दरअसल सही मायनों में तो आम आदमी को त्योहारों की खुशी कम और उसके आने पर होने वाले खर्च का डर ज्यादा सताता है। आप माने या न मानें, लेकिन एक बार किसी आम आदमी के दिल के भीतर झांककर देखें। यह सच्चाई आपको खुद-ब-खुद इस हकीकत से रूबरू करा देगी। याद कीजिए बाजारों में कई-कई दिन घूमने और खरीदारी के बावजूद आपको क्या कोई ऐसा आदमी नजर आया। यकीनन नहीं, क्योंकि उसके लिए 'क्या मंगल क्या पीर, जिस दिन सोये देर तक भूखा रहे फकीर' वाली स्थिति है। वह न तो महंगी-महंगी मिठाई खरीद सकता है, न उसे एक दूसरे में बांटने का ख्याल ही अपने जहन में ला सकता है। खील खिलौने, गट्टे और पटाखों के दामों को सुनकर अपनी छोटी से जेब को देखता आम आदमी।

चुप बावली/कहां दीप और कहां दिवाली/स्याह स्वप्न/और रातें काली/बोली भारी दावे जारी/ खाली-खाली सब कुछ खाली/ उजियारी की कोरी बातें/ अंधकार की सौगातें/रोटी-वोटी प्यार-व्यार सब महज बतकही/ सब कुछ खोटी शेष नहीं अब कहीं अनकही/क्यों निस्तेज हो रही तेरी आंखें/कहां गुम हो रही तेरी लाली/चुप बावली/कहां दीप और/कहां दिवाली

सत्ता की सुविधा हेतु राजनैतिक पार्टियां कब तक हमें कभी धर्म के नाम पर, कभी जाति के नाम पर, कभी भाषा के नाम पर लड़ाकर अपना स्वार्थ सिद्ध करती रहेगी? चुनावी उठापटक की मुहिम से लहूलुहान यह गणतंत्र धीमे-धीमे तमाशा बनता जा रहा है, बुनियादी सवालों के प्रति चिंतन कौन करे? सत्ता में आते ही अपनी जागीर समझने वाले सत्ता के सवार अपना वर्चस्व बरकरार रखने के लिए सरकारी धन का दुरुपयोग करते रहते हैं। आजादी के पांच दशक में हमारे साथ किया गया तमाशा अब धराशाही होना ही चाहिए। एक बार फिर दीपों के पर्व पर गणेश-लक्ष्मी की आराधना होगी। लक्ष्मी को अपने घर पर लाने के लिए तरह-तरह से पूजा अर्चना व मंत्रोच्चार होंगे। भगवान को भोग लगाया जाएगा, लेकिन एक तबका ऐसा भी होगा, जो इन सबसे अलग खुले आसमान के नीचे या फिर छप्पर के नीचे अगली सुबह का इंतजार कर रहा होगा। ऊंचे भवन में ऊंची दिवाली/उधर ढोल-ताशे, इधर पेट खाली/जगमग जगत का ये कैसा है माली?/कोई बताए ये कैसी दीवाली?/ न इधर कोई माली, न उधर कोई माली/रहस्य क्या बताए भीखू की थाली।

## आरोग्य और आत्मबल के प्रतीक धनवंतरि

भगवान धनवंतरि का उल्लेख पुराण, महाभारत, हरिवंश और गरुड़ पुराण सहित अनेक ग्रंथों में मिलता है। समुद्र मंथन के समय 14 रत्नों के साथ चौदहवें क्रम में भगवान धनवंतरी भी प्रकट हुए थे। भगवान धनवंतरि की चार भुजाएं थीं। उनके एक हाथ में अमृत कलश, दूसरे में शंख, तीसरे में चक्र और चौथे हाथ में औषधि का पात्र था। धनवंतरि का शरीर दिव्य तेज से चमक रहा था। धनवंतरि ने अमृत कलश देवताओं को प्रदान किया और मानव समाज का औषधि पात्र के साथ अमूल्य ज्ञान दिया।



अशोक सूरी
बरेली

भारतीय संस्कृति में स्वास्थ्य को प्रमुख स्थान प्राप्त है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क विद्यमान रहता है एवं स्वस्थ मस्तिष्क में ही सुंदर विचार उत्पन्न होते हैं। हमारे शास्त्रों में कहा गया है, "शरीरमाध्यं खलु धर्म साधनम।" अर्थात शरीर ही धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की साधना का प्रथम सोपान है। स्वस्थ शरीर की अनुपस्थिति में उपर्युक्त कार्य नहीं हो सकते हैं। इस मानव शरीर की रक्षा के लिए भगवान ने जब अवतार लिया तो वे- भगवान धनवंतरि कहलाए। आयुर्वेद के आदिदेव एवं आरोग्य के अधिष्ठाता।

'भगवान धनवंतरि कहते हैं आयुर्वेदः नाम वेदोपवेदाः। जीवनस्य दीर्घिते तेन लभ्यते।।' अर्थात आयुर्वेद वह उपवेद है, जो जीवन को दीर्घ स्वस्थ और संतुलित रूप प्रदान करता है।

मानव शरीर पंच महाभूतों- पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश से बना है। धनवंतरि ने शरीर में केवल तीन दोषों का प्रतिपादन किया। आयुर्वेद के अनुसार शरीर के सारे रोग जिन तीन दोषों के कारण उत्पन्न होते हैं, उनके नाम हैं- वात, पित्त और कफ। धनवंतरि के शिष्य सुश्रुत ने भगवान के उपदेशों को 'सुश्रुत संहिता' में संकलित किया है। यह ग्रंथ विश्व चिकित्सा विज्ञान एवं शल्य चिकित्सा का मुख्य ग्रंथ माना जाता है। धनवंतरी ने बताया कि ब्रह्मा द्वारा हमें प्रदत्त यह मान शरीर केवल देह नहीं है अपितु यह मन प्राण और आत्मा का समन्वित रूप है। यदि हमें कोई रोग नहीं है, तो इसका अर्थ स्वस्थ होना नहीं है। हमारा मन और हमारी आत्मा भी स्वस्थ होनी चाहिए, जिससे हमें कोई बुरे कार्य करने की प्रेरणा न मिले। उन्होंने कहा : ''समदोषः समाग्निश्च समधातु मलक्रियः'' प्रसन्नात्मेन्द्रिय मनः स्वस्थ इत्यभिधीयते।।'' अर्थात जब शरीर के दोष, धातु और मल संतुलित हों, अग्नि सम हो और मन तथा इन्द्रियां प्रसन्न हों, तभी मनुष्य स्वस्थ शरीर वाला माना जाता है। भगवान धनवंतरि का प्राकट्य दिवस हम दीपावली से दो दिन पूर्व धनतेरस के दिन मनाते हैं। भारत सरकार ने इस दिवस को आयुर्वेद दिवस के रूप में भी मनाने की मान्यता दी है। आज हमारा जीवन भागदौड़ और असंतुलित खानपान से भरा हुआ है। आज की जीवनशैली में अखाद्य और असमय भोजन ने हमें चिकित्सकों को मुरीद बना दिया है। संतुलित भोजन एवं नियमित दिनचर्या, औषधि एवं संयमित विचार भी हमें स्वस्थ एवं दीर्घायु बना सकते हैं। भगवान धनवंतरि, चिकित्सा विज्ञान के जनक तो हैं ही, साथ ही आरोग्य और आत्मबल के प्रतीक भी हैं। उनका दर्शन हमें सिखाता है कि स्वास्थ्य केवल औषधियों से ही नहीं, अपितु शुद्ध विचारों और सत्वगुणी जीवन से प्राप्त होता है।



## पर्यावरण, विज्ञान और संस्कृति संग हो 2047 का सफर





रवि बिजारनिया
पीआरएसआई, देहरादून

भारत की पहचान उसकी हजारों वर्षों पुरानी संस्कृति और विरासत से है। भारत 2047 में स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूरे करेगा। जब हम 2047 तक विकास की ओर बढ़ें, तब यह जरूरी है कि हमारी संस्कृति और परंपराएं भी साथ चलें। भारत की सांस्कृतिक धरोहर को विश्व स्तर पर पहचान दिलाना भी जरूरी है। यह अवसर सिर्फ एक ऐतिहासिक पड़ाव नहीं, बल्कि एक नए भारत की कल्पना का प्रतीक होगा। ऐसा भारत जो आर्थिक रूप से मजबूत, सांस्कृतिक रूप से समृद्ध और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार हो। इस दिशा में जनसंपर्क (पब्लिक रिलेशन) की भूमिका बहुत अहम होगी। यह केवल सूचना देने का माध्यम नहीं, बल्कि सरकार और समाज के बीच भरोसे और संवाद का पुल है।

### पर्यावरण के साथ संतुलन

- जलवायु परिवर्तन आज की सबसे बड़ी चुनौती है। भारत जैसे देश के लिए यह और भी महत्वपूर्ण है। हम स्वच्छ ऊर्जा, हरित विकास और टिकाऊ जीवनशैली को अपनाएं। इस बदलाव के लिए सिर्फ नीति बनाना काफी नहीं, बल्कि लोगों को इसके लिए जागरूक और प्रेरित करना जरूरी है। यहां जनता को जोड़ने और जिम्मेदारी का अहसास दिलाने में पब्लिक रिलेशन यानी पीआर एक उत्प्रेरक की भूमिका निभा सकता है।

### सरकार और जनता के बीच सेतु

- नीतियों की सफलता जनता की सहभागिता और भरोसे पर टिकी होती है। एक पारदर्शी संवाद से ही यह भरोसा कायम हो सकता है। जनसंपर्क वह माध्यम है, जिससे सरकार और नागरिकों के बीच स्पष्ट, सटीक और संवेदनशील संवाद हो सकता है, जिससे नीतियां धरातल पर उतरें।

### एक समग्र सपना

- भारत 2047 का सपना सिर्फ आर्थिक विकास का नहीं है। यह सपना है एक ऐसे देश का है, जो संस्कृति से जुड़ा हो, प्रकृति के प्रति सजग हो और जनता की भागीदारी से मजबूत हो। अगर जनसंपर्क हर क्षेत्र- विज्ञान, पर्यावरण, संस्कृति, शासन और स्वास्थ्य में जिम्मेदारी से संवाद बनाएं रखें, तो निश्चित ही भारत 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बन सकता है।

### विज्ञान और तकनीक से आमजन को जोड़ना

- भारत ने विज्ञान और तकनीक में तेजी से तरक्की की है। जैसे- आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजिटल हेल्थ और स्पेस टेक्नोलॉजी। इन तकनीकों का सही उपयोग और जनता का इन पर विश्वास बनाना जरूरी है। जनसंपर्क की मदद से इन जटिल विषयों को सरल भाषा में लोगों तक पहुंचाया जा सकता है, ताकि वे इसका लाभ उठा सकें।

## बिजनेस ब्रीफ

### केनरा एचएसबीसी 5% की बढ़त संग सूचीबद्ध

**नई दिल्ली।** केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड का शेयर अपने निर्गम मूल्य 106 रुपये से 5% की बढ़त के साथ शुक्रवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई और एनएसई दोनों पर शेयर 106 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। बाद में, बीएसई पर यह 4.62% चढ़कर 110.90 रुपये पर और एनएसई पर 4.71% की बढ़त के साथ 111 रुपये पर पहुंच गया। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 10,488 करोड़ रुपये था। केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी के आईपीओ को बोली के अंतिम दिन गत बुधवार को 2.29 गुना अभिदान मिला था। कंपनी के 2,517 करोड़ रुपये के आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 100-106 रुपये प्रति शेयर था।

### एमईआईएल को ओसीने से मिली परियोजना

**हैदराबाद।** मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (एमईआईएल) ने कुवैत ऑयल कंपनी (केओसी) से 22.55 करोड़ डॉलर की परियोजना हासिल की है। इसमें पश्चिमी कुवैत के तेल क्षेत्रों में एक नई 'गैस स्वीटनिंग' एवं 'सल्फर रिकवरी' सुविधा (एनजीएसएफ) के 'डिजाइन', निर्माण, संचालन और रखरखाव का काम शामिल है। एमईआईएल के निदेशक पी. दोराया ने कहा कि यह परियोजना कार्यान्वयन चरण और संचालन एवं रखरखाव (ओएंडएम) चरण में पूरी की जाएगी। पश्चिम कुवैत में इस रणनीतिक गैस 'स्वीटनिंग' सुविधा के लिए कुवैत ऑयल कंपनी के साथ साझेदारी करके हमें गर्व महसूस हो रहा है।

### यूको बैंक का लाभ बढ़कर 620 करोड़ रुपये हुआ

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के यूको बैंक का चालू वित्त वर्ष 2025-26 की जुलाई-सितंबर तिमाही में शुद्ध लाभ 2.82% बढ़कर 620 करोड़ रुपये रहा। वित्त वर्ष 2024-25 की जुलाई-सितंबर तिमाही में यूको बैंक ने 603 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में बैंक का कुल कारोबार 5.36 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा, जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 13.23% अधिक है। चालू वित्त वर्ष की तिमाही में सकल अग्रिम 16.56% बढ़कर 2.31 लाख करोड़ हो गया तथा कुल जमा 10.85% बढ़कर 3.06 लाख करोड़ रुपये रहा। यूको बैंक ने कहा कि सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां (एनपीए) 0.62 प्रतिशत घटकर 2.56 प्रतिशत रही।

# शेयर बाजार में आतिशबाजी बरकरार

## लगातार तीसरे दिन भी तेजी कायम, सेंसेक्स 484 और निफ्टी 125 अंक चढ़ा

**मुंबई, एजेंसी**



- बैंकों-पेट्रोलियम में खरीदारी और विदेशी कोषों की लिवाली से बाजार को मिली ताकत
- सेंसेक्स में शामिल एशियन पेंट्स में सबसे अधिक 4.18 प्रतिशत की आई तेजी

प्रमुख बैंकों एवं पेट्रोलियम शेयरों में खरीदारी और विदेशी कोषों की लिवाली के दम पर घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को लगातार तीसरे दिन बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 484 अंक उछल गया जबकि निफ्टी 25,700 के ऊपर बंद हुआ।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 484.53 अंक उछलकर 83,952.19 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 704.58 अंक बढ़ा था। एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 124.55 अंक चढ़कर 25,709.85 अंक पर पहुंच गया। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से एशियन पेंट्स में सबसे अधिक 4.18 प्रतिशत की तेजी आई। महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारती एयरटेल, आईटीसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईसीआईसीआई बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज भी लाभ में रहीं। हालांकि, इन्फोसिस, एचसीएल टेक, इटर्नल, टेक महिंद्रा और टाटा स्टील के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए।

ऑनलाइन कारोबार एवं संपत्ति प्रौद्योगिकी मंच एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी पोनमुडी आर. ने कहा कि भारतीय बाजारों ने कारोबारी सप्ताह का समापन मजबूती के साथ किया। निफ्टी और बैंक निफ्टी दोनों ने ही अहम मनोवैज्ञानिक स्तर को पार किया। इसके पीछे संस्थागत भागीदारी और व्यापक खरीदारी की भूमिका रही।

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि बाजार ने ऊपर की तरफ बढ़ने का सिलसिला जारी रखा है और पिछले 52 सप्ताह का नया उच्च स्तर हासिल किया है। इसके पीछे खपत-केंद्रित शेयरों की अहम भूमिका रही। बैंकों की आय और संपत्ति गुणवत्ता में तनाव कम होने के संकेतों ने भी उद्योग में समग्र सकारात्मक धारणा को मजबूत किया।

### मिड और स्मॉलकैप में आई गिरावट

छोटी कंपनियों का बीएसई स्मालकैप सूचकांक 0.49 प्रतिशत गिर गया जबकि मझोली कंपनियों के मिडकैप सूचकांक में 0.43 प्रतिशत की गिरावट रही। क्षेत्रवार सूचकांकों में से टिकाऊ उपभोक्ता खंड में 1.48 प्रतिशत की तेजी रही जबकि एफएमसीजी (दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियां) खंड में 1.19 प्रतिशत, वाहन खंड में 0.59 प्रतिशत और स्वास्थ्य सेवा खंड में 0.50 प्रतिशत की बढ़त रही। साप्ताहिक आधार पर बीएसई सेंसेक्स में इस हफ्ते कुल 1,451.37 अंक यानी 1.75 प्रतिशत की बढ़त देखी गई जबकि एनएसई निफ्टी ने 424.5 अंक यानी 1.67 प्रतिशत की तेजी दर्ज की।

### डीआईआई ने 4,076.20 करोड़ के शेयर खरीदे

शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने गुरुवार को 997.29 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर खरीदे। घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने भी पिछले कारोबार में 4,076.20 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। एशिया के अन्य बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी सकारात्मक दायरे में बंद हुआ, जबकि जापान का निक्की, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग गिरावट के साथ बंद हुए। यूरोप के बाजार दोपहर कारोबार में गिरावट का रुख था। अमेरिकी बाजार गुरुवार को गिरावट के साथ बंद हुए थे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.92 प्रतिशत गिरकर 60.50 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। बीएसई सेंसेक्स गुरुवार को 862.23 अंक उछलकर 83,467.66 अंक और निफ्टी 261.75 अंक बढ़कर 25,585.30 अंक पर रहा था।

# विदेशीमुद्रा भंडार घटकर 698 अरब डॉलर पर पहुंचा

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 10 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में 2.18 अरब डॉलर घटकर 697.78 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को ये जानकारी दी। एक सप्ताह पहले देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 27.6 करोड़ डॉलर घटकर 699.96 अरब डॉलर रहा था।

- सोने का मूल्य 100 अरब डॉलर के पार

रिजर्व बैंक के अनुसार, 10 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का प्रमुख घटक मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 5.60 अरब डॉलर घटकर 572.10 अरब डॉलर रही। डॉलर के संदर्भ में व्यक्त विदेशी मुद्रा आस्तियों में यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं में मूल्यवृद्धि या मूल्यह्रास का प्रभाव शामिल होता है। आलोच्य सप्ताह में देश का स्वर्ण भंडार 3.59 अरब डॉलर बढ़कर 102.36 अरब डॉलर हो गया। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 13 करोड़ डॉलर घटकर 18.684 अरब डॉलर रहा। रिजर्व बैंक के अनुसार, समीक्षाधीन सप्ताह में अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष में भारत का आरक्षित भंडार 3.6 करोड़ डॉलर घटकर 4.63 अरब डॉलर रहा।

# 24 व 48 घंटे में डिलीवरी की गांरटी के साथ नई सेवाएं पेश करेगा भारतीय डाक : सिंधिया

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- केंद्रीय संचार मंत्री ने जनवरी से सेवाओं के शुरू होने के दिए संकेत

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय डाक 24 और 48 घंटे में 'डिलीवरी' की गांरटी के साथ डाक एवं पार्सल सेवा शुरू करेगा। मंत्री ने कहा कि जनवरी से 24 घंटे और 48 घंटे डाक वितरण तथा अगले दिन पार्सल वितरण शुरू हो जाएगा।

सिंधिया ने कहा कि हम डाक और पार्सल की डिलीवरी की गारंटी के साथ नई सेवाएं पेश करने जा रहे हैं। 24 घंटे की स्पीड पोस्ट सेवा होगी जो 24 घंटे के भीतर डाक की डिलीवरी सुनिश्चित करेगी। इसी तरह, 48 घंटे के भीतर डिलीवरी के लिए 48 घंटे की स्पीड पोस्ट सेवा होगी। ये सेवाएं जनवरी में शुरू की जाएंगी। मंत्री ने कहा कि पार्सल की अगले दिन डिलीवरी के लिए भी ऐसी ही सेवाएं होंगी, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि पार्सल अगले दिन डिलीवर हो जाए जबकि अभी इसमें तीन से पांच दिन लगते हैं। सिंधिया ने कहा कि सरकार का लक्ष्य 2029 तक भारतीय डाक को लागत से लाभ केंद्र में तब्दील करना है।

### भारतीय दूरसंचार सेवाएं शीर्ष तीन में

केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि भारतीय दूरसंचार सेवाएं विश्व स्तर पर शीर्ष तीन में शामिल हैं और इन्हें और बेहतर बनाने के प्रयास जारी हैं। सेल स्तर पर सेवा की गुणवत्ता की निगरानी के लिए एक अक्टूबर से और कड़े मानदंड लागू किए गए हैं। दूरसंचार नियामक ट्राई ने उन मानदंडों को लागू किया है, जिनका इस्तेमाल सर्कल स्तर से लेकर सेल स्तर तक सेवाओं की गुणवत्ता मापने के लिए किया जाता था। मंत्री ने कहा कि दूरसंचार परिचालकों ने नए मानदंडों के आधार पर पहली रिपोर्ट दी है और उन मुद्दों को हल करने के लिए चर्चा चल रही है।

# भारत का रूसी तेल आयात अक्टूबर में बढ़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- अक्टूबर माह में 18 लाख बैरल प्रतिदिन रहा आयात



रूस से भारत का कच्चा तेल आयात अक्टूबर के पहले पखवाड़े में मजबूत हुआ, जिससे जुलाई-सितंबर के दौरान आवक में तीन महीने की गिरावट थम गई। जहाजों की आवाजाही से जुड़े आंकड़ो से यह जानकारी मिली।

त्योहारी मांग को पूरा करने के लिए रिफाइनरियां पूरी तरह से काम पर लौट आई हैं। रूस से आयात जून में 20 लाख बैरल प्रतिदिन से घटकर सितंबर में 16 लाख बैरल प्रतिदिन रह गया था। अक्टूबर के आरंभ में हालांकि आंकड़ों से सुधार का संकेत मिलता है। भारत को यूराल और अन्य रूसी 'ग्रेड' के आयात में तेजी आई है जिसे पश्चिमी बाजारों में कमजोर मांग के बीच नए सिरे से छूट से समर्थन मिला है। वैश्विक व्यापार विश्लेषण कंपनी 'केप्लर' के प्रारंभिक आंकड़ों से पता चला है कि अक्टूबर में आयात 18 लाख बैरल प्रति दिन (बीपीडी) रहा, जो पिछले महीने की तुलना में 2,50,000 बीपीडी की वृद्धि है। ये आंकड़े अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के 15 अक्टूबर के उस बयान से पहले के हैं, जिसमें उन्होंने दावा किया था कि प्रधानमंत्री मोदी रूसी कच्चे तेल के आयात को रोकने पर सहमत हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि उन्हें ऐसी किसी बात की जानकारी नहीं है। केप्लर में प्रमुख शोध विश्लेषक (रिफाइनिंग एवं मॉडलिंग) सुमित रिटोलिया का मानना है कि ट्रंप का बयान आसन्न नीतिगत बदलाव का प्रतिबिंब होने के बजाय व्यापार वार्ता से जुड़ी दबाव की रणनीति अधिक है।

# दुर्लभ खनिजों के लिए चिली, पेरू से समझौते के प्रयास

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- गोयल बोले- अगले दौर की वार्ता को करेंगे इन देशों का दौरा

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि सरकार दुर्लभ पृथ्वी खनिजों की आपूर्ति बढ़ाने के लिए चिली और पेरू के साथ व्यापार समझौते पर बातचीत, घरेलू खोज को बढ़ावा देना और स्टार्टअप को पुनर्चक्रण एवं प्रसंस्करण में शामिल करने जैसे कदम उठा रही है।

तांबा, लिथियम, निकल व कोबाल्ट जैसे दुर्लभ खनिज इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों, लड़ाकू विमान सहित कई उद्योगों के लिए जरूरी कच्चा माल हैं। ये खनिज स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रिक वाहन और बैटरी विनिर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं। चिली, पेरू और ऑस्ट्रेलिया में इनके भंडार हैं। भारत का ऑस्ट्रेलिया के साथ व्यापार समझौता लागू हो चुका है और दक्षिण अमेरिकी देशों चिली एवं पेरू के साथ भी वार्ता जारी है। भारतीय टीम अगले दौर की व्यापार वार्ता के लिए इन देशों का दौरा कर रही है।

### उद्योग को आपूर्ति शृंखलाओं में विविधता की सलाह

गोयल ने एक कार्यक्रम में कहा कि चिली एवं पेरू जैसे दक्षिण अमेरिकी देशों के साथ व्यापार समझौते की कोशिशों के पीछे दुर्लभ खनिजों की अहम भूमिका है। भारत घरेलू खोज बढ़ाने, अवशिष्ट से खनिज निकालने वाले स्टार्टअप, और देश में प्रसंस्करण सुविधाओं के निर्माण पर भी विचार कर रहा है। गोयल ने उद्योग को आपूर्ति शृंखलाओं में विविधता लाने की सलाह देते हुए कहा कि हमें अपने आपूर्ति शृंखलाओं का मूल्यांकन करना चाहिए कि क्या वे किसी एक देश पर अधिक निर्भर हैं। यदि निर्भर हैं, तो हम कमजोर हो सकते हैं, खासकर उस समय जब व्यापार को हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। उनका इशारा चीन की तरफ था, जिसने दुर्लभ खनिज तत्वों के निर्यात पर बंदिशें लगा दी हैं जिससे दुनिया भर में इन खनिजों की आपूर्ति बाधित है। उन्होंने बताया कि सरकार 10,000 करोड़ की कोषों का कोष योजना के लिए दिशानिर्देश तैयार कर रही है, जो स्टार्टअप फर्मों के लिए लंबी अवधि की वित्तीय सहायता पर केंद्रित है। गोयल ने पिछली कांग्रेस सरकारों पर आसियान, जापान और कोरिया के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) ठीक से न करने का आरोप लगाते हुए कहा कि अब ये समझौते घरेलू उद्योग को लाभ नहीं पहुंचा रहे हैं।



# आपको राष्ट्रपति संदर्भ पर फैसले का करना होगा इंतजार : सुप्रीम कोर्ट

## तमिलनाडु सरकार से कहा- संविधान पीठ के फैसले के बाद मामले की सुनवाई होगी



**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को तमिलनाडु सरकार से कहा कि वह राज्यपाल आनएन रवि द्वारा तमिलनाडु शारीरिक शिक्षा एवं खेल विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2025 को मंजूरी देने के बजाय उसे राष्ट्रपति के पास भेजने के उनके फैसले को चुनौती देने वाली उसकी याचिका पर निर्णय के लिए राष्ट्रपति के संदर्भ पर आने वाले फैसले का इंतजार करे।

भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) बीआर गवई और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन की पीठ ने कहा कि इस मुद्दे पर संविधान पीठ के फैसले के बाद मामले की सुनवाई की जाएगी। पीठ ने कहा कि आपको राष्ट्रपति के संदर्भ के नतीजे का इंतजार करना होगा। आपको मुश्किल से चार सप्ताह इंतजार करना होगा। संदर्भ पर 21 नवंबर (सीजेआई गवई की सेवानिवृत्ति) से पहले निर्णय लिया जाना है।

सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति संदर्भ पर 11 सितंबर को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। राष्ट्रपति संदर्भ में पूछा गया था कि क्या एक संवैधानिक अदालत राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयकों को मंजूरी देने के लिए राज्यपालों और राष्ट्रपति के लिए समयसीमा निर्धारित कर सकती है। तमिलनाडु सरकार ने शीर्ष अदालत में अपनी याचिका में कहा है कि विधेयक को राष्ट्रपति के विचारार्थ भेजने का राज्यपाल का कृत्य स्पष्ट रूप से असंवैधानिक, संविधान के अनुच्छेद 163(1) और 200 का उल्लंघन है तथा प्रारम्भ से ही अमान्य है।

याचिका के अनुसार, विधेयक को छह मई 2025 को राज्यपाल के पास मंजूरी के लिए भेजा गया था। साथ ही मुख्यमंत्री की सलाह भी थी कि इसे मंजूरी दी जाए। हालांकि, 14 जुलाई को राज्यपाल ने यूजीसी विनियम, 2018 के खंड 7.3 के साथ कथित टकराव का हवाला देते हुए विधेयक को राष्ट्रपति के पास भेज दिया, जिस पर राज्य सरकार का कहना है कि यह कदम उनके संवैधानिक अधिकार क्षेत्र के बाहर है।

### मुस्लिम कानून के तहत विधवाओं के उत्तराधिकार के अधिकार की पुष्टि

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि किसी संपत्ति को बेचने का समझौता मालिकाना हक का हस्तांतरण नहीं करता है। न्यायालय ने यह व्यवस्था दी कि मृतक की सभी संपत्तियां पैतृक संपत्ति का हिस्सा हैं और इन्हें मुस्लिम कानून के अनुसार वितरित किया जाना चाहिए। न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति प्रशांत मिश्रा की पीठ ने अपने फैसले में एक निचली अदालत के निर्णय के अंग्रेजी अनुवाद की खराब गुणवत्ता पर भी नाखुशी जताई और इस बात पर जोर दिया कि अपीलीय कार्यवाही में निष्पक्ष निर्णय सुनिश्चित करने के लिए अनुवाद में मूल पाठ के अर्थ और भावना को पूरी ईमानदारी से शामिल किया जाना चाहिए। यह फैसला मुंबई उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ जोहरबी नामक एक महिला की एक अपील पर आया। यह मामला चांद खान द्वारा छोड़ी गई संपत्तियों को लेकर पारिवारिक विवाद से उत्पन्न हुआ था, जिनकी मृत्यु हो गई और उनकी संतान नहीं है। खान की पत्नी जोहरबी ने संपत्ति के तीन-चौथाई हिस्से पर दावा करते हुए दलील दी कि यह मुस्लिम कानून के तहत 'मतरूक' संपत्ति है। चांद खान के भाई इमाम खान ने इस दावे का विरोध करते हुए दलील दी कि संपत्तियां चांद खान के जीवनकाल में ही बिक्री समझौतों के माध्यम से तीसरे पक्ष को हस्तांतरित कर दी गई थीं। पीठ ने कहा कि बिक्री समझौता किसी विशेष संपत्ति को खरीदने के लिए सहमत होने वाले पक्ष को न तो कोई अधिकार प्रदान करता है और न ही उसमें कोई हित निहित करता है। यह कानून में एक सर्वमान्य स्थिति है। इसने माना कि चूंकि बिक्री विलेख चांद खान की मृत्यु के बाद ही निष्पादित किए गए थे, इसलिए संपत्ति उनके निधन के समय भी उनके पास ही रही और इसलिए इसे 'मतरूक' संपत्ति माना जाना चाहिए।

### अधिग्रहित भूमि पर अतिक्रमण करना सरासर घोटाला

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि राजस्थान आवास बोर्ड के लिए अधिग्रहित भूमि पर अतिक्रमण करना सरासर घोटाला है, जिसमें ऊपर से लेकर नीचे तक सभी की मिलीभगत है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि राजस्थान हाईकोर्ट के दर्जनों आदेश हैं जिनमें कहा गया है कि अधिकारी इन निर्माणों को नियमित नहीं कर सकते। न्यायमूर्ति मेहता ने कहा कि कई पीठों ने यह सुनिश्चित करने की कोशिश की है कि जमीन अतिक्रमण मुक्त हो जाए। इस घोटाले के पीछे ये ताकतवर लोग हैं, जो इसे होने नहीं देते। पीठ ने यह टिप्पणी राजस्थान सरकार द्वारा उच्च न्यायालय के 20 अगस्त के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई के दौरान की। उच्च न्यायालय ने राजस्थान आवास बोर्ड के लिए अधिग्रहित भूमि पर बसी अवैध कॉलोनियों को नियमित करने के लिए सरकार द्वारा 12 मार्च, 2025 को जारी आदेश के क्रियान्वयन पर रोक लगा दी थी। अदालत ने यह भी निर्देश दिया था कि संबंधित भूमि पर किए गए किसी भी अतिक्रमण को ध्वस्त किया जाना चाहिए तथा ऐसे अवैध निर्माण की अनुमति देने वाले संबंधित अधिकारियों के खिलाफ उचित कार्रवाई भी की जानी चाहिए।

### प्राथमिक शिक्षकों की भर्ती में हाईकोर्ट के आदेश को रखा बरकरार

कर्नाटक में स्नातक प्राथमिक शिक्षकों की भर्ती से संबंधित फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली अपीलों को खारिज कर दिया है, जिसने मामले को निर्णय के लिए कर्नाटक राज्य प्रशासनिक न्यायाधिकरण (केएसएटी) को भेज दिया था। न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी और विजय बिश्नोई की पीठ ने हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखते हुए कहा कि भर्ती प्रक्रिया को लेकर सेवा संबंधी शिकायतों के समाधान के लिए केएसएटी उचित मंच है। निर्णय लिखने वाले न्यायमूर्ति विजय बिश्नोई ने कहा कि हमारा मानना है कि हाईकोर्ट की खंडपीठ ने एकल न्यायाधीश द्वारा पारित निर्णय को सही ढंग से रद्द कर दिया है और अपीलकर्ताओं (ए) के पहले समूह की अपीलों को आंशिक रूप से स्वीकार करने और मामले को निर्णय के लिए केएसएटी को सौंपने में कुछ भी गैरकानूनी नहीं है। हाईकोर्ट के समक्ष उनकी याचिकाएं विचार योग्य नहीं हैं। कर्नाटक लोक शिक्षा विभाग की भर्ती के लिए 21 मार्च, 2022 को अधिसूचना जारी की गई थी, जिसमें 35 शैक्षणिक जिलों में कक्षा छठी से आठवीं के लिए स्नातक प्राथमिक शिक्षकों के 15,000 पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए थे।

# महाराष्ट्र में डिजिटल अरेस्ट मामले में सात लोग गिरफ्तार

**मुंबई।** महाराष्ट्र पुलिस ने 58 करोड़ की हेराफेरी से जुड़े सबसे बड़े डिजिटल अरेस्ट की जांच के तहत सात लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि राज्य में साइबर अपराध से निपटने के लिए नोडल एजेंसी महाराष्ट्र साइबर ने खुलासा किया कि आरोपियों ने ठगी की रकम को वैध बनाने के लिए 6,500 फर्जी खातों का इस्तेमाल किया, जो फर्जी कंपनियों के नाम पर थे।

- अंतर्राष्ट्रीय धोखाधड़ी नेटवर्क से जुड़े है आरोपी, 58 करोड़ की हुई थी ठगी

हाल में मुंबई के 72 वर्षीय व्यवसायी की शिकायत के बाद महाराष्ट्र साइबर पुलिस ने एक मामला दर्ज किया। पुलिस ने बताया कि 70 वर्षीय व्यक्ति के मामले में आरोपियों ने वीडियो कॉल कर फर्जी अदालती कार्यवाही और पुलिस पूछताछ की साजिश रची, जिससे उन्हें 40 दिनों में 58.13 करोड़ रुपये अंतरित करने के लिए मजबूर होना पड़ा। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किये सात लोग अंतर्राष्ट्रीय धोखाधड़ी नेटवर्क से जुड़े हुए हैं।

# हिजाब विवाद: दूसरे स्कूल में प्रवेश लेगी छात्रा, प्राचार्या ने नियम पालन पर पढ़ाई जारी रखने को कहा

**कोच्चि, एजेंसी**

- आठवीं की छात्रा के पिता ने कहा- बेटी उस स्कूल में वापस नहीं जाएगी
- केरल के शिक्षा मंत्री ने इसे आश्चर्यजनक और विडंबनापूर्ण बताया

कोच्चि के पल्लुरुति में चर्च द्वारा संचालित स्कूल में हिजाब पहनने को लेकर विवादों में आई छात्रा के माता-पिता ने बेटी के तनाव में होने का हवाला देते हुए उसका दाखिला किसी अन्य संस्थान में कराने का फैसला किया है जबकि स्कूल ने कहा कि अगर छात्रा नियमों का पालन करती है तो वह पढ़ाई जारी रख सकती है।


सेंट रीटा पब्लिक स्कूल की आठवीं की छात्रा के पिता ने शुक्रवार को बताया कि उनकी बेटी उस स्कूल में वापस नहीं जाएगी। इस बीच, छात्रा का समर्थन कर रहे केरल के सामान्य शिक्षा मंत्री वी. शिवनकुट्टी ने इसे आश्चर्यजनक और विडंबनापूर्ण बताया कि एक शिक्षिका ने छात्रा को हिजाब पहनने की अनुमति नहीं दी जबकि वह खुद स्कार्फ पहने हुए थीं। छात्रा के पिता ने कहा कि हिजाब वाली घटना के बाद से मेरी बेटी तनाव में है। उसने साफ कह दिया था कि वह वहां नहीं जाना चाहती इसलिए हमने उसकी इच्छा का सम्मान करने का फैसला किया है। हमने उसके दाखिले के लिए दूसरे विद्यालयों से संपर्क किया है। हम एक स्कूल से बातचीत कर रहे हैं जो उसे दाखिला देने को राजी हो गया है लेकिन हम सभी उपलब्ध विकल्पों पर विचार कर रहे हैं। विवाद शुरू होने के बाद से न तो शिक्षकों और न ही स्कूल के प्रबंधन ने परिवार से संपर्क किया है।

यह विवाद तब शुरू हुआ जब स्कूल ने अपनी 'ड्रेस कोड' नीति का हवाला देते हुए छात्रा के हिजाब पहनने पर आपत्ति जताई। बाद में यह मुद्दा बड़े विवाद में बदल गया, जब सामान्य शिक्षा मंत्री शिवनकुट्टी ने छात्रा का समर्थन किया। छात्रा के माता-पिता 10 अक्टूबर को स्कूल पहुंचे और उन्होंने प्रबंधन के रुख पर सवाल उठाया जिसके बाद स्कूल ने दो दिन की छुट्टी घोषित कर दी थी।

# प्रदर्शन की राजनीति का करें चयन : शाह

**पटना, एजेंसी**

**बिहार विस चुनाव**



- पटना के ज्ञान भवन में आयोजित सम्मलेन को केंद्रीय गृहमंत्री ने किया संबोधित

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि बिहार के लोगों को परिवारवाद की राजनीति को खारिज करते हुए प्रदर्शन की राजनीति को चुनना चाहिए तथा यह सुनिश्चित करना होगा कि प्रदेश में 'जंगलराज' की कभी वापसी नहीं हो। उन्होंने पटना के ज्ञान भवन में बुद्धिजीवियों के सम्मलेन में दावा भी किया कि कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) जैसी पार्टियां वंशवाद को बढ़ावा देती हैं, जबकि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सुशासन और विकास की राजनीति का प्रतीक है।

भाजपा नेता शाह ने कहा कि जनता को यह तय करना होगा कि वह प्रदर्शन की राजनीति चाहती है या परिवार की राजनीति। कांग्रेस और राजद जैसी पार्टियां केवल परिवार के हितों के लिए काम करती हैं, जबकि राजग सरकार ने बिहार को जंगल राज से बाहर निकालकर विकास के रास्ते पर आगे बढ़ाया है। गृह मंत्री ने नक्सलवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई का जिक्र करते हुए कहा कि यह पहला विधानसभा चुनाव होगा जिसमें पूरे बिहार में मतदान शाम पांच बजे तक चलेगा, क्योंकि राज्य अब नक्सलमुक्त हो गया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पिछले 20 वर्षों में बिहार को जंगल राज से मुक्त कर सुशासन की नींव रखी है।

शाह ने मुख्यमंत्री की सराहना करते हुए कहा कि नीतीश ने 15 वर्षों तक बिहार की खोई हुई गरिमा को बहाल किया और अब नया व विकसित बिहार बनाने की आधारशिला रखी है। उन्होंने सुशासन की नींव डाली, इसलिए उन्हें 'सुशासन बाबू' कहा जाता है। उनका कहना था कि डबल इंजन की सरकार में बिहार में बड़े स्तर पर बुनियादी ढांचा विकसित हुआ है। गंगा पर कई विशाल पुलों का निर्माण हो रहा है, चार नए हवाई अड्डे बने हैं, दरभंगा में नया एम्स बन रहा है। यह राजग सरकार का तीसरा चरण है और अब लक्ष्य है कि बिहार में भारी उद्योग स्थापित हों, जिससे बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन हो। उन्होंने दावा किया, "ऐसे काम न तो लालू जी कर सकते हैं, न राहुल जी। शाह ने कहा कि नई सरकार बिहार को डेटा सेंटर हब बनाने और प्रवासनमुक्त राज्य बनाने की दिशा में काम करेगी। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि बिहार कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की क्रांति का नेतृत्व कर सकता है।

### सक्रिय कार्रवाई करें सुरक्षा एजेंसियां : ईसी

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग (ईसी) ने शुक्रवार को प्रवर्तन एजेंसियों और सुरक्षा बलों से बिहार चुनाव के दौरान सक्रिय और निवारक कार्रवाई करने को कहा, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए मादक पदार्थों, शराब और नकदी का इस्तेमाल न हो। आयोग ने कहा कि यह बैठक चुनाव में नकदी और अन्य प्रलोभनों के हानिकारक प्रभावों से निपटने के लिए व्यापक रुपरेखा तैयार करने के लिए आयोजित की गई थी। विभिन्न एजेंसियों ने आयोग को अपनी तैयारियों, प्रलोभन मुक्त चुनाव के लिए किए उपायों और प्रस्तावित कदमों के बारे में जानकारी दी। आयोग ने कहा कि ब्रीफिंग में, चुनावों को प्रभावित करने के लिए नकदी और अन्य प्रलोभनों के इस्तेमाल पर अंकुश लगाने से संबंधित कई विषयों पर चर्चा की गई। आयोग ने निर्देश दिया कि प्रभावी कार्रवाई के लिए कानून प्रवर्तन एजेंसियों के बीच आर्थिक अपराधों की खुफिया जानकारी का आदान-प्रदान और सहयोग होना चाहिए।

**संविधान पर भरोसा...**



छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले के जगदलपुर में स्थित पुलिस लाइन में नक्सलियों ने भारी संख्या में आत्मसमर्पण किया। इस मौके पर हाथ में भारत के संविधान की प्रतियां लेकर राष्ट्र के नियम-कायदों के प्रति विश्वास जताया।

# एआई आधारित सामग्री में त्रुटियों का बढ़ता बोझ

क्या आपने कभी अपनी नौकरी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल काम की गुणवत्ता या सटीकता की दोबारा जांच किए बिना किया है? अगर हां, तो आप अकेले नहीं होंगे। एक वैश्विक अध्ययन से पता चलता है कि कार्यस्थल पर एआई का इस्तेमाल करने वाले दो-तिहाई कर्मचारी बिना मूल्यांकन किए एआई सामग्री पर निर्भर रहे हैं। इन नई चुनौतियां का सामना कई संगठन कर रहे हैं। आइए जानते हैं इसका कारण और समाधान।



## उचित सामग्री का अभाव

एआई सुविधा के साथ चुनौतियां भी पैदा कर रहा है। इसी हफ्ते, कंसल्टिंग फ़र्म डेलॉइट ऑस्ट्रेलिया ने औपचारिक रूप से माफ़ी मांगी, क्योंकि संघीय सरकार के लिए तैयार की गई 440,000 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर की एक रिपोर्ट में एआई से जुड़ी कई त्रुटियां पाई गईं। इसी पृष्ठभूमि में वर्कस्लोप शब्द चर्चा में आया है। हाल में हार्वर्ड बिज़नेस रिव्यू के एक लेख में आया यह शब्द एआई द्वारा निर्मित ऐसी सामग्री को संदर्भित करता है जो देखने में तो अच्छी लगती है, लेकिन किसी दिए गए कार्य को सार्थक रूप से आगे बढ़ाने के लिए इसमें उचित सामग्री का अभाव होता है। समय की बर्बादी के अलावा, कार्यस्थल पर वर्कस्लोप सहयोग और विश्वास को भी कम करता है।

## समस्या का कारण

एआई आधारित सामग्री में त्रुटियों का मुख्य कारण यह है कि कर्मचारी एआई द्वारा उत्पन्न सामग्री की जांच किए बिना उसका उपयोग कर रहे हैं। एक अध्ययन के अनुसार, 66% कर्मचारी एआई सामग्री पर निर्भर रहते हैं बिना मूल्यांकन किए। इससे न केवल त्रुटियों की संभावना बढ़ जाती है, बल्कि यह भी प्रभावित करता है कि दूसरे लोग आपके काम को कैसे देखते हैं।

## चुनौतियां

- **काम का बोझ बढ़ना :** एआई द्वारा उत्पन्न त्रुटियों को सुधारने में अतिरिक्त समय और संसाधनों की आवश्यकता होती है।
- **विश्वास की कमी :** एआई आधारित सामग्री में त्रुटियों के कारण दूसरों का विश्वास कम हो सकता है।
- **प्रतिष्ठा को नुकसान :** एआई आधारित सामग्री में त्रुटियों के कारण संगठन की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंच सकता है।

## समाधान

- **एआई का चयनात्मक उपयोग :** एआई का उपयोग करने से पहले यह तय करें कि क्या यह काम के लिए उपयुक्त है।
- **सत्यापन और संपादन :** एआई द्वारा उत्पन्न सामग्री को सत्यापित और संपादित करें।
- **पारदर्शिता :** एआई के उपयोग के बारे में पारदर्शी रहें और दूसरों को इसके बारे में सूचित करें।
- **एआई साक्षरता और प्रशिक्षण :** कर्मचारियों को एआई साक्षरता और प्रशिक्षण प्रदान करें ताकि वे एआई का प्रभावी ढंग से उपयोग कर सकें।
- **स्पष्ट दिशानिर्देश और सुरक्षा निर्देश :** नियोक्ताओं को स्पष्ट दिशानिर्देश और सुरक्षा निर्देश प्रदान करने चाहिए ताकि कर्मचारी एआई का उपयोग जिम्मेदारी से कर सकें।

**वर्ल्ड ब्रीफ**

### मेडागास्कर में कर्नल रांद्रियनिरीना बने राष्ट्रपति

**अंतानानारिवो।** मेडागास्कर में सैन्य तख्तापलट के तीन दिन बाद सेना के एक कर्नल ने शुक्रवार को राष्ट्रपति पद की शपथ ली, जिसके कारण सत्ता से बेदखल राष्ट्रपति को देश छोड़कर छिपने के लिए मजबूर होना पड़ा। कर्नल माइकल रांद्रियनिरीना (सेना की एक विशेष इकाई के कमांडर) ने देश के उच्च संवैधानिक न्यायालय की मुख्य सभा में आयोजित समारोह में पद की शपथ ली। उनका यह पद ग्रहण समारोह ऐसे समय हुआ है जब उन्होंने केवल तीन दिन पहले घोषणा की थी कि सशस्त्र बल हिंद महासागर के लगभग तीन करोड़ जनसंख्या वाले इस द्वीपीय देश की सत्ता संभालने जा रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र ने इस तख्तापलट को असंवैधानिक परिवर्तन करार देते हुए निंदा की है। कई अन्य देशों ने अहम प्रतिक्रियाएं व्यक्त की हैं जिनमें मेडागास्कर पर पूर्व में शासन कर चुका फ्रांस भी शामिल है।

### चीन में सेना के नौ वरिष्ठ अधिकारी दंडित

**बीजिंग।** रक्षा मंत्रालय ने सेना के शीर्ष अधिकारियों पर कार्रवाई का खुलासा करते हुए कहा कि चीन के दूसरे शीर्ष सैन्य जनरल के खिलाफ भ्रष्टाचार की जांच की जा रही है, जबकि नौ वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों को अनुशासन के उल्लंघन और कर्तव्य-संबंधी लापरवाही बरतने के अपराधों के लिए दंडित किया गया है। सेना के प्रवक्ता वरिष्ठ कर्नल झांग शियाओगांग ने बताया कि केंद्रीय सैन्य आयोग (सीएमसी) के उपाध्यक्ष और 24-सदस्यीय पोलित ब्यूरो के सदस्य हे वेइदोंग को सत्तारूढ़ 'कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना' और सेना से निष्कासित कर दिया गया है।

### कज्जाफी के बेटे को रिहा करने का आदेश

**बेरूत।** लेबनान के अधिकारियों ने लीबिया के दिवंगत नेता मुअम्मर कज्जाफी के बेटे को 1.1 करोड़ अमेरिकी डॉलर की जमानत राशि अदा करने की शर्त पर रिहा करने का शुक्रवार को आदेश दिया। हनीबल कज्जाफी बिना किसी आरोप के एक दशक से लेबनान में कैद हैं। हन्नीबल की अपेक्षित रिहाई ऐसे समय होने वाली है जब उनके वकीलों ने कहा था कि बेरूत में पुलिस मुख्यालय में अपने कक्ष में वह बीमार हैं। शुक्रवार को न्यायिक अधिकारियों ने बताया कि हन्नीबल को बेरूत की अदालत ले जाया गया, जहां न्यायाधीश जाहेर हमादेह ने धनराशि का भुगतान हो जाने पर उनकी रिहाई का आदेश दिया। हनीबल के वकीलों में से एक, चारबेल मिलाद अल-खौरी ने 'एसोसिएटेड प्रेस' को बताया कि उनके पास जमानत राशि का भुगतान करने के लिए धन नहीं है और न ही उनके पास खातों तक पहुंच है।

# गाजा में खून खराबा जारी रहा तो हमास का खात्मा करना पड़ेगा

## अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दी चेतावनी, लेकिन अपने सैनिक नहीं भेजेंगे

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को हमास को चेतावनी दी कि अगर गाजा में खून खराबा जारी रहा तो हमें मजबूरन वहां जाकर उसका खात्मा करना पड़ेगा। यह चेतावनी उस समय दी गई जब पिछले हफ्ते इजराइल और हमास के बीच युद्धविराम और बंधक समझौते के बाद से क्षेत्र में जारी हिंसा को ट्रंप ने पहले मामूली बताया था। बहरहाल, हमास को चेतावनी देने के बाद उन्होंने स्पष्ट किया कि अमेरिका अपने सैनिक गाजा नहीं भेजेगा। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि यह हम नहीं करेंगे। हमारे नजदीक ऐसे लोग हैं जो यह काम बहुत आसानी से कर लेंगे, लेकिन हमारी देखरेख में।

ट्रंप ने मंगलवार को कहा था कि हमास ने कुछ बहुत बुरे गिरोहों को खत्म कर दिया है और गिरोह के कई सदस्यों की हत्या की है। उन्होंने यह भी कहा कि सच कहूं तो इससे मुझे ज़्यादा फर्क नहीं पड़ा। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि वह अपनी धमकी को कैसे लागू करेंगे और अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय 'व्हाइट हाउस' ने भी इस पर कोई टिप्पणी नहीं की।

फिर भी ट्रंप ने यह साफ किया कि गाजा में हमास द्वारा प्रतिद्वंद्वी गुटों की हत्या किए जाने को लेकर उनका धैर्य सीमित है। उन्होंने कहा कि उन्हें अपने हथियार डालने होंगे, वरना हम उन्हें निशस्त्र करेंगे और यह जल्दी एवं संभवतः हिंसक तरीके से होगा। गाजा में 18 साल पहले सत्ता में आने के बाद हमास की पुलिस ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था कायम की थी, लेकिन हाल के महीनों में इजराइली हमलों और कब्जे के कारण उनकी पकड़ कमजोर पड़ गयी है। स्थानीय सशस्त्र गिरोहों और इजराइल समर्थित गुटों पर मानवीय सहायता लूटने और बेचने के आरोप हैं।



### गाजा में 83 प्रतिशत इमारतें नष्ट

ऑकलैंड। गाजा पट्टी भूमि का लगभग 40 किमी लंबा और 11 किमी चौड़ा एक तबाह हिस्सा है और लगभग 23 लाख लोग करीब 360 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में बसे हुए हैं। यह मध्य सिडनी से बमुश्किल ही बड़ा है। हजारों वर्षों से लोग और साम्राज्य इस क्षेत्र में बसते रहे हैं, इस पर निर्माण करते रहे हैं, इसके लिए लड़ते रहे हैं और इसे नष्ट करते रहे हैं। गाजा की भयावह स्थिति इज़राइल-फलस्तीन युद्ध के परिणाम विनाशकारी रहे हैं। मानवीय क्षति बहुत अधिक है : संयुक्त राष्ट्र का अनुमान है कि 67,000 से अधिक फ़लस्तीनी मारे गए हैं और लगभग 1,70,000 घायल हुए हैं। 7 अक्टूबर, 2023 से अब तक लगभग 1,200 इज़राइली मारे गए हैं और 5,400 घायल हुए हैं। गाजा स्वयं कई क्षेत्रों में जमींदोज हो चुका है। संयुक्त राष्ट्र का अनुमान है कि गाजा शहर में 83 प्रतिशत ढांचे और आवासीय इकाइयां क्षतिग्रस्त हो गई हैं। यहां पुनर्निर्माण की आवयकता है। गाजा की जीवन-निर्वाह क्षमता सवालों के घेरे में है। हाल ही में हुए युद्धविराम से दीर्घकालिक शांति की संभावना है।

### जेलेंस्की के साथ बैठक के बाद पुतिन से मिलेंगे ट्रंप

**वांशिगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यूक्रेन युद्ध समाप्त करने के अपने प्रयासों को तेज करते हुए रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से दूसरी बार मुलाकात करने की घोषणा की। ट्रंप इससे पहले शुक्रवार को 'व्हाइट हाउस' में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से मुलाकात करेंगे। ट्रंप ने बृहस्पतिवार को पुतिन के साथ फोन पर हुई बातचीत के तुरंत बाद उनसे मुलाकात की घोषणा की। बैठक की तारीख अभी तय नहीं की गई है लेकिन ट्रंप ने कहा कि यह बैठक हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट में होगी और यह करीब दो सप्ताह में हो सकती है।

ट्रंप ने सोशल मीडिया पर लिखा कि मेरा मानना है कि आज टेलीफोन पर हुई बातचीत से महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। दोनों नेताओं की पिछली मुलाकात अगस्त में अलास्का में हुई थी लेकिन तब रूस और यूक्रेन के बीच युद्धविराम के मामले में कोई कूटनीतिक प्रगति नहीं हो सकी थी।

# शुल्क को लेकर ट्रंप प्रशासन पर केस

**वाशिंगटन।** अमेरिकी वाणिज्य मंडल (चैम्बर ऑफ कॉमर्स) ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन द्वारा सभी नई एच-1बी वीजा याचिकाओं पर एक लाख डॉलर का शुल्क लगाने के फैसले के खिलाफ मुकदमा दायर किया है।

संगठन ने इसे भ्रमित करने वाली नीति और स्पष्ट रूप से अवैध बताया है, जो अमेरिकी नवाचार और प्रतिस्पर्धा को कमजोर कर सकती है। यह मुकदमा गुरुवार को कोलंबिया की जिला अदालत में दायर किया गया है, जिसमें 19 सितंबर को जारी राष्ट्रपति के एक आदेश को चुनौती दी गई है। इसमें कहा गया है कि यह आदेश कांग्रेस के अधिकार क्षेत्र का उल्लंघन करता है, जो एच-1बी वीजा कार्यक्रम को नियंत्रित करती है। गृह सुरक्षा मंत्रालय और विदेश मंत्रालय तथा उनके सचिव क्रिस्टी एल. नोएम और मार्को रुबियो को प्रतिवादी बनाया गया है। वाणिज्य मंडल के कार्यकारी उपाध्यक्ष नील ब्रैडली ने कहा कि इतना अधिक शुल्क अमेरिकी स्टार्टअप्स और छोटे-मझोले व्यवसायों के लिए इस कार्यक्रम का उपयोग असंभव बना देगा। राष्ट्रपति का यह आदेश कांग्रेस द्वारा तय की गई फीस और अमेरिका में काम करने की अनुमति देने वाले प्रावधानों के विपरीत है।

**एच-1बी वीजा**

- **गृह सुरक्षा मंत्रालय, विदेश मंत्रालय तथा उनके सचिव को प्रतिवादी बनाया**

# सड़क दुर्घटना में बुजुर्ग सिख की मौत पुलिस जांच में जुटी

**लंदन।** ब्रिटेन में पूर्वी इंग्लैंड के लिसेस्टर शहर में एक सड़क दुर्घटना में एक बुजुर्ग ब्रिटिश सिख व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस इस घटना की पूरी परिस्थितियों की जांच कर रही है। जोगिंदर सिंह (87) लिसेस्टर शहर के होली बोन्स इलाके में स्थित गुरु नानक गुरुद्वारे के बाहर थे, जब उन्हें स्थानीय परिषद के सड़क-सफाई वाहन ने टक्कर मार दी। सिंह इस गुरुद्वारे के संस्थापकों और उपाध्यक्षों में से एक थे और रोजाना वहां जाया करते थे।

पुलिस को सोमवार दोपहर को घटना की जानकारी दी गई। ईस्ट मिडलैंड्स एंबुलेंस सर्विस ने उन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाया, लेकिन कुछ घंटों बाद उन्होंने दम तोड़ दिया। लिसेस्टरशायर पुलिस के डिटेक्टिव सार्जेंट माइक स्टीयर ने कहा कि इस दुखद घटना के बाद हम यह समझने की कोशिश कर रहे हैं कि यह टक्कर वास्तव में कैसे हुई।

# पाकिस्तान में आर्मी कैंप पर हमला, 7 सैनिकों की मौत

**पेशावर, एजेंसी**

- **13 घायल, विस्फोटक लदी गाड़ी को चारदीवारी से टकराया**
- **सैनिकों ने हमलावर सहित चार आतंकवादियों को मार गिराया**

पाकिस्तान के उत्तरी वज़ीरिस्तान के मीर अली में एक सैन्य शिविर पर हुए एक आत्मघाती हमले में सात पाकिस्तानी सैनिकों की मौत हो गई जबकि 13 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने शुक्रवार को इस हमले की पुष्टि की। पुलिस के अनुसार, हमला तब हुआ जब तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) से जुड़े एक आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से लदी एक गाड़ी सैन्य परिसर में दीवार से टकरा दी। विस्फोट के बाद भीषण गोलीबारी शुरू हो हुई जिसमें टीटीपी के तीन लड़ाके भी मारे गए। आत्मघाती विस्फोट से आस-पास के घरों को बहुत नुकसान पहुंचा तथा घटनास्थल से प्राप्त वीडियो के अनुसार हवा में घना काला धुआं उठता हुआ दिखाई दिया।

टीटीपी ने औपचारिक रूप से इस हमले की जिम्मेदारी ली है और कहा है कि उसके खालिद बिन वलीद आत्मघाती दस्ते और तहरीक तालिबान गुलबहादर ने इस हमले को अंजाम दिया है। यह हमला पाकिस्तानी सेना और अफगान तालिबान के बीच डूरंड रेखा पर 48 घंटे के युद्धविराम के बाद हुआ है जब एक सप्ताह तक चली भीषण सीमापार झड़पों में दोनों ओर के दर्जनों लड़ाके मारे गए थे। पाकिस्तान के विदेश कार्यालय ने दावा किया था कि अफगान तालिबान के अनुरोध पर बुधवार शाम को युद्ध विराम पर सहमति बनी थी। इस्लामाबाद के अनुसार, क्षेत्र में भारी झड़पें जारी रहने के कारण पाकिस्तानी सेना ने हमलावर हेलीकॉप्टरों एवं अर्धसैनिक बलों को तैनात किया है।

# न्यूयॉर्क में दिवाली उत्सव महापौर ने की मेजबानी

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

- **भारतीय समुदाय के योगदान पर प्रकाश डाला**

न्यूयॉर्क शहर के महापौर एरिक एडम्स ने अपने आधिकारिक आवास पर एक शानदार दिवाली उत्सव की मेजबानी की, जिसमें उन्होंने भारतीय समुदाय के सदस्यों का गर्मजोशी से स्वागत किया और शहर के सांस्कृतिक एवं आर्थिक ताने-बाने में उनके योगदान की सराहना की।

यहां भारतीय मिशन ने गुरुवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि न्यूयॉर्क स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास की ओर से, उप महावाणिज्य दूत विशाल जे. हर्ष ने दिवाली की शुभकामनाएं दीं और त्योहार के प्रकाश, आशा और आनंद के चिरस्थायी संदेश के बारे में बात की। इसमें कहा गया कि महापौर ने भारतीय समुदाय का गर्मजोशी से स्वागत किया और न्यूयॉर्क के सांस्कृतिक और आर्थिक ताने-बाने में उनके योगदान की सराहना की।

# बांग्लादेश में संसद परिसर में घुसे प्रदर्शनकारी, जमकर उपद्रव

**ढाका, एजेंसी**

- **संसद भवन के अस्थायी स्वागत और नियंत्रण कक्ष के फर्नीचरों में लगाई आग, पुलिस वाहन तोड़े**
- **पुलिस ने उपद्रव कर रही भीड़ को खदेड़ने के लिए आंसू गैस के छोड़े, किया लाठीचार्ज**

बांग्लादेश पुलिस ने संसद के पास एकत्र प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए शुक्रवार को आंसू गैस के गोले छोड़े, लाठीचार्ज किया और तेज आवाज करने वाले ग्रेनेड का इस्तेमाल किया। प्रदर्शनकारियों के वहां से जाने से इन्कार करने पर यह कार्रवाई की गई।

जुलाई चार्टर नामक संयुक्त घोषणा पर हस्ताक्षर करने को लेकर अनिश्चितता के बीच, प्रदर्शनकारी संसद के पास एकत्र हुए थे। 'बीडीन्यूज24 डॉट कॉम' के अनुसार, जुलाई चार्टर पर हस्ताक्षर समारोह के लिए बनाए गए मंच के सामने सैकड़ों प्रदर्शनकारी एकत्र हुए थे, जो अगस्त 2024 में तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना को सत्ता से बेदखल करने वाले प्रदर्शनों के दौरान घायल हुए लोगों के लिए कानूनी सुरक्षा और पुनर्वास की मांग कर रहे हैं। प्रदर्शनकारी सुबह संसद भवन के मुख्य द्वार पर चढ़कर परिसर में कथित तौर पर घुस गए और फिर मंच के सामने इकट्ठा हो गए।

समाचार पोर्टल के अनुसार, जब सुरक्षा बलों ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो प्रदर्शनकारी अतिथियों के लिए आरक्षित कुर्सियों पर बैठ गए और नारे लगाने लगे। प्रदर्शनकारियों ने दो पुलिस वाहनों में तोड़फोड़ की, संसद भवन के सामने बने अस्थायी स्वागत कक्ष, अस्थायी नियंत्रण कक्ष और फर्नीचर में आग लगा दी। पुलिस ने उन्हें खदेड़ने के लिए बल प्रयोग किया। अधिकारियों ने उन्हें संसद परिसर से खदेड़ दिया तथा उन पर आंसू गैस और तेज आवाज करने वाले ग्रेनेड दागे।

### अंतरिम सरकार ने तैयार किया था मसौदा


अंतरिम सरकार द्वारा गठित आयोग और राजनीतिक दलों के बीच लंबी बातचीत के बाद जुलाई चार्टर का मसौदा तैयार किया गया था। सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस की प्रमुख सहयोगी, नेशनल सिटीजन पार्टी (एनसीपी) ने कहा है कि वह इस दस्तावेज पर हस्ताक्षर नहीं करेगी। यूनुस के आशीर्वाद से फरवरी में गठित छात्र-नेतृत्व वाले इस संगठन के मुख्य समन्वयक हसनत अब्दुल्ला ने गुरुवार देर रात एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि नेशनल सिटिजन पार्टी (एनसीपी) जुलाई चार्टर पर हस्ताक्षर नहीं करेगी। एनसीपी के संयोजक नाहिद इस्लाम ने पूर्व में कहा था कि कुछ राजनीतिक दल आम सहमति (राष्ट्रीय) के नाम पर इस दस्तावेज पर हस्ताक्षर कर रहे हैं और लोगों को धोखा दे रहे हैं। सरकार के अनुसार, राष्ट्रीय सहमति आयोग द्वारा तैयार किए गए चार्टर में देश चलाने के लिए 80 से अधिक सिफारिशें शामिल थीं। हसीना की पार्टी अवामी लीग इस चर्चा का हिस्सा नहीं थी क्योंकि अंतरिम सरकार ने एक शासकीय आदेश के तहत अपने नेताओं पर मुकदमा चलने तक अपनी गतिविधियों को रोक दिया था।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 18 अक्टूबर, शनिवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-कार्तिक, पक्ष-कृष्ण पक्ष, द्वादशी 12.18 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पूर्व, **ऋतु**- शरद।
चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
ताराबल- अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र- पूर्वाफाल्गुनी 15.41 तक तत्पश्चात उत्तराफाल्गुनी।

**मेष** — आज घर में आपका मन नहीं लगेगा। छोटे बच्चों की सेहत का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में काम की अधिकता रहेगी। अकारण यात्रा करनी पड़ सकती है। छात्र अपने करियर को लेकर कुछ बड़े निर्णय ले सकते हैं। पिता का सहयोग व आशीर्वाद प्राप्त होगा।

**वृष** — आज आपके सभी काम आसानी से पूर्ण हो जाएंगे। नौकरी बदलने के लिए समय बहुत ही अच्छा है। कानूनी विवादों से छुटकारा मिलने की प्रबल संभावना है। यात्रा के दौरान महत्वपूर्ण लोगों से आपका परिचय हो सकता है।

**मिथुन** — आज ईर्ष्यावश किसी की भी आलोचना न करें। उधार दिया हुआ धन आपको वापस मिलने की संभावना है। लोग आपकी काफी सहायता करेंगे। आपके ऊपर कठिन कार्यों का दायित्व आ सकता है। क्रोधी स्वभाव के कारण लोग आपसे नाराज हो सकते हैं।

**कर्क** — आज तकनीकी क्षेत्र से जुड़े करियर में उच्च पद प्राप्त हो सकता है। कार्यक्षेत्र का वातावरण आपके अनुकूल रहेगा। नौकरी में स्थान परिवर्तन हो सकता है। आपके मन में रचनात्मक विचार आएंगे। कोई बड़ा व्यापारिक अनुबंध हो सकता है।

**सिंह** — आज आपके मन में अज्ञात भय व्याप्त हो सकता है। लोगों को खुश करने के प्रयास में अपनी खुशियों को दांव पर न लगाएं। परिवार के लोगों से नाराज हो सकते हैं। विदेश से मित्रों के संदेश मिलेंगे। विद्यार्थियों को पढ़ाई में अच्छे परिणाम मिलेंगे।

**कन्या** — आज मन में नई योजनाएं जन्म लेंगी। घर में सुख-समृद्धि का वातावरण रहेगा। पैतृक संपदा से जुड़े विवादों का आपके पक्ष में निपटारा हो सकता है। जीवनसाथी के प्रति प्रेम भाव बढ़ेगा। विवाह योग्य जातकों का विवाह तय हो सकता है।

**तुला** — आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नए प्रकल्पों पर आप कार्य आरंभ कर सकते हैं। व्यापार में सामान्य लाभ प्राप्त होगा। उच्च अधिकारी आपको अत्यधिक सम्मान देंगे। भूमि और संपत्ति में आप निवेश कर सकते हैं।

**वृश्चिक** — आज सरकारी नौकरी कर रहे जातकों के अधिकार बढ़ेंगे। कार्यक्षेत्र में आपका प्रदर्शन शानदार रहने वाला है। परिवार में सुख-शांति और स्थिरता रहेगी। अति आत्मविश्वास के कारण काम बिगड़ भी सकते हैं। मित्र के माध्यम से व्यापार में आपका प्रभाव बढ़ेगा।

**धनु** — आज व्यवहार में संयम और सावधानी रखें। वरिष्ठ अधिकारी आपके काम में बाधा डालने का प्रयास कर सकते हैं। उत्साह में कमी रहेगी। सहकर्मी आपका अनादर कर सकते हैं। व्यापार में बड़ा जोखिम लेने से बचें। पैरों में चोट या दर्द की शिकायत हो सकती है।

**मकर** — आज व्यापार को लेकर बड़े लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं। आपकी इच्छाशक्ति और आत्मबल में वृद्धि होगी। वैवाहिक जीवन का तनाव दूर होगा। रियल एस्टेट से जुड़े लोगों को उच्च आर्थिक लाभ मिलेगा। आपका स्वास्थ्य बहुत ही अच्छा रहेगा।

**कुंभ** — आज युवाओं को प्रतियोगी परीक्षा में बेहतरीन परिणाम प्राप्त होंगे। कुछ नया करने का प्रयास करेंगे। परिवार के लोगों से आपको सराहना मिलेगी। मौसम में बदलाव के कारण स्वास्थ्य समस्या हो सकती है।

**मीन** — आज नए व्यवसाय को शुरू करने की योजना बनाएंगे। आपकी आय बढ़ने के योग बन रहे हैं। लोग आपके व्यवहार की प्रशंसा करेंगे। विदेश यात्रा में परेशानी हो सकती है। मित्रों के माध्यम से अच्छे संदेश प्राप्त हो सकते हैं।

## सुडोकू -133

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 7 | | | 9 | | | 6 |
| 6 | | | 5 | | | | | |
| 2 | | | | | 4 | | | |
| | 1 | | | 4 | 8 | | | |
| 9 | | | 3 | | | | | 8 |
| | | | 9 | 5 | | | | |
| | | | 4 | | 7 | | | |
| | 4 | | | | 1 | | | |
| 7 | 2 | | | | | 3 | | |

### सुडोकू - 132 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 2 | 5 | 1 | 9 | 7 | 6 | 4 | 8 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 |
| 9 | 1 | 6 | 3 | 8 | 4 | 5 | 2 | 7 |
| 7 | 6 | 3 | 9 | 1 | 5 | 4 | 8 | 2 |
| 2 | 5 | 4 | 7 | 6 | 8 | 3 | 9 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 4 | 2 | 3 | 7 | 5 | 6 |
| 1 | 4 | 9 | 6 | 3 | 2 | 8 | 7 | 5 |
| 6 | 8 | 2 | 5 | 7 | 9 | 1 | 3 | 4 |
| 5 | 3 | 7 | 8 | 4 | 1 | 2 | 6 | 9 |



रोहित और कोहली को दो साल बाद होने वाले एकदिवसीय विश्व कप में खेलते हुए देखना चाहेंगे, हालांकि आगामी सीरीज ऑस्ट्रेलिया में उनकी आखिरी श्रृंखला होने की उम्मीद है। शायद विराट सफेद गेंद का सबसे महान खिलाड़ी है। रोहित भी शायद बहुत पीछे नहीं हैं।
-ट्रेविस हेड

## हाईलाइट

### निक मैडिन्सन ने कैंसर से जूझने का खुलासा किया

मेलबर्न : ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट क्रिकेटर निक मैडिन्सन ने खुलासा किया है कि इस साल की शुरुआत में वृषण (टेस्टिकुलर) कैंसर का पता चलने के बाद उन्होंने कीमोथेरेपी करवाई थी लेकिन अब वे अपना करियर फिर से शुरू करने के लिए पूरी तरह से स्वस्थ हैं। ऑस्ट्रेलिया के लिए तीन टेस्ट और छह एकदिवसीय मैच खेलने वाले इस 33 साल के खिलाड़ी ने बताया कि उन्हें इस साल मार्च में न्यू साउथ वेल्स टीम से बाहर होना पड़ा था। क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू ने मैडिन्सन के हवाले से लिखा जब मुझे पता चला कि मुझे कीमोथेरेपी करवानी है, तो इससे निपटना मेरे लिए काफी मुश्किल था।

### भारत जोहोर कप के फाइनल में

जोहोर बाहरू (मलेशिया) : भारत ने शुक्रवार को यहां अपने अंतिम ग्रुप मैच में मेजबान मलेशिया को 2-1 से हराकर सुल्तान ऑफ जोहर कप जूनियर हॉकी टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। भारत के लिए गुरजोत सिंह (22वें मिनट) और सौरभ आनंद कुशवाहा (48वें मिनट) ने पेनल्टी कॉर्नर पर दो गोल दागकर टीम की जीत सुनिश्चित की। मलेशिया की ओर से एकमात्र गोल 43वें मिनट में नवनीश पैनिकर ने किया। भारतीय टीम अब शनिवार को खिताबी मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगी। भारत ने सुल्तान ऑफ जोहोर कप में 12वीं बार हिस्सा लेते हुए रिकॉर्ड आठवीं बार फाइनल में जगह बनाई है।

### ग्रीन की जगह लाबुशेन ऑस्ट्रेलियाई टीम में

पर्थ : मार्नस लाबुशेन को रविवार से भारत के खिलाफ शुरू हो रही तीन मैच की एकदिवसीय सीरीज के लिए शुक्रवार को चोटिल ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन की जगह ऑस्ट्रेलियाई टीम में शामिल किया गया। ग्रीन मांसपेशियों में जकड़न के कारण शृंखला से बाहर रहेंगे क्योंकि चयनकर्ता अगले महीने शुरू होने वाली एशेज शृंखला से पहले कोई जोखिम नहीं लेना चाहते। ऑस्ट्रेलियाई टीम : मिचेल मार्श (कप्तान), जेवियर बार्टलेट, कूपर कोनोली, बेन ड्वार्शुइस, नाथन एलिस, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, मैथ्यू कुहनेमन, मार्नस लाबुशेन, मिचेल ओवेन, जोश फिलिप, मैथ्यू रेनशॉ, मैथ्यू शॉर्ट, मिचेल स्टार्क।

### शांता रंगास्वामी अध्यक्ष चुनी गईं

नई दिल्ली : भारतीय महिला टीम की पूर्व कप्तान शांता रंगास्वामी को भारतीय क्रिकेटरों के संघ (आईसीए) का अध्यक्ष चुना गया जबकि दिल्ली के पूर्व सलामी बल्लेबाज वेंकट सुंदरम को सचिव नामित किया गया। दीपक जैन कोषाध्यक्ष हैं जबकि सदस्य प्रतिनिधि ज्योति थत्ते और संतोष सुब्रमण्यम हैं। आईसीए बोर्ड ने महिला टीम की पूर्व कप्तान सुधा शाह और शुभांगी कुलकर्णी को बीसीसीआई शीर्ष समिति और आईपीएल संचालन समिति में अपने प्रतिनिधि के रूप में नामित किया है।

### नाओमी ओसाका जापान ओपन से हटीं

ओसाका : नाओमी ओसाका बाएं पैर में चोट के कारण शुक्रवार को यहां जापान ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल क्वार्टर फाइनल से हट गईं। मैच से पहले ओसाका के हटने से जैकलिन क्रिस्टियन को वाकओवर मिला और वह सेमीफाइनल में पहुंच गईं। टूर्नामेंट के आयोजकों ने कहा कि शीर्ष वरीय ओसाका दूसरे दौर के मैच के दौरान लगी चोट से नहीं उबर पाईं। क्रिस्टियन ने इस साल तीसरी बार सेमीफाइनल में जगह बनाई है।

### सात्विक-चिराग की जोड़ी सेमीफाइनल में

ओडेन्से (डेनमार्क) : भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार पुरुष युगल जोड़ी ने शुक्रवार को यहां सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में इंडोनेशिया के मुहम्मद रियान अर्दियांतो और रहमत हिदायत को हराकर डेनमार्क ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। टूर्नामेंट में छठी वरीयता प्राप्त सात्विक और चिराग की जोड़ी ने 65 मिनट तक चले कड़े क्वार्टर फाइनल में गैर-वरीयता प्राप्त इंडोनेशियाई जोड़ी को 21-15, 18-21, 21-16 से हराया।



आंध्र प्रदेश के खिलाफ बल्लेबाजी में डटे रिंकू सिंह ने उत्तर प्रदेश की उम्मीदों को जीवंत रखा। अमृत विचार

# रणजी ट्रॉफी : संघर्षरत यूपी को रिंकू का सहारा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर




- आंध्र प्रदेश के 470 रनों के जवाब में तीसरे दिन छह विकेट पर 294 रन बनाए
- रिंकू सिंह नाबाद 82 रन बनाकर क्रीज पर डटे, उप्र अभी भी 176 रन पीछे

**अमृत विचार।** रणजी मुकाबले के तीसरे दिन ग्रीनपार्क स्टेडियम में यूपी टीम कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर सकी। कप्तान करन, प्रियम, आराध्य के बल्ले नहीं चले। हालांकि, माधव और आर्यन के बाद अब रिंकू सिंह का ही यूपी को सहारा है, जो नाबाद 82 रन बनाकर अपने शतक की ओर से बढ़ रहे हैं।

रिंकू ने हावी हो रहे आंध्र प्रदेश के गेंदबाजों के खिलाफ सूझबूझ से खेले और पारी में पिछड़ने के खतरे को काफी कम किया। तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक आंध्र प्रदेश के 470 रनों के जवाब में यूपी 111 ओवर में छह विकेट के नुकसान पर 294 रन बना चुका है, लेकिन पहली पारी के आधार अभी भी 176 रन पीछे है। पिच पर रिंकू का साथ 28 रन बनाकर विप्रराज निगम दे रहे हैं। अब मैच के अंतिम दिन रिंकू के कंधों पर ही घरेलू मैदान में टीम लाज बचाने की जिम्मेदारी होगी। ग्रीनपार्क स्टेडियम में शुक्रवार को एक विकेट के नुकसान पर 73 रन से आगे खेलते हुए माधव कौशिक और उप कप्तान आर्यन जुयाल ने यूपी की पारी को आगे बढ़ाया। यूपी का दूसरा विकेट माधव कौशिक के रूप में 54 रन पर गिरा। माधव आंध्र प्रदेश के कप्तान ऑफ स्पिनर रिक्की भुई की गेंद पर क्लीन बोल्ड हुए। रिक्की ने 62वें ओवर में माधव के बाद यूपी के कप्तान करन शर्मा को भी बोल्ड कर पारी को संकट में डाल दिया।

कप्तान के आउट होने के बाद दूसरे छोर पर अर्धशतक लगा चुके उप कप्तान आर्यन जुयाल भी 66 रन पर पृथ्वी का शिकार हुए। टीम के कप्तान और उप कप्तान के पवेलियन लौटने पर एक छोर पर रिंकू सिंह डटकर खेले। प्रियम गर्ग के साथ 18 और आराध्य यादव के साथ 17 रन की साझेदारी की। एक बड़े स्कारे के पीछे दौड़ रही टीम के संकट के समय आंध्र प्रदेश के सामने प्रियम का भी बल्ला नहीं चला और वह सौरभ कुमार का शिकार हुए। विकेटकीपर बल्लेबाज आराध्य पृथ्वी की गेंद पर अभिषेक रेड्डी को कैच दे बैठे। तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक रिंकू 82 और विप्रराज नाबाद 28 पर हैं। आंध्र प्रदेश की ओर से कप्तान रिक्की भुई और पृथ्वी राज ने दो-दो व केवी शशिकांत और सौरभ ने एक-एक विकेट हासिल किए।

# रोहित व कोहली के सानिध्य में निखरेंगे गिल

## स्पिनर अक्षर पटेल ने कहा- कप्तान के तौर पर शुभमन के लिए विकास करने का मौका होगी वनडे सीरीज

पर्थ, एजेंसी



बाएं हाथ के स्पिनर अक्षर पटेल ने शुक्रवार को यहां कहा कि भारतीय वनडे टीम में विराट कोहली और रोहित शर्मा की मौजूदगी शुभमन गिल को एक कप्तान के तौर पर बेहतर होने में मदद करेगी। भारतीय टीम रविवार को तीन मैचों की श्रृंखला के पहले वनडे मैच में ऑस्ट्रेलिया का सामना करेगी।

टीम के यहां पहुंचने के बाद दूसरे अभ्यास सत्र के बाद अक्षर ने कहा कि मार्च में चैंपियंस ट्रॉफी के बाद पहली बार भारत के लिए खेलने को तैयार रोहित और कोहली पहले की तरह ही चुस्त दिख रहे हैं। भारत ने रोहित की अगुवाई में चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता था। इसके बावजूद गिल को इस दौरे पर वनडे टीम की कमान सौंपी गयी है।

अक्षर ने ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड के साथ एक संयुक्त बातचीत में कहा गिल के लिए यह एकदम सही है। रोहित भाई और विराट भाई मौजूद हैं और इसके साथ ही वे कप्तान भी रहे हैं। इसलिए वे अपना योगदान भी दे सकते हैं। ऐसे में कप्तान के तौर पर गिल का अच्छा विकास होगा। उन्होंने कहा गिल की कप्तानी में अब तक जो अच्छी बात रही है, वह यह है कि उन पर दबाव हावी नहीं हुआ है। रोहित और कोहली को प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेले हुए काफी समय हो गया है लेकिन अक्षर ने कहा कि वह पहले की तरह ही फिट और चुस्त दिख रहे हैं। उन्होंने कहा वे दोनों विश्व स्तरीय खिलाड़ी हैं। उनके फॉर्म (लय) के बारे में हमें शुरुआती वनडे मैच के बाद पता चलेगा। वे पेशेवर हैं, इसलिए उन्हें पता है कि क्या करना है। वे बेंगलुरु स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (उत्कृष्टता केंद्र) में अभ्यास कर चुके हैं, इसलिए मुझे लगता है कि वे खेलने के लिए तैयार हैं।

एक दशक पहले भारतीय खिलाड़ी के रूप में पहली बार ऑस्ट्रेलिया का दौरा करने वाले इस हरफनमौला ने कहा वे अभ्यास सत्र के दौरान अपने खेल और फिटनेस दोनों में बहुत अच्छे दिख रहे हैं। अक्षर सहित अधिकांश भारतीय क्रिकेटरों ने ऑस्ट्रेलिया में काफी क्रिकेट खेला है। ये खिलाड़ी परिस्थितियों को लेकर मानसिक रूप से सहज महसूस करते हैं।

अक्षर ने कहा कि ड्रेसिंग रूम में बातचीत विपक्षी टीम के खिलाफ रणनीति बनाने पर ज्यादा केंद्रित होती है। हम पिचों की उछाल और प्रकृति के बारे में ज्यादा बातचीत नहीं करते है।

### दोनों दिग्गज खिलाड़ियों को हर मैच में आजमाना बेवकूफी होगी : अगरकर

नई दिल्ली : चयन समिति के अध्यक्ष अजित अगरकर ने शुक्रवार को कहा कि सीनियर भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली और रोहित शर्मा का 'आकलन' होगा लेकिन प्रत्येक मैच में उन्हें आजमाना 'बेवकूफी' होगी। रोहित और कोहली ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबले के साथ सात महीने बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी के करीब हैं और इस तरह की अटकलें हैं कि दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया में होने वाले 2027 विश्व कप से पहले इन दोनों पूर्व कप्तानों के प्रदर्शन की प्रत्येक सीरीज में समीक्षा होगी। अगरकर ने 'एनडीटीवी वर्ल्ड समिट' के दौरान कहा प्रत्येक मैच में उन्हें आजमाना बेवकूफाना होगा। जब वे खेलना शुरू कर देंगे तो उनका आकलन होगा लेकिन उनकी जगह खतरे में नहीं है। कुछ हफ्ते पहले शुभमन गिल को नया एकदिवसीय कप्तान घोषित करने के बाद अहमदाबाद में कही गई अपनी बात को दोहराते हुए अगरकर ने एक बार फिर उस टूर्नामेंट के लिए टीम के चयन पर अपनी प्रतिबद्धता से परहेज किया जो अभी दो साल दूर है। इस पूर्व तेज गेंदबाज ने कहा इसका मतलब यह नहीं है कि अगर वे ऑस्ट्रेलिया में रन नहीं बनाते हैं तो उन्हें टीम से बाहर कर दिया जाएगा और इसी तरह अगर वे ऑस्ट्रेलिया में तीन शतक बनाते हैं तो उन्हें 2027 विश्व कप के लिए चुना जाएगा। अगरकर ने यह भी स्पष्ट किया कि कोहली और रोहित ने टेस्ट क्रिकेट छोड़ने का फैसला स्वयं किया था और चयन समिति उनके अनुभव से खुश होती। उन्होंने कहा अगर कोई जगह होती जहां हमें अनुभव की जरूरत होती तो वह इंग्लैंड होता। दोनों दिग्गज खिलाड़ी हैं और उन्होंने हमारे से संपर्क किया था। और एक बार जब उन्होंने फैसला कर लिया तो आपको उनके फैसले का सम्मान करना होगा।



### हेड को रोहित और कोहली के विश्व कप में खेलने की उम्मीद

पर्थ : ऑस्ट्रेलिया के आक्रामक सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड को उम्मीद है कि विराट कोहली और रोहित शर्मा की सीमित ओवरों की महान जोड़ी 2027 में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप तक खेलती रहेगी। रोहित और कोहली के भविष्य को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं और रविवार से शुरू हो रही एकदिवसीय सीरीज में सभी की निगाहें इन दोनों स्टार भारतीय बल्लेबाजों पर टिकी होंगी। भारतीय स्पिनर अक्षर पटेल के साथ मीडिया से बात करते हुए हेड ने कहा कि वह रोहित और कोहली को दो साल बाद होने वाले एकदिवसीय विश्व कप में खेलते हुए देखना चाहेंगे, हालांकि आगामी सीरीज ऑस्ट्रेलिया में उनकी आखिरी सीरीज होने की उम्मीद है।

हेड ने कहा दो स्तरीय खिलाड़ी, सफेद गेंद के दो बेहतरीन खिलाड़ी। शायद विराट सफेद गेंद का सबसे महान खिलाड़ी है। रोहित भी शायद बहुत पीछे नहीं हैं। एक ऐसे व्यक्ति के रूप में जो इसी प्रारूप में पारी का आगाज करता है, रोहित और उनके प्रदर्शन का बहुत सम्मान करता हूं। मुझे यकीन है कि किसी ना किसी मोड़ पर उन्हें उनकी कमी खलेगी।

## फीफा विश्व कप के 10 लाख से अधिक टिकट बिके

मियामी, एजेंसी

फुटबॉल की वैश्विक संचालन संस्था फीफा ने इस महीने की शुरुआत में आधिकारिक तौर पर टिकट बिक्री शुरू होने के बाद से अपने पहले अपडेट में बताया कि अगले साल होने वाले विश्व कप के 10 लाख से अधिक टिकट बिक चुके हैं। उम्मीद के मुताबिक सबसे अधिक मांग अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको के खरीदारों की ओर से रही। ये तीन देश इस टूर्नामेंट की मेजबानी करेंगे। फीफा ने कहा कि 212 अलग-अलग देशों और क्षेत्रों के लोग पहले ही टिकट खरीद चुके हैं जबकि अभी टूर्नामेंट के लिए 48 में से केवल 28 ही टीम तय हुई हैं। फीफा ने कहा कि टिकट खरीदने के मामले में शीर्ष 10 देश में इंग्लैंड, जर्मनी, ब्राजील, स्पेन, कोलंबिया, अर्जेंटीना और फ्रांस भी शामिल हैं। यह टूर्नामेंट 11 जून से 19 जुलाई तक चलेगा।

फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने विज्ञप्ति में कहा दुनिया भर की राष्ट्रीय टीमें ऐतिहासिक फीफा विश्व कप 2026 में जगह बनाने के लिए प्रतिस्पर्धा कर रही हैं और मुझे खुशी है कि इतने सारे फुटबॉल प्रेमी भी उत्तरी अमेरिका में इस ऐतिहासिक टूर्नामेंट का हिस्सा बनना चाहते हैं। उन्होंने कहा यह एक अविश्वसनीय प्रतिक्रिया है

## भारतीय फुटबॉल टीम फीफा रैंकिंग में 136वें स्थान पर लुढ़की

नई दिल्ली : एशियाई कप के क्वालीफाइंग मैच में सिंगापुर के खिलाफ ड्रॉ और हार के बाद भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम शुक्रवार को फीफा रैंकिंग में दो स्थान के नुकसान के साथ 136वें स्थान पर खिसक गई, जो पिछले नौ साल में उसकी सबसे खराब रैंकिंग है।

सिंगापुर के खिलाफ ड्रॉ और हार के बाद टीम की 2027 एशियाई कप के लिए क्वालीफाई करने की उसकी उम्मीदें भी खत्म हो गईं। भारत की अब तक की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग फरवरी 1996 में 94 रही है। भारत ने एशियाई कप क्वालीफाइंग के तीसरे दौर के सिंगापुर को 1-1 से ड्रॉ पर रोका था।



तन्वी शर्मा जापान की साकी मत्सुमोतो से मुकाबला करती हुईं। एजेंसी

## विश्व जूनियर पदक जीतने वालीं तन्वी 17 साल में पहली भारतीय

गुवाहाटी, एजेंसी


तन्वी शर्मा बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप में पदक पक्का करने वाली 17 साल में पहली भारतीय खिलाड़ी बन गई जिन्होंने एक गेम में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए जापान की साकी मत्सुमोतो को हराकर महिला एकल सेमीफाइनल में जगह बनाई।

सोलह वर्ष की तन्वी ने मत्सुमोतो को 47 मिनट तक चले सेमीफाइनल में 13-15, 15-9, 15-10 से हराया। आखिरी बार विश्व जूनियर चैंपियनशिप पदक जीतने वाली भारत की महिला खिलाड़ी साइना नेहवाल थी, जिन्होंने 2008 में पुणे में स्वर्ण पदक जीता था। साइना ने 2006 में रजत पदक जीता था जबकि अर्पणा पोपट ने 1996 में रजत पदक हासिल किया था।

वहीं, आठवीं वरीयता प्राप्त उन्नति हुड्डा दूसरी वरीयता प्राप्त थाईलैंड की अन्यापत फिचित्फोन से 12-15, 13-15 से हारकर बाहर हो गई। उन्नति ओडिशा ओपन सुपर 100 खिताब जीतने वाली सबसे युवा भारतीय बनी थी और भारत की 2022 उबेर कप टीम का भी हिस्सा थी। भारत की भव्या छाबड़ा और विशाखा टोप्पो की जोड़ी चीनी ताइपै के हुंग बिंग फू और चोउ युन अन से 9-15 , 7-15 से हारकर बाहर हो गई।

## श्रीलंका-दक्षिण अफ्रीका मैच में बारिश का खलल

कोलंबो : दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका के बीच शुक्रवार को यहां महिला विश्व कप मैच को मेजबान टीम की पारी के 12वें ओवर के बाद बारिश के कारण रोकना पड़ा। श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी का फैसला करने के बाद दो विकेट पर 46 रन बना लिए हैं। बारिश के कारण खेल रुकने पर हर्षिता समरविक्रम छह जबकि कविशा दिलहारी पांच रन बनाकर खेल रहीं थी। सलामी बल्लेबाजी विश्मी गुणरत्ने 12 रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट हुईं। कप्तान चामरी अटापट्टू और हसिनी परेरा ने अपने विकेट गंवाने से पहले क्रमशः 12 और चार रन बनाए। बारिश बंद होने के बाद दोबारा मैच शुरू हुआ था तो श्रीलंका चार विकेट खोकर 94 रन पर खेल रही थी।




### अंक तालिका

| देश | मैच | जीत | हार | अनिर्णीत | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ऑस्ट्रेलिया | 5 | 4 | 0 | 1 | 9 | 1.818 |
| इंग्लैंड | 4 | 3 | 0 | 1 | 7 | 1.864 |
| द.अफ्रीका | 4 | 3 | 1 | 0 | 6 | -0.618 |
| भारत | 4 | 2 | 2 | 0 | 4 | 0.682 |
| न्यूजीलैंड | 4 | 1 | 2 | 1 | 3 | -0.245 |
| बांग्लादेश | 5 | 1 | 4 | 0 | 2 | -0.676 |
| श्रीलंका | 4 | 0 | 2 | 2 | 2 | -1.526 |
| पाकिस्तान | 4 | 0 | 3 | 1 | 1 | -1.887 |

नासिर हुसैन की सलाह

महिला विश्व कप में भारतीय कप्तान अब तक चार मैचों में बना पाई हैं सिर्फ 71 रन

# हीली की तरह हरमनप्रीत को करना होगा अच्छा प्रदर्शन



नई दिल्ली, एजेंसी

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने शुक्रवार को कहा कि विश्व कप में हरमनप्रीत कौर का प्रदर्शन शानदार रहा है और अब भारतीय महिला टीम की कप्तान को आस्ट्रेलियाई कप्तान एलिसा हीली की तरह प्रदर्शन कर दिखाना होगा।

महिला विश्व कप में अभी तक हरमनप्रीत चार मैचों में 71 रन ही बना सकी है, जबकि स्मृति मंधाना ने 134 और प्रतिका रावल ने 180 रन बनाए हैं। दक्षिण अफ्रीका और आस्ट्रेलिया से दो करीबी मुकाबले हारने के बाद मेजबान टीम तालिका में चौथे स्थान पर है और यहां से हारने पर विश्व कप में सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदों को झटका लग सकता है। भारत को अब इंदौर में रविवार को इंग्लैंड से खेलना है और नासिर हुसैन को उम्मीद है कि मंधाना और रावल का साथ देने के लिये मध्यक्रम अच्छा प्रदर्शन करेगा।



नासिर हुसैन।

हुसैन ने जियो स्टार प्रेस रूम में कहा जैसे कि मैं कह चुका हूं कि हरमनप्रीत का विश्व कप में शानदार रिकॉर्ड रहा है। वह बड़े मैचों में अच्छा खेलती है और अब उसे उसी तरह का प्रदर्शन करना होगा जो पिछले मैच में एलिसा हीली ने आस्ट्रेलिया के लिये किया था। भारतीय कप्तान से भी मुझे वही उम्मीद है।

हुसैन ने यह भी कहा कि उन्हें नहीं लगता कि भारतीय टीम मंधाना और रावल पर ज्यादा निर्भर है। उन्होंने कहा हरलीन देयोल ने अच्छा प्रदर्शन किया है । स्ट्राइक रेट की तुलना करते समय हमें सतर्क रहना चाहिये । पावरप्ले में बल्लेबाजी करते हुए और पावरप्ले में पारी की शुरूआत करते हुए स्ट्राइक रेट ऊंचा रहता है। सात बार की चैम्पियन आस्ट्रेलिया सेमीफाइनल में पहुंच चुकी है और अब तीन स्थानों के लिये भारत, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड में मुकाबला है।

### न्यूजीलैंड की राह मुश्किल करने उतरेगा पाकिस्तान

कोलंबो : अंतिम चार में जगह बनाने की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकी पाकिस्तान की टीम शनिवार को आईसीसी महिला विश्व कप में न्यूजीलैंड के खिलाफ उतरेगी तो उसकी नजरें विरोधी टीम की सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदों पर पानी फेरने पर टिकी होंगी। पाकिस्तान को इंग्लैंड के खिलाफ अपना पिछला मैच बारिश के कारण धुल जाने के कारण गंवाए गए मौकों का मलाल होगा। पाकिस्तान ने बारिश से बाधित 31 ओवर के मैच में इंग्लैंड को नौ विकेट पर 133 रन पर रोका और फिर 113 रन के संशोधित लक्ष्य का पीछा करते हुए 6 .4 ओवर में बिना किसी नुकसान के 34 रन बनाकर अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन बारिश के कारण मैच को अंतत: रद्द करना पड़ा। बारिश के कारण पाकिस्तान की जीत की संभावना खत्म हो गई और वह चार मैच में तीन हार और एक बेनतीजा मैच के साथ अंक तालिका में सबसे निचले पायदान पर है।